दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 20 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक- 14 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सब सिग्नल सब फाटक
मैं तोड़ आया, मैं अपनी पार्टी उत्थे छोड़ आया... गाते हुए कांग्रेस व अन्य दलों के नेता भाजपा में घुसे आ रहे हैं। इसे देखते हुए बहुत जल्द भाजपा मुख्यालय में हाउस फुल का बोर्ड लगाना पड़ सकता है। कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की मुहिम चला रही, भाजपा खुद कांग्रेस युक्त होती जा रही है। मजे की बात यह है कि इन दलबदलुओं के प्रति दरियादिली दिखाई जा रही है। इन्हें नियामतों से नवाजा जा रहा है। ऐसे में निष्ठावान भाजपाई क्या करेंगे? हवन करेंगे, हवन करेंगे, हवन करेंगे...।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा से पहले सियासत और बयानबाजी तेज

दिल्ली से लौटे सीएम साय ने कहा- मिला 11 सीटें जीतने का मंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन था जिसमें शामिल होने के लिए सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव समेत कई नेता दिल्ली गए थे। वापिस लौटने के बाद एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा- महाधिवेशन में छत्तीसगढ़ के सभी मंत्री, विधायक और पदाधिकारी पहुंचे थे। आने वाले चुनाव की तैयारी पर मार्गदर्शन मिला है।

कांग्रेस कर रही अनावश्यक बयानबाजी- डिप्टी सीएम साव

एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस के नेताओं को तोड़ने वाले आरोपों पर कहा कि, कांग्रेस के नेता डरे हुए हैं। बीजेपी को ऐसा काम करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके रहते हुए बीजेपी को किसी अन्य दल के नेता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने कहा अब सबको चुनाव की तैयारी में लगना है और हम प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटें जीतेंगे। इस महाधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधायकों को लालच देने का आरोप बघेल बोले- चुनाव से डरी बीजेपी

रायपुर/नवप्रदेश। आज सदन में विधायकों के तोड़फोड़ का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, मुझे भी विधानसभा में एक विधायक ने इसकी जानकारी दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी ऐसा ही बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि, कांग्रेसी नेताओं को बीजेपी में जाने के लिए फोन आ रहे हैं। उनके इस बयान पर मुहर लगाते हुए पूर्व सीएम

महतारी वंदन योजना के फॉर्म की तिथि बढ़ाए सरकार

महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरने की अंतिम तिथि कल है। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तारीख बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि, फॉर्म भरने की तिथि आगे बढ़ाई जानी चाहिए। कोई भी पात्र महिला फॉर्म भरने से वंचित न रहे। 60 लाख फॉर्म बीजेपी ने भरवाए हैं और उन्हें सीधे पैसा देना था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश बघेल ने कहा कि, आज मुझे भी विधानसभा में एक विधायक ने जानकारी दी है कि, उन्हें लोकसभा टिकट देने और मंत्री बनाने की बात कही गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैज का दावा- आ रहे फोन, कांग्रेस विधायकों को तोड़ने की कोशिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक अलग तरह की हलचल है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज के एक बयान के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राजनीति भी डांवाडोल होती दिख रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के एक बयान के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राजनीति भी डांवाडोल होती दिख रही है। दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दावा किया है कि,

विधायक टूटे तो लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा असर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का रिकार्ड बेहद खराब रहा है। यहां पार्टी 11 में से एक-दो सीट ही जीत पाती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी केवल दो सीटें बस्तर और कोरबा जीत पाई थी, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव के हिसाब से देखा जाए तो पार्टी अभी केवल एक सीट पर जीतने की स्थिति में दिख रही है।

छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए फोन आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मंत्रियों के फोन कांग्रेस नेताओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट में पेशी के कारण स्थगित रहेगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार सुबह मानहानि के एक मामले में सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होना है इसलिए कल सुबह उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा स्थगित रहेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बताया राहुल गांधी को कल 20 फरवरी सुबह सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश जिला न्यायालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। यह मामला चार अगस्त 2018 को एक भाजपा नेता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे से जुड़ा है। उन्होंने बताया भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल सुबह रुक जाएगी और दोपहर 2 बजे अमेठी के फुरसतगंज से फिर अपने 20 फ़रवरी के प्रोग्राम को शुरू करेगी।

अखिलेश ने कांग्रेस को सशर्त 15 सीटों का दिया ऑफर

नई दिल्ली, (एजेंसी)। बीते साल बना आईएनडीआईए अलायंस कई दलों के टूटने और साथ मिलकर चुनाव लडऩे के समझौते न हो पाने के चलते हिचकोले खा रहा है। इस बीच समाजवादी पार्टी ने भी गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस को तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गठबंधन से रालोद के अलग होने के बाद भी अखिलेश यादव कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। फिलहाल उनकी ओर से कांग्रेस को यूपी में 15 सीटें लड़ने का ऑफर दिया गया है। इसके अलावा यह शर्त भी रखी गई है कि इन 15 सीटों के अलावा कांग्रेस किसी अन्य पर अलग से उम्मीदवार नहीं उतारेगी, यदि गठबंधन होता है।

साइकिल से उतरे स्वामी प्रसाद मौर्य ने लांच की अपनी पार्टी: सनातन एवं हिंदू देवी देवताओं को लेकर मुखर रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने साइकिल की सवारी छोड़ते हुए उसकी रफ्तार को डांवाडोल कर दिया है। अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी से पूरी तरह किनारा करते हुए मौर्य ने अपनी अलग पार्टी की लॉन्चिंग का ऐलान किया है। सोमवार को पूर्व भगवाधारी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से अलग होते हुए खुद को समाजवादी पार्टी से दूर कर लिया है।

केंद्र ने दिया ऐसा ऑफर कि शांत हो गए किसान, 5 साल के लिए है प्लान

■ किसान संगठनों का कहना है हम इस प्रस्ताव पर विचार करेंगे और दो दिन बाद इसे लेकर कोई फैसला लेंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सरकार और आंदोलनकारी पंजाब के किसानों के बीच रविवार को देर रात तक बैठक चली। इस दौरान भले ही कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है, लेकिन किसानों के आंदोलन से तात्कालिक राहत जरूर मिल गई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से रूस्क को लेकर 5 साल का एक प्लान किसानों को दिया गया है। अब किसान संगठनों का कहना है कि हम इस प्रस्ताव पर विचार करेंगे और दो दिन बाद इसे लेकर कोई फैसला लेंगे।

इस तरह किसान अब पंजाब एवं हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू और खनौरी बॉर्डर पर ही डटे रहेंगे और दिल्ली-एनसीआर के लिए फिलहाल राहत है। सरकार ने किसानों को जो प्रस्ताव दिया है, उसके तहत अगले 5 साल के लिए कुछ फसलों की MSP पर खरीद की गारंटी दी जाएगी। यही नहीं इस स्कीम के तहत कोई लिमिट नहीं होगी और किसान जितना चाहें, उतना बेच सकते हैं।

अब इसी प्रस्ताव को लेकर किसानों का कहना है कि हम अगले दो दिन तक इसका अध्ययन करेंगे। खुद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि जो प्रस्ताव दिया गया है, उसके तहत एजेंसियां किसानों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान लेंगे विशेषज्ञों की राय

उन्होंने कहा कि यदि फसल विविधता को अपनाना है तो फिर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भरोसा देना होगा। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि वे विशेषज्ञों की राय लेंगे और फिर आगे का फैसला होगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले दो दिनों में सरकार हमारी कुछ और मांगों को भी मान लेगी।

फसल 5 सालों तक एमएसपी पर खरीदी जाएगी

प्रस्ताव के अनुसार, 'नेशनल कॉपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन और नेफेड की ओर से उन किसानों के साथ एक करार किया जाएगा, जो तूवर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल और मक्का की पैदावार करेंगे। ऐसे किसानों की फसलों को अगले 5 सालों तक MSP पर खरीदा जाएगा। इस फॉर्मूले पर पंजाब के सीएम भगवंत भी कुछ हद तक सहमत दिखे।

चक्र घुम चुका है, नया दौर दरवाजे पर दस्तक दे रहा है : पीएम मोदी

संभल (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकास भी, विरासत भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए आज पहली बार भारत उस मुकाम पर है, जहां हम अनुसरण नहीं कर रहे हैं, उदाहरण पेश कर रहे हैं।

कल्कि धाम मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर पीएम मोदी ने सोमवार को कहा आज एक ओर हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर शहरों में हाइटेक इनफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी आज भिलाई सहित 3 आईआईटी का करेंगे उद्घाटन

रायपुर, (एजेंसी)। देश में एजुकेशन सेक्टर में विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा के क्षेत्र में कई नई पहल की शुरुआत की गई है। इसी बीच पीएम मोदी 20 फरवरी को देश में एजुकेशनल सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 13,375 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पन करेंगे।

पीएम मोदी आईआईटी भिलाई, आईआईटी तिरूपति, आईआईटी जम्मू, आईआईटीडीएम कांचीपुरम का उद्घाटन करने वाले है। इसके अलावा, 3 नए आईआईएम का भी उद्घाटन करेंगे। जिसमें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

जम्मू/नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना में बनकर तैयार चिनाब पुल का 20 फरवरी को उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। चिनाब रेलवे ब्रिज दुनिया का सबसे बड़ा स्टील आर्च ब्रिज है। इस पुल की तमाम खासियत हैं जो इसे दुनिया में बहुत ही नायाब बनाती हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

व्यवहारिक प्रशिक्षण के बाद 7 आईपीएस की नवीन पदस्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा (74 आर. आर. बैच) के अधिकारियों का जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण उपरांत नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत नए अधिकारियों में आकाश कुमार शुक्ला आईपीएस 2021, जिला रायपुर से सीटी सीएसपी रायगढ़, चिराग जैन आईपीएस 2021, सरगुजा से सीटी सीएसपी दुर्ग, अमन कुमार रमन कुमार झा आईपीएस 2021, बिलासपुर से सीएसपी रायपुर, रविंद्र कुमार मीणा आईपीएस 2021, बस्तर से कोरबा सीटी सीएसपी, रोहित कुमार साह आईपीएस 2021 कोरबा से सीटी सीएसपी सरगुजा, उदित पुष्कर आईपीएस 2021, रायगढ़ से सीटी सीएसपी जगदलपुर, उमेश प्रसाद गुप्ता आईपीएस 2020, जिला दुर्ग से सीटी सीएसपी बिलासपुर शामिल हैं।

स्टेशन में सेन्ट्रल जीएसटी का छापा, बिना बिल मिला 113 पैकेट पार्सल सीज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन में सोमवार को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापेमारी करते हुए बिना बिल के भेजे गए 113 पैकेट पार्सल जप्त किया है। सूत्रों के मुताबिक ये सभी पार्सल रायपुर रेलवे स्टेशन के दो अलग-अलग एजेंट के नाम पर भेजे गए थे। उन्हें ये पार्सल 1 दर्जन से अधिक व्यापारियों ने बुक करवाकर रायपुर के लिए भेजे थे। सूत्रों के अनुसार ये पार्सल शालिमार एक्सप्रेस से रायपुर आए थे। रायपुर में राधा स्वामी कार्गो के रमन लाल और सचिन जंघेल के नाम पर बुक (बतौर एजेंट के रूप में) होकर रायपुर पहुंचे थे। जैसे ही ये सामान रायपुर रेलवे स्टेशन में उतरा गया टीम ने सीधे छापा मार इसे जप्त किया।

हल्द्वानी में हिंसा करने वालों पर एक और बड़ी चोट, अब कमाई का रास्ता भी बंद

हल्द्वानी, (एजेंसी)। हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हुए उपद्रव में लिप्त पाए गए दंगाइयों पर आर्थिक चोट के बाद अब फिर जोरदार ऐक्शन होने वाला है। दंगे में शामिल करीब 150 लोगों के गौला खनन कार्य में लगे वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद किए जाएंगे। डीएम के आदेश के बाद वन निगम ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस ने किया 54 ऐसे लोगों को चिह्नित : पुलिस ने अभी तक 54 ऐसे लोग चिह्नित कर लिए हैं। दो दिन पहले डीएम वंदना की अध्यक्षता में खनन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। वनभूलपुरा के ज्यादातर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारतीय छात्रों के लिए बुरी खबर

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन में विदेशी छात्रों पर लगाम

दिल्ली, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन, तीनों ही देश अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में कटौती कर रहे हैं। विदेश में पढ़ने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए यह बुरी खबर है। कोविड-19 महामारी के बाद ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन ने बहुत बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को वीजा बांटे।

2021 और 2022 में तो तीनों देशों में रिकॉर्ड संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्र आए। भारतीयों के लिए यह सुनहरा मौका रहा क्योंकि इन तीनों देशों में फिलहाल सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र भारत से गए, लेकिन अब उनके बुरे दिन शुरू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तुर्की सरकार का स्कूलों में पश्चिमी छुट्टियों पर प्रतिबंध

अंकारा, (वार्ता)। तुर्की सरकार ने निजी स्कूलों में हैलोवीन, क्रिसमस और ईस्टर सहित सभी पश्चिमी देशों की (ईसाई त्योहारों की) छुट्टियां मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार के अनुसार ये त्योहार देश के राष्ट्रीय, नैतिक, मानवीय, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत हैं। तुर्की अखबार सबा ने रविवार को बताया कि इस प्रतिबंधात्मक आदेश से हैलोवीन, कैथोलिक क्रिसमस, ईस्टर और अन्य पश्चिमी छुट्टियां प्रभावित होंगी।

गरमा-गरम

सावधान... जल है तो जीवन है- यूएन की एक ताजा रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है

बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे 3 अरब लोग

■ इस सदी के मध्य तक नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उपयोग के लायक नहीं होगी

नई/दिल्ली, (एजेंसी)। अगर हालात में जल्दी बदलाव नहीं हुआ तो 2050 तक तीन अरब लोग ऐसे होंगे जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। यूएन की एक ताजा रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। इस सदी के मध्य तक दुनिया में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे जिनके पास पीने का साफ पानी नहीं होगा।

शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उनका पानी इंसान और वन्य जीवों के लिए असुरक्षित हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है।

ग्लोबल वॉर्मिंग बड़ी चुनौती : रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती मांग और ग्लोबल वॉर्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। प्रदूषण ज्यादा बड़ी समस्या उधर, जर्मनी और नीदरलैंड्स के वैज्ञानिकों ने पाया है कि जिन इलाकों में पानी की कमी का संकट पैदा हो रहा है। वहां नाइट्रोजन प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। वेजनिंगन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुनियाभर में नदियों का आंकलन

दोगुनी मात्रा में प्रदूषण नया अध्ययन नेचर कम्यूनिकेशंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन में दुनियाभर में नदियों का आंकलन किया गया है, जो शहरी आबादी और आर्थिक गतिविधियों के लिए पानी की मुख्य स्त्रोत हैं। इस शोध के लेखकों ने कंप्यूटर मॉडलिंग का इस्तेमाल किया है। उन्होंने पाया कि नदी बेसिन की छोटी ईकाइयां, जिन्हें सब-बेसिन कहा जाता है, वे 2010 के अनुमान से दो गुना ज्यादा मात्रा में पानी की कमी का सामना कर रही हैं और आने वाले समय में यह स्थिति और खराब हो सकती है।

ये अपशिष्ट चीजें कर रहीं जल स्रोत को प्रदूषित

लेकिन हमने पाया है कि जल प्रदूषण एक लगातार बढ़ती समस्या है जिसके कारण पानी कुदरत और इंसानों के लिए असुरक्षित हो रहा है। इंसानी गतिविधियों के कारण बड़े पैमाने पर नाइट्रोजन, पैथोजन्स, केमिकल्स और प्लास्टिक जल संसाधनों को प्रदूषित कर रहे हैं। खासतौर पर खेती में इस्तेमाल होने वाली खाद जल स्त्रोतों में काई जमा करती है जिससे ना सिर्फ जलीय जीवन को नुकसान पहुंचता है बल्कि पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

इजराइल-हमास समझौता : बंधकों की रिहाई की उम्मीद

नई दिल्ली(ए.)। इजराइल की कैबिनेट ने गाजा में जंग को अस्थायी रूप से रोकने और हमास आतंकवादी समूह द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एक समझौते को मंजूरी दी है।

इजराइल की वॉर कैबिनेट ने 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में बंधक बनाए गए महिलाओं और बच्चों समेत 50 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए चार दिवसीय युद्धविराम पर हमास के साथ सहमति हुई है. बदले में हमास ने कहा कि इजराइल अपनी जेलों में बंद 150 फलीस्तीनी महिलाओं और बच्चों को रिहा करेगा. इस्राएल ने कहा है कि वह हमास द्वारा रिहा किए गए हर 10 बंधकों के लिए युद्धविराम को एक अतिरिक्त दिन बढ़ा देगा। इस चार दिवसीय युद्धविराम के दौरान गाजा में राहत अभियान भी संभव हो सकेगा।

पिछले कई हफ्तों से चल रही लड़ाई ने गाजा पट्टी में संकट की स्थिति पैदा कर दी है और फलीस्तीनी नागरिकों को फौरन मदद की जरूरत है।

गाजा में अधिकारियों का कहना है कि इन चार दिनों के दौरान सैकड़ों सहायता ट्रक गाजा पट्टी में पहुंचेंगे, जिनमें मेडिकल सप्लाई के साथ ही पीने का साफ पानी और अन्य बुनियादी जरूरत की चीजें होंगी।

लड़ाई में विराम का मतलब हमास के साथ संघर्ष का अंत नहीं : बेन्यामिन नेतन्याहू

जारी रहेगा युद्ध डील को मंजूरी देने से पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने कहा कि लड़ाई में विराम का मतलब हमास के साथ संघर्ष का अंत नहीं होगा। सोशल मीडिया पर जारी किए गए एक वीडियो में नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक युद्ध जारी रखेंगे जब तक हम अपने सभी युद्ध लक्ष्यों को हासिल नहीं कर लेते, हमास को खत्म करना, सभी बंधकों और लापता लोगों की वापसी और यह सुनिश्चित करना कि गाजा में कोई ऐसा तत्व न हो जो इस्राएल के लिए खतरा हो इजराइली सरकार के बयान के मुताबिक बंधकों को चार दिनों की अवधि में छोटे समूहों में रिहा किया जाएगा। इस दौरान युद्धविराम रहेगा। हमास ने तटीय क्षेत्र में 46 दिनों के खूनी संघर्ष के बाद कतर-मिस्र की मध्यस्थता में बुधवार को इजराइल के साथ चार दिवसीय युद्धविराम समझौते की पुष्टि की है. पिछले 46 दिनों से इजराइली सेना गाजा में मौजूद हमास के आतंकवादी और उसके ठिकानों पर हमले कर रही है। संघर्ष विराम पर प्रतिक्रिया दुनिया के तमाम नेताओं ने इस डील का स्वागत किया है।

धारा 370, 35ए को रद्द करने का फैसला एक भूल : आजाद

जम्मू(वार्ता)। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने रविवार को अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के फैसले को एक भूल करार दिया। प्रांतीय महासचिव महेश्वर सिंह द्वारा यहां पलौरा क्षेत्र में आयोजित एक सार्वजनिक सभा में बोलते हुए श्री आजाद ने विकास के लिए मतदान करने और धर्म के नाम पर विभाजन पैदा करने वाली पार्टियों को खारिज करने के महत्व पर जोर दिया। श्री आज़ाद ने विभाजनकारी राजनीति पर विकास के एजेंडे को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कुछ क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों को स्वीकार किया, लेकिन अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को रद्द करने की आलोचना की और इसे एक भूल करार दिया।

न्यूज गैलरी

शाहजहांपुर में ट्रैक्टर ट्राली पलटी,2 की मौत

शाहजहांपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से उसमें दबकर एक महिला तथा एक बच्ची की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को यूनीवार्ता से बताया कि क्षेत्र के मिर्जापुर - बदायूं मार्ग पर रविवार रात में ट्रैक्टर ट्राली में भरकर श्रद्धालु गंगा स्नान करने जा रहे थे। सभी श्रद्धालु परौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गियूडी गांव के रहने वाले थे। इनका ट्रैक्टर आलू भरे ट्रैक्टर ट्राली से ओवरटेक करने में रोड के किनारे पलट गया। मीना ने बताया की ट्राली के नीचे दबकर अरुणा (40) तथा शिवानी (3) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्राली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

जौनपुर में बस पलटी, 25 घायल

जौनपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जलालपुर क्षेत्र में अयोध्या धाम जा रहे दर्शनार्थियों से भरी लग्जरी बस पलटने से 25 लोग घायल हो गए जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के 63 लोग एक लग्जरी बस में सवार होकर वाराणसी से से अयोध्या दर्शन करने के बाद रामेश्वरधाम जाने वाले थे कि वाराणसी लखनऊ हाइवे पर भवनाथपुर त्रिलोचन गांव के पास बस पलट गई। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए, पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से पहले स्थानीय अस्पताल रेहटी पहुंचाया गया, उसके बाद ज्यादा चोट ज्यादा देखते हुए जौनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो सौ ग्राम हेरोइन के साथ 1 गिरफ्तार

जालंधर(वार्ता)। पंजाब में जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने 200 ग्राम हेरोइन के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार करके नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

अमेरिका में पहली बार महिला नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। अमेरिकी नौसेना में एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी की ऐतिहासिक पदोन्नति का मतलब है कि वह देश की नौसेना की कमान संभालने के साथ-साथ ज्वाइंट चीफऑफस्टाफ के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला बन गई हैं.अमेरिकी सीनेट ने देश की नौसेना का नेतृत्व करने के लिए एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी के नामांकन की पुष्टि करने के लिए मतदान किया, जिससे वह शीर्ष अमेरिकी नौसेना अधिकारी बनने के साथ-साथ ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के सदस्य के रूप में सेवा देने वाली पहली महिला बन गई हैं. नौसेना संचालन प्रमुख×स39; के पद के लिए मंजूरी दे दी गई. सीनेट के 95 सदस्यों ने पक्ष में और एक ने विपक्ष में मतदान किया। हालांकि, उनकी ऐतिहासिक पदोन्नति में महीनों की देरी हुई. प्रमोशन में महीने लगे जब राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस साल जुलाई में इस पद के लिए उनका नाम चुना, तो फ्रैंचिटी वरिष्ठ जनरलों और ध्वज अधिकारियों की एक लंबी सूची में शामिल हो गई, जिनकी पदोन्नति एक रिपब्लिकन सीनेटर द्वारा रोक दी गई थी. पेंटागन की नीति है कि अगर कोई सैन्यकर्मी गर्भपात कराना चाहता है, तो उसे उस राज्य की यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी ।

कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के हाईकोर्ट में सरकार के खिलाफ सुनवाई

सीएम सिद्दारमैया को राहत, एससी ने आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाई

नई दिल्ली(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं पर 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामला शुरू किया गया है, आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली श्री सिद्दारमैया और अन्य की याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने उच्च न्यायालय के आपराधिक कार्यवाही पर रोक के साथ-साथ याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने की राशि पर भी रोक लगा दी।

शीर्ष अदालत ने इस मामले के अन्य आरोपियों और मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडलीय सहयोगियों एमबी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी राहत दी। पीठ ने याचिकाओं पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में अपना पक्ष रखने का भी निर्देश दिया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और सिद्धार्थ लूथरा ने दलील देते हुए कहा कि लोकतंत्र में बोलने और विरोध की स्वतंत्रता का अधिकार सर्वोपरि है। ऐसे प्रदर्शन के लिए आपराधिक मुकदमा चलाया जाना गैरसंवैधानिक है। वरिष्ठ वकीलों ने मुख्य तौर पर कहा कि नागरिकों के इकट्ठा होने और विरोध करने का अधिकार केवल तभी प्रतिबंधित किया जा सकता है, जब सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हो, न कि कानून व्यवस्था। उन्होंने कहा,सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ बिना किसी आपराधिक इरादे के शांतिपूर्वक किए गए राजनीतिक विरोध को दबाया नहीं जा सकता। याचिकाकर्ताओं ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनके साथ कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

संदेशखाली: लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर स्टे

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुकांत मजूमदार के जख्मी होने कि उनकी शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष चल रही कार्यवाहियों पर सोमवार को रोक लगा दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राज्य के आला अधिकारियों पर कोई कार्रवाई करने पर रोक लगाते हुए लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

गौरतलब है कि समिति ने श्री मजूमदार शिकायत पर कार्यवाही करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, राज्य के पुलिस महानिदेशक और बशीरहाट के जिलाअधिकारी और पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा था।

पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख मजूमदार ने पिछले सप्ताह बुधवार को हुई घटना में चोट लगने, क्रूरता और जानलेवा हमले का दावा किया था। उनकी इस शिकायत पर विशेषाधिकार समिति ने कार्यवाही करते हुए 15 फरवरी को अधिकारियों को नोटिस जारी किया था।

शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही की वैधता पर सवाल उठाते हुए दलील दी कि शिकायतकर्ता सांसद की ओर से किए गए विरोध का संसदीय कर्तव्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि एक वीडियो साक्ष्य से पता चला है कि शिकायतकर्ता ने खुद पुलिस कर्मियों को धक्की दी थी। वकील ने यह भी तर्क दिया कि सीआरपीसी की धारा 144 पहले ही लागू कर दी गई थी।

शिवाजी की प्रतिमा लगाने को लेकर बवाल, दो गुटों के बीच ठनी

पणजी। गोवा के मडगांव कस्बे के समीप एक गांव में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद हो गया। कुछ लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की जिसे लेकर दूसरे समूह की ओर से आपत्ति जताई गई। इससे दोनों गुटों में कहासुनी हुई और इलाके में तनाव फैल गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती के अवसर पर राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारी ने बताया कि रविवार को साओ जोस डी एरियाल गांव में शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसके बाद दो समूहों के बीच विवाद हुआ।

पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने बताया, 'हालात काबू में है और गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।' गोवा के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फलदेसाई ने रविवार को गांव का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रतिमा एक निजी भूमि पर स्थापित की गई थी। स्थानीय पंचायत से सभी तरह की अनुमति लेकर उपजिलाधिकारी को सूचित किया गया था। उन्होंने बताया, 'छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कुछ राजनीतिक ताकतें स्थानीय लोगों को प्रतिमा की स्थापना के खिलाफ भड़का रही हैं।'

'सांप्रदायिक राजनीति करने का मकसद'

भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता सेवियो रोड्रिग्स ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'एक भारतीय ईसाई होने के नाते मेरे मन में हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी के योगदान के प्रति बेहद सम्मान है।

अश्वमेध यज्ञ स्थल में साहित्य स्टाल व अस्पताल का शुभारंभ

नवी मुंबई/नवप्रदेश। 21 से 25 फरवरी तक होने जा रहे अश्वमेध महायज्ञ स्थल में देश विदेश से पच्चीस हजार से अधिक गायत्री परिवार के स्वयंसेवी पहुंच चुके हैं। जिस तरह त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम के रीछ-वानरों ने अपने श्रम से रामसेतु का निर्माण कार्य किया था, उसी तरह इस युग के श्रीराम के अंग अवयव उत्साह से सराबोर हो अश्वमेध महायज्ञ क्षेत्र में निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। दिन भर कड़ी मेहनत करने के बाद भी साधकों के चेहरे पर एक विशेष चमक-संतोष झलकता है। वहीं गायत्री परिवार के हजारों स्वयंसेवक जब अपने प्रेरणा स्रोत और अश्वमेध महायज्ञ का नेतृत्व करने वाले युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या से मिलते हैं, तो उनकी मानो सारी थकान दूर हो जाती है। डॉ चिन्मय पण्ड्या ने अश्वमेध महायज्ञ स्थल क्षेत्र में सोमवार को जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाने वाले सत्साहित्य स्टाल का शुभारंभ किया। युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा सफल जीवन जीने के सूत्र, समस्त समस्याओं का समाधान, समस्त भारत के अजस्र अनुदान से लेकर आत्मिक व आध्यात्मिक विकास के अनेक विषयों पर रचित 3200 से अधिक पुस्तकें इस स्टाल से प्राप्त की जा सकती हैं। यहां कुल 13 भारतीय भाषाओं तथा 3 विदेशी भाषाओं में साहित्य उपलब्ध है। इसके साथ ही डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं शरद पारधी, डॉ सुधीर चटर्जी आदि ने अश्वमेध महायज्ञ स्थल में गायत्री परिवार व हीरानंदानी ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से संचालित सर्वसुविधायुक्त अस्पताल का उद्घाटन किया। यहां 20 बेड वाले इस अस्पताल में 70 सदस्यीय चिकित्सकीय टीम सहित अन्य सुविधाओं से युक्त है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का उपचार किया जाएगा।

सजने लगा अश्वमेध महायज्ञ नगर, वासंती उल्लास से हुआ सराबोर

नवी मुंबई/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित मुंबई अश्वमेध महायज्ञ का भव्य आयोजन का बिगुल बज चुका है।

अश्वमेध महायज्ञ नगर में 1008 हवन कुंड तैयार हो गए हैं और सैकड़ों भाई बहिन रंग रोगन में जुटे हैं। वहीं महायज्ञ के संचालन करने वाली उच्च प्रशिक्षित टीम मुंबई पहुंच चुकी है। टीम में अर्ध्यवु, होता, उद्गाता आदि शामिल हैं। इसमें यज्ञाचार्य भाई के साथ ब्रह्मवादिनी बहिनें भी यज्ञ संस्कार आदि करवाएंगी।

अश्वमेध महायज्ञ के नेतृत्व करने वाली कोर समिति के प्रमुख डॉ चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि लंबी साधना के बाद यज्ञाचार्य एवं यज्ञाचार्या बहिनें तैयार होती हैं। तब ब्रह्मणांच्छी, अर्ध्यवु होता, उद्गाता आदि तैयार हो पाते हैं। उन्होंने बताया कि अश्वमेध महायज्ञ 1008 कुंड में होंगे, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है, जिसमें एक साथ एक कुंड में 10 व्यक्ति हवन करेंगे।

म्यांमार के नागरिकों ने नशे में की भारत की समुद्री सीमा में घुसपैठ, चट्टान से टकराई नाव, 6 की मौत

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सुदूर नारकोंडम द्वीप में म्यांमार के छह शिकारियों के शव पाए जाने के मामले में पुलिस जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि 12 फरवरी को पड़ोसी देश से 10 लोग समुद्री संपदा इकट्ठा करने के लिए अवैध रूप से भारतीय जल सीमा में घुस गए थे।

म्यांमार के उन 10 लोगों में छह की मौत भूख और नशे के कारण हो गई। वहीं, अन्य दो घने जंगल में लापता हो गए और दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार किए गए एक शिकारी से पूछताछ के बाद यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। शनिवार को नारकोंडम द्वीप के जंगल के किनारे छह शव पाए गए थे। बता दें कि नारकोंडम द्वीप म्यांमार के कोको द्वीप से केवल 126 किमी ही दूर है।

चट्टान से टकराया था शिकारियों का नाव

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान एक शिकारी ने बताया कि जब वे लिटिल कोको द्वीप पर थे, तब उन्हें चार से छह बोतलें मिली, जिसमें स्प्रिट होने का संदेह था। इस पूरी यात्रा के दौरान अन्य साथियों ने उसका सेवन किया, जिसके बाद मास्टर मायो ल्विन ऊ और आठ अन्य सदस्य अस्वस्थ्य हो गए। बाकी सदस्यों के नशे में और रात का समय होने के कारण अंधेरे में उनका नाव एक चट्टान से टकरा गया था। एक अधिकारी ने बताया, 'वे मोबाइल फोन, कुछ राशन सामग्री और शराब सहित अपना सामान अपने साथ लेकर वहां से निकल गए। अगली सुबह 13 फरवरी को, वे तटीय क्षेत्र को छोड़कर द्वीप के ऊपरी भूमि क्षेत्र में पहुंच गए। दो लोगों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।' बताया जा रहा है कि चट्टान से टकराने के कारन उनका अनाज भी नष्ट हो गया था।

समुद्री संपदा के लिए भारतीय जल सीमा में घुसे म्यांमार के नागरिक

पुलिस के सूत्रों ने बताया कि म्यांमार के इन नागरिकों को लाबुट्टा के निवासी क्यॉ जार विन ने काम पर लगाया था। उसने नागरिकों को अग्रिम भुगतान के साथ उनकी यात्रा के लिए पानी और ईंधन जैसी आवश्यक आपूर्ति की व्यवस्था भी की थी। वे अंडमान और निकोबार द्वीप में समुद्री संपदा की खोज में दो फरवरी को म्यांमार के एइयारवेडी से रवाना हुए। उनके पास 200 किलो चावल, 1000 लीटर डीजल और अन्य आवश्यक चीजें भी थी। पांच फरवरी को वे म्यांमार के खुले सागर में पहुंचे और वहां से उन्हें कोको द्वीप में पहुंचने के लिए दो दिन लगा। कोको द्वीप में 11 फरवरी तक रुकने के बाद उन्होंने अपनी यात्रा फिर से शुरू की। 12 फरवरी को रात के 10 बजे वे अंडमान और निकोबार द्वीप पहुंचे।

सुशांत मामले में जागा मीडिया का जज



नई दिल्ली। सुशांत राजपूत की मौत पर एक व्हाट्सऐप चर्चा में घुसकर कैसे मैं एक अंतहीन गड्ढे में गिरता चला गया. कोरोना की सारी चिंताओं को भुलाकर लोग इस मामले की चर्चा में लगे हैं. मीडिया मामले का फायदा उठाने में लगा है.बगल में रखे मेरे मोबाइल की टेक्स्ट मैसेज की रिंगटोन आज कुछ ज्यादा ही बज रही है. उठाकर देखता हूं तो पता चलता है कि कजन भाई-बहनों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर बहुत हलचल हो रही है।

न्यूज गैलरी

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स कमेटी की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स समिति की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा गई। इसी तरह राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की उप समिति द्वारा अनुशंसित जल प्रदाय योजनाओं अद्यतन स्थिति के साथ समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आवश्यक समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्र और आश्रम शालाओं में रनिंग वाटर के तहत जलापूर्ति करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी तरह से जल-जीवन मिशन के अंतर्गत हर-घर नल से जल के तहत वर्ष 2023-24 की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि समुदाय आधारित एक स्त्रोत योजना के तहत धमतरी, जशपुर, कोरबा, महासमुंद और नारायणपुर की करीब 451 बसावटों में निवासरत परिवारों के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु कार्यवाही की जा रही है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, मिशन संचालक जल-जीवन मिशन श्री सुनील जैन, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एम.एल.अग्रवाल सहित ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

अभ्यावेदनों पर 21 को समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रचलित प्रक्रिया के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदनों की समीक्षा किये जाने के संबंध में शासन द्वारा समिति का गठन किया गया है। 9 फरवरी तक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) में अभ्यावेदन जमा करने वाले आवेदकों में से यदि कोई आवेदक प्रकरण के सम्बन्ध में समिति के समक्ष अपना पक्ष रखना चाहे तो 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे संचालनालय तकनीकी शिक्षा, चतुर्थ तल, ब्लॉक-तीन, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर में उपस्थित हो सकता है।

कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने के खिलाफ पूरे प्रदेश में प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बैंक में स्थित सभी प्रकार के खातों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के आधार केन्द्र सरकार द्वारा फ्रिज कर दिया गया है, जिसकी वजह से कांग्रेस का रोज का वित्तीय लेन देन प्रभावित हुआ है। केंद्र के खिलाफ आज पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र में पदस्थ बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात करार दिया। ज्ञातव्य है कि कांग्रेस ने बीजेपी पर विपक्ष के दमन के लिये केंद्रीय एजेंसियों के प्रयोग का आरोप लगाया है। उक्त प्रदर्शन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में आयकर ऑफिस के सामने किया।

विद्यालयों में कृषि शिक्षक के पदों में भर्ती की मांग

- एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यालयों में कृषि शिक्षक के पदों में भर्ती की मांग को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। अभाविप द्वारा स्कूल शिक्षा एवम् उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जी से प्रदेश के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों मे कृषि संकाय प्रारम्भ करने और कृषि शिक्षक के रिक्त पदों मे बढ़ोतरी करने, साथ में प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भी कृषि संकाय प्रारम्भ कर कृषि शिक्षकों की भर्ती करने मांग की की गई। प्रदेश के विद्यालयों में संचालित 'कृषि संकाय' के पाठ्यविवरण बहुत पहले के बनाए हुए है, जिसे वर्तमान आवश्यकता एवं आधुनिक कृषि के अनुरूप संसोधन करने की मांग भी की गयी। जिस पर माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सकरात्मक कार्यवाही करते हुए कृषि शिक्षक के पदों पर भर्ती करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि, पिछली सरकार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कृषि छात्रों के रोजगार के विषय को प्रमुखता से उठाया था। कृषि छात्रों ने पांचो संभाग के युवा संवाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रोजगार के विषय में घेरा था।

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य होने के बाद भी प्रदेश के बहुत कम विद्यालयों में 'कृषि संकाय' के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ऐसे में भविष्य में कृषि स्नातक' की शिक्षा प्राप्त कर कृषि के क्षेत्र में योगदान देने का लक्ष्य रखने वाले विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है। वहीं अभाविप एग्रीविजन के प्रदेश संयोजक निखिल तिवारी ने कहा कि, कृषि क्षेत्र में रोजगार के विषय को लेकर अभाविप कृषि विद्यार्थियों के साथ लगातार दो वर्षों से संघर्ष कर रही है, नयी सरकार से आशा है की कृषि शिक्षकों के समस्त रिक्त पदों मे भर्ती की जाएगी।

भाजपा जो बोलती है वो ज़रूर करती है कांग्रेस पार्टी अपनी चिंता करे : वर्मा

- महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है ये मोदी की गारंटी है
- जनता बहुत जल्द ये कहने ना लगे कि एक थी कांग्रेस-महामंत्री भरत लाल वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महामंत्री भरत लाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मातृ वंदन योजना पर दिए गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मातृ शक्ति से जो वादा किया गया हैं उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा क्योंकि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दी गई गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी जो बोलती हैं उसे ज़रूर पूरा करती है कांग्रेस की तरह नहीं जो वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हाथों में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़ में महिलाओं से शराबबंदी करने का वादा किया था और सत्ता मिलते ही अपना वादा भूल गए और पांच साल सत्ता की मलाई खाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महिलाओं की चिंता हो रही हैं। दरअसल महतारी वंदन योजना को मिल रहा रिस्पॉन्स को देखकर सारे कांग्रेसी नेताओं के सीने में सांप लोटने लग गया हैं और बौखलाहट वश अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ये इनकी हताशा को स्पष्ट रूप से दर्शाया रहा है । महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है ये मोदी की गारंटी । प्रदेश में इस योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा आवेदन किया जा रहा हैं 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन द्वारा शिविरों में महिलाओं से आवेदन पत्र भरवाए जा रहें हैं अब तक 70 लाख के आसपास आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है।

राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन एवम ऑफलाइन माध्यम से आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना लागू की गई है आगामी मार्च महीने से पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा।

प्रतिवर्ष 12 हज़ार रुपए की सहायता राज्य सरकार द्वारा पात्र महिलाओं को दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी महामंत्री भरत लाल वर्मा ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपनी कांग्रेस पार्टी की चिंता करनी चाहिए क्योंकि जिस प्रकार इंडी एलायंस के घटक दल एवम वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं कहीं ऐसा न हो देश की जनता बहुत जल्द ये कहने ना लगे कि एक थी कांग्रेस.....?

जेम पोर्टल से 10,000 करोड़ से अधिक की खरीद करने वाली पहली कोयला कंपनी बनी एसईसीएल

जेम से खरीद में एसईसीएल सभी कोल कंपनियों में सबसे आगे

रायपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक भारत सरकार के जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल से 12,284 करोड़ से अधिक की खरीद कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और ऐसा करने वाली यह देश की पहली कोयला कंपनी है। कंपनी द्वारा की गई यह खरीद कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक है। अप्रैल 2024 से अब तक कंपनी ने 1000 करोड़ से अधिक के उत्पाद एवं 11,284 करोड़ से अधिक की सेवाओं का क्रय किया है। कंपनी के इस वित्तीय वर्ष के जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय का लक्ष्य लगभग 3310 करोड़ था लेकिन कंपनी ने इससे कहीं आगे बढ़ते हुए लक्ष्य के मुक़ाबले 317% अधिक खरीद की है। कोयला मंत्रालय द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अब तक 63,000 करोड़ से अधिक की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की गई है और इसमें लगभग 1/5वां हिस्से का योगदान एसईसीएल ने दिया है। जेम पोर्टल के माध्यम से एसईसीएल द्वारा कोयला उद्योग से जुड़े उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय किया गया है जिसमें नट-बोल्ट से लेकर खदानों में प्रयुक्त होने वाली बड़ी एचईएमएम (हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी) मशीनें जैसे 240 टन डंपर, 42 क्यूबिक मीटर शॉवेल, डोजर, ग्रेडर आदि शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी, वे ब्रिज, इलेक्ट्रोनिक्स एवं दूरसंचार, आईटी, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल, एवं दैनिक उपयोग से जुड़े विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से कर रही है। कंपनी द्वारा प्रयोग में ली जाने वाली उन सभी चीजों का शत-प्रतिशत क्रय जेम पोर्टल से किया जा रहा है जो जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं। किसी उत्पाद की उपलब्धता जेम पोर्टल पर न होने की स्थिति में कंपनी जेम पोर्टल के प्रावधानों के अनुसार कस्टम बिडिंग के माध्यम से उनका क्रय कर रही है। जेम पोर्टल सरकारी खरीद-फरोख्त के लिए बनाया गया एक ऑनलाइन पोर्टल है। 2016 में शुरू किए गए इस पोर्टल का लक्ष्य सरकार एवं उसके उपक्रमों द्वारा की जाने वाली ख़रीदारी को कुशल, पारदर्शी और समावेशी बनाना है। पिछले वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 923 करोड़ रुपए की वस्तुओं की खरीद जेम से माध्यम से की गई थी और इस वर्ष भी कंपनी एक बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

GeM Government e Marketplace — Efficient • Transparent • Inclusive

राज्यपाल श्री हरिचंदन से एनआईटी निदेशक राव ने मुलाकात की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी रायपुर के निदेशक डॉ. राव ने सौजन्य मुलाकात की।

सड़क पर बिना हेलमेट गाड़ी चलाते दिखे पुलिस जवान तो खैर नहीं : संतोष सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए एसपी रायपुर ने सभी पुलिस के जवानों को हैलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए है।

रायपुर पुलिस कप्तान संतोष सिंह ने जिला पुलिस बल के जवानों, अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रैफिक नियम का शख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने सभी को यह कहा है कि यदि ट्रैफिक नियम की अवहेलना करते हुए कोई भी कर्मचारी या फिर अधिकारी पाए गए तो उन पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने परवाना जारी करते हुए यह लिखा है कि सभी पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ-साथ जब भी वह दो पहिया वाहन चलाएं तो उस दौरान हेलमेट जरूर पहनें। इसके अलावा जब भी चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करें तो सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। अगर वह इन नियमों का पालन नहीं करते हैं और पकड़े जाते हैं, तो उन पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि बीते दिनों रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा ने रायपुर में क्राइम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली थी। इस बैठक में रायपुर शहर में ट्रैफिक नियमों को पालन करने के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इस विषय पर सोच विचार कर पाया गया है कि आम नागरिकों से पहले पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों का पालन करवाना बेहद जरूरी है।

ऐसा करने से आम नागरिकों और पुलिस के बीच आदर्श स्थापित करने में मदद मिलेगी। जिसे लेकर एसपी संतोष सिंह ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि खुद पुलिसकर्मी सड़क नियमों का पालन न करें। सबसे पहले पुलिस के जवानों और अधिकारियों को नियमों के पालन करने की जरूरत है।

आम लोगों को नियमों का पालन करने के लिए खुद को आदर्श के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है।

"महिला सुरक्षा विषय पर कार्यशाला प्रारंभ"

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो बीपीआरएण्डडी के निर्देशानुसार महिला सुरक्षा एवं उनके विरूद्ध घटित अपराध के प्रति प्रदेश के पुलिस अधिकारियों को जागरूक करने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी में दिनांक 19. 02. 2024 से 23. 02. 2024 तक 05 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों के थानों में पदस्थ 33 विवेचक अधिकारी सम्मलित हो रहे हैं, जिन्हें बीपीआरएण्डडी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कार्यशाला का उद्घाटन अकादमी के निदेशक, श्री रतन लाल डांगी द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहने हेतु कहा क्योंकि जब शरीर और मन की दूरी जितनी कम होगी तनाव उतना ही कम होगा और हम इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीख सकेंगे। प्रत्येक पुलिस अधिकारी को अपने आप पर गर्व होना चाहिए क्योंकि पुलिस ऐसी सेवा है जिसमें कमजोर तबके के लोगों, महिलाओं, बच्चों एवं सभी वर्ग के लोगों की मद्द करने का मौका मिलता है। समाज में शोषित एवं कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिये विभिन्न कानून बनाये गये हैं, जिनका उपयोग विवेचक अधिकारी अपनी विवेचना के दौरान करके अपराधी को सजा दिलाता है और पीड़ित को न्याय। जिस तरह डॉक्टर जो कि बीमार लोगों का उपचार कर उन्हें जीवनदान देता है और भगवान का अवतार कहलाता है, उसी तरह प्रत्येक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी पीड़ित को न्याय दिलाकर भगवान का अवतार कहलाता है। कोई भी व्यक्ति अपने मन की बात, दुखः, पीड़ा सभी से साझा नहीं करता लेकिन पुलिस के पास एक विश्वास के साथ आकर अपनी बात कहता है। पुलिस एक ऐसी संस्था हैं जिस पर लोगों को सबसे ज्यादा विश्वास होता है। कभी-कभी पुलिस की आलोचनायें होती हैं, इससे हमें उदास नहीं होना है। हमें पीड़ित को हमेशा न्याय दिलाने की दिशा में संवेदनशील होना है। हमें सदैव समाज की आवश्यकता बनकर रहना चाहिए तभी हमारा महत्व बढ़ेगा और यह तब होगा जब हमारे अन्दर सहनशीलता की भावना होगी। मां, बहन की पीड़ा को समझेंगे, उनकी भावना को समझेंगे और उनकी बात को धैर्य पूर्वक सुनेंगे और उन्हें न्याय के लिये विश्वास दिलायेंगे। पीड़ित को न्याय दिलाने की शुरूआत एफआईआर से होती है। एफआईआर लेखन दौरान विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता होती है, छोटी सी प्रविष्टि के छूट जाने से लगाये गये कानूनी धारायें प्रभावित होती हैं। अपराधी के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया का पालन कर, वैज्ञानिक तरीकों से साक्ष्य संकलित कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके और अपराधी को साक्ष्य ब्रेक होने पर किसी प्रकार के संशय का लाभ न मिल सके और सजा मिले। यदि अपने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी रखना चाहते हैं तो इस विषय पर गंभीरता से त्वरित कार्यवाही करने की जरूरत है। कोई भी पीड़ित महिला या बच्चा हमारे थाने में आता है तो उससे बहुत सभ्य भाषा शैली से संवाद करें, किसी भी प्रकार का गलत कमेंट न करें। हमारी भाषा शैली हमारे व्यक्तित्व एवं संस्कार को प्रदर्शित करते हैं। पीड़ित के सामने हमारी भाषा बहुत नपे-तुले होने चाहिये, लोगों के हिम्मत बढ़ाने वाला शब्द होना चाहिए। इस कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को इस विषय पर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करने की मंशा हमारी और बीपीआरएण्डडी की है, जो यहां से प्राप्त प्रशिक्षण का लाभ न केवल अपनी विवेचना के दौरान उठायेंगे अपितु अपने थानों में अपने अधीनस्थों को साझा कर उन्हें भी इस प्रशिक्षण का लाभ पहुंचायेंगे। इस पाँच दिवसीय कार्यशाला में सभी पुलिस अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित क़ानूनी प्रावधानों में नवीनतम संशोधनों एवं वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा।

राज्य में 110 लाख 54 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 121 लाख 66 हजार 764 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 110 लाख 54 हजार 754 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

रायपुर/नवप्रदेश। सहायता केंद्र में आज मंत्री रामविचार नेताम के स्थान पर मंत्री केदार कश्यप माजूद रहे।

होटल, लॉज, ढाबा, कैफे एवं बार की पुलिस जांच

- संचालकों को दिये गये निर्देश, नियमों का पालन नहीं करने वालों पर की गई कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत स्थित मरीन ड्राईव पास होटल रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस बलों को लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार की चेकिंग हेतु ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षकगण के नेतृत्व में थाना प्रभारियों, थानों का बल सहित यातायात पुलिस के बल द्वारा थाना तेलीबांधा, माना एवं मंदिर हसौद क्षेत्र में स्थित होटल, लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार की आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों को सही समय में बंद करने, सर्विस रोड में वाहन की पार्किंग नहीं कराने तथा नियमों का पालन करने संबंधी चेकिंग की गई। इसके साथ ही उक्त संस्थानों में नशा कर हुडदंग करने वालों तथा किसी प्रकार का कोई सूखा नशा तो ग्राहकों को परोसा नहीं जा रहा है, की भी चेकिंग की गई। हाईवे रोड में स्थित ढ़ाबा जहां लोग सर्विस रोड में अपनी वाहनों को पार्किंग कर यातायात बाधित करते है, ऐसे ढ़ाबा संचालकों को वाहनों को सर्विस रोड़ में पार्किंग नहीं कराने संबंधी चेतावनी दी गई तथा ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की गई। साथ ही संचालकों को कहा गया कि ढ़ाबों में गार्ड अथवा बाउंसर रखें जो वाहनों को सर्विस रोड़ में खड़ी ना होने दे जिससे यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। होटल, लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार के संचालकों को नियमों का पालन करने तथा निश्चित समयावधि में संस्थानों को अनिवार्य रूप से बंद करने सख्त निर्देश दिये गये। इसके साथ ही शराब पीकर दोपहिया/चारपहिया वाहन चलाने वालों तथा नशा कर व्ही.आई.पी. रोड़ के आसपास हुडदंग करने वालों के विरूद्ध भी अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं हुडदंग करने वाले कुछ व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई।

सुविचार

प्रेम बांटा गया तो रामायण लिखी गई और संपी बांटी गई तो महाभारत। कल भी यही सत्य था, आज भी यही सत्य है। - अज्ञात

संपादकीय

टकराव का रास्ता ठीक नही

संयुक्त किसान एक सप्ताह से एमएसपी की गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत है। किसान संगठनों के आव्हान पर पंजाब सहित कुछ अन्य राज्यों के किसान दिल्ली कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन दिल्ली के बॉर्डर पर पुलिस ने अवरोध खड़ा कर के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी है। जिसकी वजह से किसान दिल्ली में घुस नहीं पा रहे हैं। इसी वजह से पुलिस और किसानों के बीच रह रह कर झड़प हो रही है। आंदोलनरत किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को अश्रु गैस का उपयोग करना पड़ रहा है। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान युनियन ने भारत बंद का आव्हान ही किया। जिसका सिर्फ पंजाब में ही असर देखा गया। देश के अन्य राज्यों में इस बंद का कोई असर नहीं पड़ा। वैसे भी इस बार का किसान आंदोलन सिर्फ पंजाब के किसानों का आंदोलन ही नजर आ रहा है। देश के अन्य प्रदेशों के किसानों ने इस आंदोलन से दूरी बना ली है। इसके बावजूद केन्द्र सरकार किसानों के आंदोलन को गंभीरता से ले रही है और उनके साथ लगातार केन्द्र के तीन मंत्री वार्ता कर रहे हैं। तीसरी बार किसान संगठनों के नेताओं कू साथ हुई बातचीत में सकारात्मक वार्ता हुई है। सरकार ने किसानों की अधिकांश मांगे मान भी ली है और अब चार खाद्यान्नों की एमएसपी पर खरीदी करने का भी आश्वासन दिया है। तीन तरह की दालें, मक्का और कपास की भी एमएसपी पर खरीदी की जाएगी। इसके लिए कोई मात्रा निर्धारित नहीं की गई है। किसान जितना चाहे उतना उत्पाद बेच सकेंगे। सरकार के इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए किसान संगठनों ने दो दिनों का समय मांगा है। उसके बाद ही यह तय होगा कि किसानों का यह आंदोलन समाप्त होता है या और आगे बढ़ता है। बॉर्डर पर अभी भी बड़ी संख्या में किसान जमें हुए हैं। और वे किसान संगठनों के नेताओं के अगले आदेश की प्रतिक्षा कर रहे हैं। वैसे तो यही उम्मीद की जा रही है कि किसान संगठन वार्ता के जरिए ही समस्या का समाधान करेंगे। लेकिन इस किसान आंदोलन को उग्र बनाने के लिए कुछ राजनीतिक पार्टियां कवायद में लगी हुई हैं। इन विपक्षी पार्टियों के लिए किसान आंदोलन एक बड़ा मुद्दा बन गया है। और इसे लेकर वे लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को घेरने की तैयारी में हैं। ऐसी राजनीतिक पार्टियां जो किसानों के कंधे पर रखकर बंदूक चलाना चाहती हैं। वे तो यही चाहेंगी की किसानों का यह आंदोलन लंबा चले और आगे यह और ज्यादा उग्र होता जाए। ताकि इन राजनीतिक पार्टियों को इसका चुनाव में लाभ मिल पाए। किसान संगठनों को समझना चाहिए की उन्हे सरकार ही न्याय दे सकती हैं। किसान आंदोलन को समर्थन देने और उनकी मांग को पूरा करने का झूठा आश्वासन देने वाली पार्टियां सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करना चाहती हैं। किसानों को ऐसे अवसरवादी नेताओं के हाथों की कठपुतली बनने से बचना चाहिए और टकराव का रास्ता छोड़कर सरकार के साथ वार्ता करनी चाहिए। टकराव का रास्ता ठीक नहीं है। इससे कुछ भी हासिल नहीं होगा। सरकार के साथ बातचीत से ही समस्या का समाधान होगा।

हिंसा का रास्ता छोड़ें नक्सली

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील की है और उनके साथ शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है। नक्सली संगठनों को चाहिए की वे छत्तीसगढ़ प्रदेश और खासतौर पर आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढे हिंसा से न तो पहले भी कुछ हासिल हुआ है और ना ही आगे कभी हासिल होगा। जबसे छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन हुआ है। तभी से बस्तर में नक्सली हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। और सरकार ने भी अब नक्सलियों के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। जिसकी वजह से नक्सली संगठन अब अपना अस्तित्व बचाने के लिए बौखलाहट में हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शांति वार्ता के प्रस्ताव के मध्य ही नक्सलियों ने सीएएफ के कंपनी कमांडर की हत्या कर दी यदि नक्सली इसी तरह हिंसक वारदातो को अंजाम देते रहेंगे तो राज्य और केन्द्र सरकार उनके खिलाफ अपना अभियान और तेज करने पर बाध्य होगी। बेहतर होगा कि नक्सली संगठन सरकार द्वारा रखे गए शांति वार्ता के प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करे और समाज की मुख्य धारा में वापस लौटे। पिछड़े हुए बस्तर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि वहां शांति स्थापित हो नक्सली संगठन विकास कार्यों का विरोध न करें और बस्तर के विकास में सहभागी बने अन्यथा सरकार उनके सफाए का अभियान तो चला ही रही है। जिसे आने वाले समय में और तेज किया जा सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए की नक्सली संगठन हिंसा का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार हो जाएंगे।

प्रेरक प्रसंग

मानव जाति-एकात्म

चीन में उन दिनों कुछ थोड़े से शहरों को छोड़कर शेष स्थानों पर विदेशियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। कभी भूल से कोई विदेशी वहाँ पहुँच जाता तो चीनी मरने-मारने को उतारू हो जाते, उनकी जान संकट में पड़ जाती। एक बार स्वामी विवेकानंद चीन किसी गाँव के भ्रमण की इच्छा हुई। दो भ्रमण पर गए। उनकी जर्मन पर्यटकों की भी इच्छा वहाँ का ग्राम्य जीवन देखने की थी, पर साहस के अभाव में उनकी प्रवेश की हिम्मत नहीं हो रही थी। उन्होंने यह बात स्वामी जी से कही तो स्वामी जी ने कहा - सारी मनुष्य जाति एक है। हमें विश्वास है कि यदि हम सच्चे हृदय से वहाँ के लोगों से मिलने चलें, तो वे लोग हमें मारने की अपेक्षा प्रेम से ही मिलेंगे। वे जर्मन पर्यटकों को लेकर गाँव की ओर चल पड़े। दुभाषिया उसके लिए तैयार नहीं हो रहा था, पर जब स्वामी जी नहीं रुके, तो वह भी साथ चला तो गया, पर अंत तक उसे यही भय बना रहा कि कहीं वे लोग उन्हें मारे नहीं। गाँव वाले विदेशियों को देखकर लाठी लेकर मारने दौड़े। स्वामी विवेकानंद ने उनकी ओर स्नेह पूर्ण दृष्टि डालते हुए। कहा- क्या आप लोग अपने भाइयों से प्रेम नहीं करते ? दुभाषियों ने यही प्रश्न उनकी भाषा में ग्रामीणों से पूछा तो वे बेचारे बड़े लज्जित हुए और लाठी फेंककर स्वामी जी के स्वागत सत्कार में जुट गए। यह देखकर जर्मन बोले- सच है, यदि आप जैसा निश्छल प्रेम सारे संसार के लोगों में हो जाए, तो धरती पर कहीं भी कष्ट और कलह न रह जाए।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:05, सूर्यास्त : 06:17, चन्द्रोदय : 13:19, चन्द्रास्त :28:17, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: : वसंत, शक सम्वत: : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : प्रीति, प्रथम करण : गर (08:49 तक), द्वितीय करण : वणिज (21:19 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मिथुन, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:53, अमृत काल : 25:31 से 27:14, सर्वार्थसिद्धि योग : 06:54 से 10:33, अमृतसिद्धि योग : 06:54 से 10:33, रवि योग : 06:54 से 10:33, विजय मुहूर्त : 14:23 से 15:08, गोधूलि मुहूर्त : 18:05 से 18:31, सायाह्न सन्ध्या : 18:08 से 19:24, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:56, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:07 से 12:31 ।

मोदी की गारंटी, छत्तीसगढ़ में साय का सुशासन

छगनलाल लोन्हारे

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के द्वारा पीवीटीजी अर्थात् विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं अबुझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्के आवास गृह, संपर्क सड़के, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल, विद्युतीकरण, बहुद्देशीय केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा वनधन केन्द्रों का निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल से परिपूर्ण करने की दिशा में प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रूपए प्रति मानक बोरा प्रदाय किए जाने राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। तेन्दूपत्ता, महुआ, इमली सहित सभी लघुवनोपजों से आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए नल कनेक्शन हेतु 4,500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए वार्षिक सहायता राशि प्रदान करने का बजट में प्रावधान किया गया है।

01 नवम्बर 2000 को भारतीय गणराज्य के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य का उदय हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 13 दिसम्बर 2023 को प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बागडोर संभालते ही प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय होने लगा है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ध्येय वाक्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 02 माह की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली के लिए अनेक कदम उठाए गए। सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण स्वच्छ प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना है। प्रदेश का हर नागरिक चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण प्रदेश सरकार की कल्याणकारी सोच से वाकिफ है। लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। अल्प अवधि में राज्य सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके कारण प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार ने शपथ ग्रहण करते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पक्के आवास बनाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में कृषक उन्नति योजना के तहत सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा भी निभाएगा और धान खरीदी की पारदर्शी और सुगम व्यवस्था भी की गई। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में अब तक का सर्वाधिक धान खरीदी का कीर्तिमान स्थापित हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा धान उपार्जन के समय-सीमा 31 जनवरी से बढ़ाकर 04 फरवरी तक करने का एक बड़ा निर्णय लिया। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को इसका फायदा मिला। समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। राज्य सरकार ने युवाओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पीएससी भर्ती परीक्षा वर्ष 2022 प्रकरण की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को शासकीय सेवाओं में भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा की छूट अवधि पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी गई है। सरकार के इस फैसले से अनेक युवाओं को इसका लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से हर क्षेत्र में प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होंगे।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस 25 दिसम्बर को 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में 2 साल के धान के बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रूपए की अंतर राशि अंतरित कर दी गई है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के द्वारा पीवीटीजी अर्थात् विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं अबुझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्के आवास गृह, संपर्क सड़के, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल,

विद्युतीकरण, बहुद्देशीय केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा वनधन केन्द्रों का निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल से परिपूर्ण करने की दिशा में प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रूपए प्रति मानक बोरा प्रदाय किए जाने राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। तेन्दूपत्ता, महुआ, इमली सहित सभी लघुवनोपजों से आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए नल कनेक्शन हेतु 4,500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए वार्षिक सहायता राशि प्रदान करने का बजट में प्रावधान किया गया है।

मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए माताओं और बहनों के सम्मान, स्वाभिमान, स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उनकी सेहत शिक्षा और पोषण के लिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू की है। इसके अंतर्गत 12 हजार रूपए वार्षिक आर्थिक सहायता प्रदान करने का वादा निभाने की दिशा में पहल प्रारंभ कर दिया गया है। अयोध्या धाम में प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के प्रति लोगों की जिज्ञासा और अगाध श्रद्धा भाव का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार ने रामलला दर्शन योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, इसके तहत प्रतिवर्ष हजारों लोगों को अयोध्या धाम तथा काशी विश्वनाथ धाम, प्रयाग राज की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। सामान्य परिवारों के लिए प्रतिमाह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के अंतर्गत दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क चावल प्रदाय करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में इस योजना से 67 लाख 94 हजार अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को मासिक पात्रता का चावल दिया जाएगा। महिलाओं का जीवन आसान बनाने में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की बड़ी भूमिका रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश में अब तक 36 लाख से अधिक नवीन गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख 5 शक्तिपीठों कुदरगढ़, चन्द्रपुर, रतनपुर, दंतेवाड़ा तथा डोंगरगढ़ को चारधाम की तर्ज पर विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। तीन नदियों की संगम राजिम मेले की राष्ट्रीय स्तर पर पुनः पहचान दिलाने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के समन्वित विकास के लिए कटघोरा से डोगढ़गढ़ तक रेललाईन निर्माण के लिए 300 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 01 लाख 47 हजार 446 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। यह बजट सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाले और विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट है। अमृत काल का छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1835 में 20 फरवरी के दिन ही कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला था। 1846 में आज ही के दिन लाहौर पर अंग्रेजों ने कब्जा किया था। 1847 में 20 फरवरी के दिन ही रॉयल कलकत्ता टर्फक्लब की स्थापना हुई थी। 1868 में आज ही के दिन 'अमृत बाजार पत्रिका'का पहला सप्ताहिक अंक बांगाली में प्रकाशित हुआ था। 1872 में 20 फरवरी को ही न्यूयार्क शहर में 'मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट्स' खुला था। 1935 में आज ही के दिन कैरोलाइन मिकेल्सन अंटार्कटिक पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थीं। 1947 में 20 फरवरी के दिन ही ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आज़ादी देने के बारे में घोषणा की थी। 1962 में आज ही के दिन जान एच ग्लेन अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने थे। 1982 में 20 फरवरी के दिन ही बिहार, उत्तर प्रदेश, और मध्य प्रदेश में कन्हार नदी जल पर समझौता हुआ था। 1986 में आज ही के दिन हिमाचल प्रदेश भारतीय संघ का 24वां राज्य बनाया गया था। 1987 में 20 फरवरी के दिन ही अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम भारत के 23वें और 24वें राज्य बने थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

परिणय सूत्र में नही

परिणय सूत्र में नही बनधती नजमें, वे उन्मुक्त दायरे से बाहर पनपती है, ब्याहता लफ्ज़ सिमट रह जाते है, ज़ेहन की संकरी गलियारों में सुनो तब इश्क़ मर जाता है, उन संकरी मेढ़ लगी दीवारों के मध्य क़भी देखना उन दरार पड़ी दीवारों को दर्द रिसता हुआ मिलेगा हौले हौले...,दो कदम चलने के बाद मिलेंगे, कई रक्तरंजित ख्वाब कुचले पड़े हुए ख्वाबों ह्यह्यह्यकी बारादरी में।

सुरेखह्यह्यह्या अग्रवाल

चलो वादियों में जरा

चलो वादियों में जरा घूम आएं। सुकूं में भी जीवन के कुछ पल बिताएं। महकती फ़ज़ा में भुला रंजो गम सब, फ़ज़ाओं में महफ़िल भी अपनी सजाएं।

हरि वल्लभ शर्मा हरी

ख़ास पाती | जो जिंदगी से हर हाल में जीते

जो जिंदगी से, हर हाल में जीने को कहती है, जो ठहरे जमें पानी के नीचे से भी बहती है, जो खोज लेती है आग में जलने की वजह जो गिरती है,उठती है, मगर चलती रहती है, ऐ , दुनिया ! तुझे ऐसी बेटी मुबारक हो ।

जावेद उस्मानी

पलाश की डालियों पर सज गए

पलाश की डालियों पर सज गए हो तुम दहक रहे हो पूरे जंगल में मुझे पता है कोई आये न आये तुम ज़रूर आओगे सब कुछ बदल जायेगा पर तुम न बदलोगे बने रहोगे तुम जस के तस आओ तुम्हारा स्वागत है वसंत ...**संध्या शर्मा**

मेरे हक में तो जबसे दुआ कर रहे है जख्म

मेरे हक़ में वो जब से दुआ कर रहे हैं ज़ख़्म हो रहे हरे, क्या दवा कर रहे हैं, दिलों-जाँ मेरे, अब हैं जाँ के दुश्मन, हम वफ़ा कर रहे, वो फ़ासिला कर रहे हैं, मोहब्बत में मिलते हैं लाखों ख़ज़ाने, कर-कर के अश्क़ों का इज़ाफ़ा कर रहे हैं , कोई कह दे उनसे, ना मुझे याद आयें, सर झुकाके सभी से, इल्तिज़ा कर रहे हैं, ज़िन्दगी ने लिये, इम्तिहां - इन्तिहा के जिस रोज़ से ही इसकी इब्तिदा कर रहे हैं, हम सहते रहे बेदाद-ओ-बेदाद तुम्हारी, ना कहेंगे किसी से, ये वायदा कर रहे हैं, क्या जाने कोई , क्या है दर्द-ऐ-जुदाई, वोही जाने जो इस में गुज़ारा कर रहे हैं, अपने बनते हैं ग़ैर कड़वी ज़बां से सच बोल हम सबको ख़फ़ा कर रहे हैं। **मुनेश शर्मा**

जिंदगी में उम्रगत लैंगिक आकर्षण

जिंदगी में उम्रगत लैंगिक आकर्षण से लेकर परिपक्वता दर-ब-दर........ प्रेम बहुत ही खूबसूरत अहसास है। प्रेम तदर्थ संघर्ष सुख दुख सागर में हिलोरते दुनिया में कुछ मानसिक रुग्ण/असफल/दुर्भाग्यशाली/मानसिक बौद्धिक नसबंद खल चरित्र अपवाद भी होते हैं। यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र/दौर का यूनिवर्सल अनुपात है। इससे प्रेम की निराली दुनिया कभी फीकी नहीं पड़ी.... जितना जीवन में अब तक देखा, पढ़ा, सुना, जिया और महसूस हुआ । **हेमन्त बसतरिया**

बेल पत्र पर जब मै तुम्हारी

बेलपत्र पर जब मैं तुम्हारी प्रतिक्षा लिखकर महादेव को अर्पण कर रही थी ठीक उसी समय दूर किसी वृक्ष पर एक चिड़िया मिलन के बाद बिच्छड़ने का गम गा रही थी । **सरिता शैल**

प्यार की अभिव्यक्ति..आसान होती है

प्यार की अभिव्यक्ति..आसान होती है .. सिर्फ एक शब्द ही तो कहना है..!! कह दो न ..सिर्फ प्यार... इतना दुराव , इतनी घबराहट, कितने पशोपेश में हो ..सिर्फ एक शब्द के लिए..!! दुनिया जहांन की बातें कह डालते हो.. मगर तुम्हारे प्यार वाले शब्द..नहीं सुन पाती.. कहाँ दबा रखा है तुमने..!! देखो मुझे.. मैं मौन हूँ ..! **अर्चना लाल**

QUIZ TIME

1) भारत में सुपर कम्प्यूटर परम का निर्माण कहां हुआ था?

2) रदरफोर्ड के प्रकीर्णन परीक्षण ने किसकी मौजूदगी को सिद्ध किया?

3) किस एक्सप्रेस वे का नाम अटल पथ घोषित किया गया है?

4) कॉन्टिनेंट ऑफकॉन्ट्रास्ट्स किसे कहते हैं?

5) प्रभा अत्रे, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस पेशे से जुड़ी थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पुणे (2) परमाणुओं में न्यूक्लियस (3) बुंदेलखंड एक्सप्रेस (4) [illegible] (5) शास्त्रीय गायक

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज आपके कुछ दिनों से रुके अधूरे कार्य पूरे होंगे तथा कार्य में सफलता और यश की प्राप्ति होगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा।

वृष: आज का आधा भाग दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही अथवा वाहन चलाने में असावधानी के चलते शारीरिक कष्ट हो सकता है।

मिथुन: आजके दिन आप तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। कुटुंबीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन प्रवास या मिलन- मुलाकात का अवसर आएगा।

कर्क: आज दिन के आरम्भ से ही नकारात्मक विचार मन पर हावी न हो जाएं इसका ख्याल रखने की आवश्यकता है।

सिंह: आज का दिन आपके लिये बेहतर रहने वाला है आज सामाजिक क्षेत्र हो अथवा नौकरी- धंधा या अन्य क्षेत्रों में आज के दिन से कुछ न कुछ लाभ अवश्य उठाएंगे।

कन्या: आज के दिन आपके अधिकांश कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे, जिससे आप खुश रहेंगे।

तुला: आज आप सांसारिक विषय में कम रुचि रखकर आध्यात्मिकता की तरफ मुड़ेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण रहेगा।

वृश्चिक: दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। साथ-साथ स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी सर अथवा बदन दर्द से शुरुआत होकर पूरे शरीर को शिथिल करेगी।

धनु: आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख- शांति का अनुभव करेंगे। नये पुराने कार्य से धन लाभ होगा।

मकर: आज कोई भी अविचारी कदम उठाने से बचे। हालांकि आज जिस भी कार्य को करेंगे देर-अबेर उसमें सफलता तो आपको मिलेगी ही।

कुंभ: आज के दिन आप कुछ नया करने का प्रयास करेंगे लेकिन कार्य के आरंभ में ही नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे।

मीन: आजके दिन आपको जिद्दी व्यवहार छोड़कर समाधानपूर्ण व्यवहार रखने की जरूरत है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -339

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

न्यूज गैलरी

आज पीएम मोदी भिलाई के आईआईटी का करेंगे शुभारंभ

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भिलाई में आईआईटी का करेंगे शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 फरवरी को 11 बजे उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, उपराज्यपाल, जम्मू और कश्मीर मनोज सिन्हा एवं लोकसभा सांसद विजय बघेल की गरिमामय उपस्थिति में होगा।

कार रिवर्स से बच्चे की मौत

भिलाई। कार के पीछे छक्के में दबने से एक ढाई साल के बच्चे की मौत हो है। मासूम अपने बड़े पिता को कार निकालता देख उनके साथ जाने के लिए गाड़ी के पीछे गया था। इसी दौरान पिछले चक्के के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। घटना रविवार की शाम को हुई। शास्त्री नगर निवासी विनोद सोनी के ढाई वर्षीय बेटे सागर सोनी की हादसे में मौत हुई है। विनोद सोनी का बड़ा भाई किसी काम से बाहर जा रहा था। वह कार को बैक कर बाहर निकाल रहा था। इसी दौरान सागर सोनी अपने बड़े पिता की तरफ जाने के लिए दौड़ा और कार के पिछले चक्के के नीचे दब गया। परिवार वाले उसे फौरन बीएम शाह अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद सुपेला पुलिस ने प्राथमिकी की है। घटना स्थल छावनी थाना क्षेत्र का है।

यातायात होगा और सुरक्षित

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग बाईपास में संभावित दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उच्च तटबंध वाले स्थानों पर मेटल बीम क्रैश बैरियर स्थापित करने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे एनएचएआई द्वारा स्वीकृति मिल गई है। इसके अनुसार प्रोजेक्ट हाईवे के अंतर्गत एनएच 53 में उच्च तटबंध वाले स्थानों पर मेटल बीम क्रैश बैरियर स्थापित किया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 15 किमी है। मेटल बीम क्रैश बैरियर लगने से वाहन चालकों के लिए आवागमन सुरक्षित होगा।

एलुमिनी मीट का आयोजन

दुर्ग। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग में एलुमिनी एसोसिएशन पॉलिटेक्निक द्वारा एलुमिनी मीट का आयोजन किया। इस संस्था से उत्तीर्ण 1998 बैच के मैकेनिकल संकाय के लगभग 25 से 30 विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय, डीके सिरसांत विभागाध्यक्ष सिविल, साजीटी चाको प्रभारी एलुमिनी, हर्षवर्धन श्रीवास्तव समन्वयक एलुमिनी, कुंदन साहू एवं विवेक अग्रवाल थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हर्षवर्धन श्रीवास्तव एवं कुंदन साहू द्वारा पुराने छात्रों का स्वागत किया। संस्था के भूतपूर्व छात्र संतोष यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। छात्रों ने संस्था में गुजारे अपने सुनहरे पलों को याद करते हुए वर्तमान छात्र-छात्राओं को सफल होने के लिए मार्गदर्शन भी किया भविष्य में संस्था की तकनीकी विकास एवं छात्र-छात्राओं की मदद के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे ने पुराने विद्यार्थियों को उनके सफल जीवन की बधाई दी व भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

नाली के गंदे पानी से परेशान वार्डवासी पहुंचे कलेक्टर के पास

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 140 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड न.11 के वार्डवासियों ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले 40 वर्षो से वार्ड 11 में निवास करते हैं। घरों के पीछे 13 वर्ष पहले से नाली का निर्माण किया गया है, जिससे घरों का पानी निस्तारित होता था, परंतु उक्त जमीन मालिक द्वारा नाली को पाटकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे घरों का पानी निस्तार नही हो पा रहा है। नाली का गंदा पानी एक जगह इकठ्ठा हो जाने के कारण वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार तकियापारा निवासी ने स्कूल परिसर से लगे पान ठेला को हटाने आवेदन दिया। तकियापारा वार्ड में प्राथमिक एवं हाईस्कूल का संचालन होता है।

स्कूल परिसर से कुछ दूरी पर ही पान ठेला संचालित है। पान ठेले में सिगरेट, तम्बाकू खाने वाले असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा लगा रहता है, चूंकि पास में ही स्कूल का संचालन होता है जिससे कारण छात्राओं पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। कलेक्टर ने उनकी समस्या को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम बटरेल के किसानों ने अपने भूमि की मुआवजा राशि की मांग की। ग्राम बटरेल धमधा मार्ग में शासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया गया, जिसमें आधी भूमि किसानों की थी। आज दिनांक तक उनकी भूमि की मुआवजा राशि प्रदान नही की गई है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किंतु संतोष जनक जवाब प्राप्त नही हुआ। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम उतई निवासी श्री दुष्यंत साहू नेत्रहीन होने के कारण रोजगार से वंचित है। उन्होंने जनदर्शन में स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। एक और मामले में ग्राम अंजोरा के आवेदक ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस पाईप लाईन कार्य के दौरान मिलने वाली निर्धारित मुआवजे की बकाया राशि दिलाने की मांग की।

भाजपा राहुल गांधी की न्याय यात्रा से डरी : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अभा कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा जिलाध्यक्ष गया पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेंद्र साहू के नेतृत्व में इनकम टैक्स भवन मालवीय नगर चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन इनकम टैक्स द्वारा बिना किसी नोटिस के अभा कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस के अकाउंट को फ्रिज करने का कार्य किया गया जो की निंदनीय है। धरना प्रदर्शन में श्री वोरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राहुल गांधी की न्याय यात्रा से डरी हुई है यह जो तानाशाही रवैया है यह

दर्शाता है कि केंद्र की भाजपा सरकार डरी हुई कि नहीं बहुत ज्यादा भयभीत है। भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी राष्ट्रीय पार्टी के अकाउंट को बिना किसी नोटिस के फ्रिज कर दिया गया है। यह अलोकतांत्रिक प्रक्रिया है एवं यह तानाशाही रवैया दर्शाता है कि केंद्र की भाजपा सरकार को संवैधानिक पदों एवं संस्थाओं का दुरुपयोग करने का लाइसेंस मिल गया है। कांग्रेस पार्टी सदैव ही देश की जनता के हित के लिए लड़ी है और सदैव लड़ती रहेगी। आज किसान आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है जो की अन्नदाता के साथ में अन्याय है उनकी केवल एक ही मांग है की फसलों पर एम एस पी मिले जो कि उनका हक है केंद्र सरकार के द्वारा युवाओं को छलने का काम किया। जिला महामंत्री राजेन्द्र साहू ने कहा कि जैसे ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक घोषित किया इसके बाद से ही भाजपा सरकार भयभीत है। इस इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने केवल 10 वर्षों में ही 5054 करोड का चंदा एकत्रित किया। वहीं कांग्रेस पार्टी 70 सालों में केवल 600 करोड ही चंदा एकत्रित किया। 2019 में इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से देश में लूट की परंपरा स्थापित की गई और यह पैसा किन के द्वारा दिया जा रहा है और क्यों दिया जा रहा है इसकी जानकारी छुपाने का भी कार्य भाजपा के सरकार ने किया है।

निगम ने की बड़ी कार्रवाई, मूल आबंटितों को दिलाया कब्जा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम ने उच्च न्यायालय के आदेश पर सस्ता मार्केट पावर हाउस में अवैध कब्जाधारियो को बेदखल कर पॉच आबंटितो को कब्जा दिलवाया। पावर हाउस में सुभाष सब्जी मार्केट के प्रारंभ में लगने वाले सस्ता मार्केट में 5 आबंटितो को जिनके आबंटित दुकान के स्थान पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे हटाने माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया था। जिस पर मान. न्यायालय ने आबंटितो को कब्जा दिलाने का आदेश पारित किया था। जिसके परिपालन में सोमवार को जोन-3 का राजस्व अमला, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अवैध कब्जाधारियो को बेदखल कर आबंटित कब्जा दिलाया गया। उक्त आबंटितो द्वारा आयुक्त देवेश

कुमार ध्रुव से मिलकर कब्जा दिलाने का गुहार लगाये थे। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा,तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, सहायक राजस्व अधिकारी बाल कृष्ण नायडू, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, छावनी थाना टीआई सोनम ग्वाला, कुम्हारी टीआई संजय मिश्रा, जामुल टीआई कोसले, निगम का तोड़फोड़ दस्ता, जोन-3 का राजस्व अमला सहित पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

गर्भ में ही गढ़ा जा सकता है शिशुओं का चरित्र : मेघा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गायत्री परिवार वर्तमान नारी उत्पीड़न,अपराध और चरित्रहीनता के समाधान हेतु गायत्री परिवार द्वारा संचालित आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत गर्भ संस्कार की प्रक्रिया समझते हुए मुख्य वक्तव्य मेघा राठी और मीनाक्षी विश्वास ने 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ के दौरान आयोजित विशेष गोष्ठी में बताया कि अभिमन्यु को चक्रव्यूह प्रशिक्षण और महर्षि अष्टावक्र का शास्त्र ज्ञान उनकी माता सुभद्रा और सुजाता जैसी विदुषी महिलाए अपने अध्ययनशीलता लगन शीलता के बल पर ही शिशुओं में ऐसी क्षमता आरोपित की थी। जवाहर नगर दुर्ग में 2 दिवसीय 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ के दौरान परिजनों और महिलाओं की विशेष गोष्ठी में आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी नामक अभियान पूरे क्षेत्र में संचालित है, शहर में शांतिकुन से प्रशिक्षित एवं विषय विशेषज्ञ मीनाक्षी विश्वास और मेघा राठी ने लगभग 2 घंटे की कार्यशाला में विस्तार से अपनी बात रखी। प्रथम दिन संध्या कलश यात्रा निकाली गई। दूसरे दिन प्रात 9 से 1 बजे तक 9कुंडी यज्ञ में परिजनों ने आहुतियां डाली। संध्या 5 से 7 तक संगीत मय शैली में दीपयज्ञ संपन्न हुआ प्रमुख टोली नायक प्रणेश कुमार के नेतृत्व में संगीत दे रहे थे। नागेंद्र साहू, रामेश्वर निषाद एवं विजय परिब्राजक। इस दौरान भिलाई-दुर्ग उपजोन प्रभारी एसपी सिंह, सह समन्वयक धीरजलाल टांक, अभयलाल धुर्वे, अरुण वैद्य, डॉक्टर गुलाब विश्वकर्मा, रंजीत यादव आदि मौजूद थे।

नशा कम होगा तभी अपराध कम होंगे : शुक्ला

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त स्वयं सेवी संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च आर्गेनाइजेशन जिला दुर्ग व सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में संचालित कल्याणी एकीकृत नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला का आगमन हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में मरीजों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए कैसे नशा किसी भी अपराध में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहता हैं। उन्होंने अपना अनुभव शेयर किया कि जहां नशा कम होगा वहां अपराधो में भी कमी आएगी और पुलिस विभाग का काम भी कम होगा।

कल्याणी संस्था द्वारा गठित कल्याणी फाइटर्स समूह के वैशाली देवांगन और सोनाली पात्रों को नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्यों हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया। संस्था के निदेशक अजय कल्याणी ने बताया कि कल्याणी फाइटर्स समूह की ये छात्राए नशे जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बिना झिझक के नशे से हो रहे शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक व आर्थिक दुष्प्रभाव के बारे में तथा सेल्फ डिफेंस व बुजुर्गों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ प्रस्तुतिकरण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूल,कॉलेज,मोहल्लों व बाजारों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था के निदेशक अजय कल्याणी ने अपने स्वागत उद्बोधन में परियोजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था प्रशासक संजय देशमुख ने नशामुक्ति उपचार और रोशन झा ने ओडीआईसी ने जानकारी दी।

बोरसी में सख्ती से हटाया सड़क किनारे से अतिक्रमण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निरीक्षण एवम निर्देश के बाद अधिकारियों ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने वार्ड 51 बोरसी स्कूल चौक साहू होटल के आस पास क्षेत्र से सड़क किनारे लगे लोहे के प्रचार प्रसार एवं दुकान के सामने रखे साइन बोर्ड को जेसीबी की मदद से निकालकर जब्त किया गया। आवगमन बाधित सड़क को चौड़ा किया गया। मौके पर दुकानदारो को अधिकारी द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया कि प्रचार बोर्ड दोबारा सड़क किनारे देखा गया तो जुर्माना के साथ साथ कड़ी कार्यवाही करने की जावेगी। कार्रवाही में अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, यातायात टीआई आनंद शुक्ला, बाजार अधिकारी चंदन मनहरे, थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, यातायात अधिकारी रमेश दुबे, यातायात पुलिस व पद्मनाभपुर पुलिस की मौजुदगी में कार्रवाही की गई। बोरसी क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया है। हनोदा-बोरसी मार्ग में की गई कार्यवाही के दौरान विरोध का प्रयास तो हुआ, तोडूदस्ता ने दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क किनारे रखे गए बोर्ड को जब्त किया। दुकानदार द्वारा दुकान के ऊपर टीन शेड डाल कर अवैध निर्माण को हटाने के लिए कहा गया। अतिक्रमण अधिकारी व बाजार अधिकारी की उपस्थिति में जेसीबी से अवैध रूप से लगे लोहे की प्रचार प्रसार बोर्ड को ध्वस्त कर दिया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202011009125 /अ-19/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चरोदा तह. भिलाई 03 व जिला दुर्ग छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक समस्त तेलगु समाज (बी.एन. राजू) चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित शासकीय घास भूमि खसरा नं. 324/2 का रकबा 0.8090 हे. मे से रकबा 550.20 वर्गमीटर को तेलगु समाज भवन हेतु मांग की गई है जो कि कलेक्टर महोद्य दुर्ग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जिस पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर लिखित रुप में दिनांक 11.03.2024 तक आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300076 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम कुम्हारी, प.ह.न. 12 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती विद्या दुबे आ./पति एम.एल. दुबे निवासी तेलीबांधा रायपुर द्वारा ग्राम कुम्हारी प.ह.न. 12 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 367/39 रकबा 0.012 हें भू-राजस्व 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300072 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम कुम्हारी, प.ह.न. 12 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती तइनीदेवी आ./पति उमाशंकर यादव निवासी पाण्डेयपुर गाजीपुर (उ.प्र) द्वारा ग्राम कुम्हारी प.ह.न. 12 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 167/58 रकबा 0.010 हें भू-राजस्व 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300073 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम कुम्हारी, प.ह.न. 12 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उधोदास मानिकपुरी आ./पति स्व. जागृतदास मानिकपुरी व अन्य 01 द्वारा ग्राम कुम्हारी प.ह.न. 12 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 137/182 रकबा 0.011 हें भू-राजस्व 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300077 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम कुम्हारी, प.ह.न. 12 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती संगीता आ./पति मुकेश कुमार निवासी कागजीपुर, मोहम्मदाबाद गाजीपुर (उ.प्र) द्वारा ग्राम कुम्हारी प.ह.न. 12 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 167/226 रकबा 0.010 हें भू-राजस्व 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202401103300061 /अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बीरेन्द्र कुमार वल्द दयालसिंह निवासी ग्राम गनियारी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा गनियारी प.ह.नं. 21 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 106/1 रकबा 2 एकड़ भूमि जो कि बीरेन्द्र कुमार वल्द दयालसिंह खातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व शपथ पत्र, राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.02.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार 03, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202311103900004/ विषय: अ-5/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

उरला प.ह.न. 00008 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार -शंकरदास सौंधी/अनावेदक पक्षकार- छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकरदास सौंधी पिता स्व. उग्रसेन सौंधी निवासी मैत्री विहार राधिका नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.न 08 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित दर्ज भूमि ख.न पुराना 307/1 रकबा 0.745 हे. भूमि जो कि बंदोबस्त के पश्चात नया खसरा नं. 975 रकबा 0.41 हे. दर्ज हो गया है जो कि रकबा कम दर्ज होने से आवेदक द्वारा उक्त खसरे में बंदोबस्त त्रुटि सुधार करवाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण दर्ज।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में नियत दिनांक 29.02.2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र// वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका नम्रता साहू आ./पति नरेश कुमार निवासी रिसाली तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पतोरा प.ह.न. 24 तह. पाटन स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 797/11 रकबा 0.030 हे. भूमि के खातेदार विजय लक्ष्मी पति नरेश कुमार की दिनांक 30.03.2021 को फौत होन जाने के कारण फौती नामांतरण किए जाने आवेदन मय दस्तावेज पेश किया है, उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त आवेदित भूमि का फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो नियत सुनवाई तिथि 06.03.2024 तक न्यायालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता सखमराम साहू निवासी ग्राम पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 253/6, 253/7, 520/1 रकबा 0.1010, 0.0730, 0.2590 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सखम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रुपेश पुन्नल पिता स्व. बी.के. पुन्नल निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 495/104 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार भूपेन्द्र कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार चौरसिया पिता स्व. बीरबहादुर प्रसाद निवासी ग्राम इस्पात नगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 466/76, 1024/7 रकबा 0.0020, 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बीरबहादुर प्रसाद की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./20242100400203 /अ-06अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धीरेन्द्र नारायण सिंह आम मुखत्यार तरफ से अखिलेश नारायण सिंह पिता राम उजागिर सिंह निवासी रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 276/36 रकबा 0.1200 हे. जो कि आवेदक के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसमें अपना नाम त्रुणिपूर्ण है सही नाम अखिलेश नारायण सिंह पिता राम उजागिर सिंह है का लेख करते हुए सही नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर मान. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदित भूमि के संबंध में वांछित जांच कर त्रुटि कब हुई, किस प्रकार हुई, किस प्रकार सुधार किया जा सकता है लेख करते हुए स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन तैयार कर वापस मूलतः न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रमिला देशमुख पति युप्रहस्त देशमुख निवासी बुनकर संघ के पीछे संतराबाड़ी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1179/330 रकबा 0.011 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता कुंजबती उर्फ शकुंतला देशमुख के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 05.07.2019 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00027 रुदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430108600001

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम रुद्रा के वर्तमान भूमिस्वामी शकुंतला बे. पिता/पति गैंद सिंह पता रुद्रा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 533(1.4300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नूतन कुमार देशमुख उर्फ ईशु पिता/पति नेमित कुमार देशमुख, अमित कुमार देशममुख पिता/पति युप्रहस्त कुमार देशमुख पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी.5106418012024040

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी मेसर्स बालाजी डेव्हलपर्स एण्ड बिल्डर्स पार्टनर शंकरदयाल पाण्डेय पिता/पति स्व. राकेश कुमार पाण्डेय पता पांडे टिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 161/120(0.0128) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बिरेन्द्र कुमार सिंह पिता/पति कामलेश्वर सिंह पता म.न. 221 वार्ड नं. 37 भंदरापारा बालको नगर कोरबा तह. व जिला कोरबा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी.5124916102023007

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी बहे.मुआ. ममता पाण्डेय पिता/पति शंकरदयाल पाण्डेय पता पांडे टिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग, शंकर दयाल पाण्डेय पिता/पति स्व. राकेश कुमार पाण्डेय पता पांडे टिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 331/38(0.0153), 331/36(0.0051) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता झरियार सिंह साहू पिता/पति नारायण साहू पता ई/123 वार्ड 48 नया पुलिस लाईन दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कर्मचारी फेडरेशन 23 को सौंपेगा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में कर्मचारियों के हक की लड़ाई की कार्ययोजना तैयार की गई। कर्मचारी फेडरेशन 23 फरवरी को अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम और कलेक्टर को सौंपेंगे। कर्मचारियों के लिए वादों %मोदी की गारंटी% का अमल करने बजट में प्रावधान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, सचिव गिरीश जायसवाल, महासचिव किशोर कश्यप,प्रवक्ता के पी साहू , कोषाध्यक्ष महेंद्र बोर्झा ,आईटी सेल प्रभारी डी पी ताम्रकार ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों को फेडरेशन पर पूर्ण विश्वास है। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी ने फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा का नेतृत्व क्षमता एवं टीम फेडरेशन के सोच और कार्यकुशलता के कारण शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ फेडरेशन के साथ हमेशा रहेगा। फेडरेशन में छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिकारी संघ डॉ प्रमोद तिवारी प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ है कि कर्मचारियों से किये गए वादों को याद दिलाने मुख्यमंत्री के नाम प्रत्येक जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में 23 फरवरी शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं एस डी एम को फेडरेशन द्वारा ज्ञापन सौपा जाएगा।

26 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। 26 लीटर अवैध के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही आबकारी आयुक्त सचिव आर संगीता के निर्देश के उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन एवं रवि पाठक सहायक जिला आब. अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान वृत्त भाटापारा में ग्राम चमारी में आरोपिया मांडले के रिहायशी मकान से 6.84 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं अर्जुनी तुरमा मार्ग में काले रंग के हीरो होंडा ॥स्र डीलक्स में परिवहन करते 6.3 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, ग्राम दतरेंगी में आरोपी कुंदन साहू के रिहायशी मकान से 20.7 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला तथा ग्राम खैंदा में आरोपी मायाराम सायतोडा के रिहायशी मकान से 20.0 बल्क लीटर महुआ मदिरा ज़ब्त कर सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, मनराखन नेताम, दिनेश साहू, मोतिन बंजारे, देवनंदन टंडन, आबकारी प्रधान आरक्षक, राधा गिरी गोस्वामी, मिर्जा जफर बेग, देवी तिवारी, सूर्यकांत वर्मा, आरक्षक शीतल यादव का योगदान रहा!

बिना पर्ची प्रतिबंधित दवाई विक्रय नहीं करने पुलिस ने दिए निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर एसडीओपी आशीष अरोरा शहर थाना निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी ग्रामीण अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण एवं किशोर ठाकुर ड्रग इंस्पेक्टर भाटापारा-सिमगा क्षेत्र के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा शहर एवं भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत दवाई दुकानों का चेकिंग अभियान चलाया* गया। पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त दवाई दुकानों एवं ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित गई थी। इसमें जिले के सभी दवाई विक्रेताओं को प्रतिबंधित एवं नशे के

रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां, कफ सिरप आदि का विक्रय नहीं करने, बिना डॉक्टरी पर्ची के दवाइयां नहीं बेचने आदि हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशों के परिपालन में संयुक्त टीम द्वारा दवाई दुकानों में उपलब्ध दवाइयां, स्टॉक रजिस्टर आदि का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही मेडिकल संचालकों से संदिग्ध एवं प्रतिबंधित दवाइयां की जानकारी लेने वाले संदिग्ध/असमाजिक तत्वों के संबंध में भी पूछताछ किया गया। संयुक्त टीम द्वारा टेस्ट परचेसिंग के तहत छद्म रूप में एक पुलिस स्टाफ को दवाई दुकान में भेज कर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां लेने का प्रयास किया गया, जिसमें संबंधित मेडिकल संचालक द्वारा ऐसी किसी भी प्रकार की दवाइयों के उपलब्ध या बिक्री होने के संबंध में स्पष्ट रूप से मना* किया गया। चेकिंग अभियान में संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत शैलेंद्र फॉर्मेशी जनरल स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल, श्रीराम मेडिकल, राजा मेडिकल, गुरुनानक मेडिकल, गगनदीप मेडिकल, अग्रवाल मेडिकल सहित कुल 10 दवाई दुकानों की चेकिंग की गई।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी समस्याएं

58 आवेदन प्राप्त हुए, 12 का हुआ समाधान

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को जनचौपाल में दूर दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनचौपाल में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 12 आवेदनो का निराकारण तत्काल किया गया। साथ ही बाकी आवदेनों को समय सीमा के प्रकरण में दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनचौपाल में पहुँचे टुंड्रा निवासी होरी लाल देवांगन ने वृद्धा पेंशन न मिलने के संबंध में कलेक्टर को को आवदेन प्रस्तुत किए जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत के अधिकारीयों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तरह ग्राम कोनारी में ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर लगवाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को मौके में जाकर निरीक्षण करने निर्देश देते हुए कल की टीएल बैठक में वस्तु स्थिती से अवगत कराने कहा गया है। ग्राम मजगाँव निवासी रामकिशोर के द्वारा धान बोनस सूची में नाम न होने से बोनस न मिल पाने तथा आवास निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये।कलेक्टर श्री कुमार ने प्राप्त आवेदनों की जाँच कर संबंधित जनपद पंचायत,ग्राम पंचायत अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए हैं तथा 10 दिवस के भीतर समस्या के निवारण हेतु आश्वासन दिए है।

पैरी उद्गम और सिकासार बांध पर्यटन स्थल घोषित

विधायक जनक ध्रुव की मांग पर पर्यटन मंत्री ने भाठीगढ़ और सिकासार जलाशय के लिए पहल की

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में पैरी उदगम भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को छत्तीसगढ़ सरकार के धार्मिक न्यास धर्मस्व एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में पर्यटन स्थल घोषित किया है।' बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने विधानसभा विभागीय बजट सत्र के दौरान गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग प्रमुखता के साथ विधानसभा सदन में उठाया और पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की। इसे छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सहृदय स्वीकार करते हुए विधानसभा में ही पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल घोषित करने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद जल्द ही पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय छत्तीसगढ़ सहित देश के पर्यटल स्थल के मानचित्र में अंकित होकर पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पर्यटन स्थल घोषित करने पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर है भाटीगढ़। यहां पहाड़ी के ऊपर पैरी नदी का जन्म हुआ है। मैनपुर से महज 28 किमी दूर सिकासार जलाशय काफी मनोरम और प्राकृतिक स्थल है। यहां हमेशा पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है।

पीएम विश्वकर्मा योजना का जागरूकता कार्यक्रम 23 को

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना, कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, उन्हें आधुनिक औजार/टूल किट प्रदान करना, उन्हें सम्पार्वशिवक मुक्त ऋण प्रदान करना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य है। जिसमें हितग्राहियों का पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल/मोबाईल एप पर, आधार आथेंटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज- आधार, मोबाईल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड से कर सकते है।

जिला स्तरीय संस्कृत सम्मेलन में भागीदारी

भाटापारा/नवप्रदेश। संस्कृत भारती बलौदाबाजार की ओर से जिला स्तरीय संस्कृत सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। संस्कृतभारती एक सामाजिक शैक्षिक संगठन है जो संस्कृत के विकास संवर्धन एवं समाज में पुनर्स्थापना के लिए प्रयत्नशील है। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राघव जोशी एवं अतिथि राव सर एवम विशिष्ट अतिथि अशोक महिलांग, टेशू लाल धुरंधर, पांडे और डॉक्टर गोपेश कुमार तिवारी आदि वक्ता थे। डाक्टर गोपेश कुमार तिवारी संस्कृतभारती के प्रांतप्रचार प्रमुख हैं एवं संस्कृत भाषा के चिंतक एवं लेखक भी हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। संस्कृत हमारी सभ्यता की भाषा है और आज के विकसित भारतके समय पर संस्कृत भाषा का योगदान अक्षुण्ण है समाज को शिक्षित एवं सकारात्मकचिंतन देने में संस्कृत भाषाअत्यंत दक्ष है।

राघव जोशी ने भारत एवं संस्कृति का संबंध तथा भारत विश्व गुरु क्यों था और आने वाले समय में भारत विश्व गुरु क्यों बनेगा पर विचार रखे। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना देवी तिवारी ने किया। इस ्वसर पर संस्कृतभारती की श्रीमती राजकुमारी रामेश्वरी साहू गंगाराम नीता अग्रवाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विशेष आकर्षण 5 वर्षीय संस्कृतभाषी बालक सच्चिदानंद शिवमूर्ति ने संस्कृत में बोलते हुए बड़े ही रोचक एवं सुंदर श्लोक का गायन किया। इस दौरान संस्कृत में विज्ञान एवं संस्कृत प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। यह जानकारी बलौदाबाजार संस्कृतभारती के संपर्क प्रमुख श्रीमती साधना देवी ने दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

दिल्ली से लौटे सीएम साय ...

नड्डा ने छत्तीसगढ़ की मिसाल दी थी। जिसको लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, वहां छत्तीसगढ़ की तारीफ की गई थी। हमने 2023 चुनाव में असंभव को संभव कर दिखाया है इसलिए हमारी तारीफकी गई है।

कांग्रेस कर रही अनावश्यक ...

से बात करने की जरूरत नहीं है। यह अनावश्यक रूप से - बयानबाजी करने की कोशिश हो रही है।

विधायकों को लालच देने ...

बघेल ने कहा बीजेपी लोकसभा चुनाव को लेकर डरी हुई है इसीलिए पूरे देश में तोड़फोड़ की जा रही है। यदि ईडी-आईटी का डर खत्म हो जाए तो बीजेपी के सारे नेता मुखर हो जाएंगे। प्रदेश में हो रही नक्सल घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि, डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि, हम नक्सलियों से बात करेंगे। बातचीत के लिए नक्सलियों ने पर्चा फेंका है और वे बातचीत के लिए तैयार हैं।

महतारी वंदन योजना के ...

लेकिन छत्तीसगढ़ में महिलाओं की संख्या एक करोड़ है और उन्हें अवसर मिलना चाहिए।

बैज का दावा- आ रहे ...

को आ रहे हैं और भाजपा में शामिल होने के लिए न्योता दिया जा रहा है।

हार के बाद कांग्रेस डांवाडोल

छत्तीसगढ़ की 90 सीटों वाली विधानसभा में वर्तमान में कांग्रेस के 35 विधायक हैं। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं, जो पहली बार चुनाव जीतकर आने वाले नए चेहरे हैं। पार्टी को ये डर हो सकता है कि कुछ नए तथा कुछ पुराने विधायक भाजपा के चक्कर में आए तो पार्टी के लिए फजीहत हो सकती है।

केंद्र ने दिया ऐसा ऑफर...

के साथ एक करार करेंगी। इसके तहत अगले 5 सालों तक उनके उत्पादों की खरीद की जाएगी और उसकी कोई लिमिट भी नहीं होगी।

मांग है फसल खरीद की गारंटी हो

बता दें कि किसानों की मांग है कि रूस्क पर फसल खरीद की गारंटी दी जाए। इसके अलावा किसानों का लोन माफ कर दिया जाए और स्वामीनाथ आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। खेती में लगे किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन की व्यवस्था की जाए और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए।

बता दें कि बीते मंगलवार से किसानों ने आंदोलन की शुरुआत की है, लेकिन पंजाब से दिल्ली चलो मार्च निकालने वाले किसानों को फिलहाल हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर रोक रखा है।

चक्र घुम चुका है, नया दौर...

पीएम मोदी ने कहा आज अगर मंदिर बन रहे हैं, तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। आज विदेशों से हमारी प्राचीन मूर्तियाँ भी वापस लाई जा रही हैं, और रिकॉर्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन और प्रमाण इस बात का है समय का चक्र घूम चुका है। एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।

दुनिया के सबसे ऊंचे ...

एफिल टॉवर से ऊंचा यह पुल 120 वर्षों के लिए तैयार किया गया है। चिनाब नदी पर बने इस पुल को 1500 करोड़ रुपए में तैयार किया गया है। यह पुल एक सदी तक सेवाएं मुहैया कराएगा। पहली बार रेल माध्यम से कश्मीर-कन्याकुमारी से जुड़ जाएगा। यह पुल जहां बनाया गया है वह क्षेत्र भूकंप के जोन आईवी में आता है लेकिन पुल को भूकंपीय क्षेत्र पांच वी के अनुसार तैयार किया गया है। इतना ही नहीं ब्लास्ट से सुरक्षा के लिए डीआरडीओ की मदद ली गई है।

पीएम मोदी आज भिलाई ...

आईआईएम जम्मू, आईआईएम बोधगया और आईआईएम विशाखापत्तनम शामिल हैं।

केवीएस और नवोदय स्कूल का भी उद्घाटन

वहीं केवीएस के 20 नए भवनों और नवोदय के 13 नए भवनों का भी उद्घाटन करने वाले हैं। इसके अलावा, पांच केवीएस परिसर, एक नवोदय परिसर और पांच नवोदय के लिए बहुउद्देशीय हॉल की बी निंव रखेंगे, जिससे स्टूडेंट्स की कई जरूरतों को पूरी करने में मदद मिलेगी। स्टूडेंट्स के लिए पीएम मोदी का यह बहुत बड़ा उपहार है जो कि सराहनीय है।

हल्द्वानी में हिंसा करने ...

लोग गौला के खनन कार्य से जुड़े हुए हैं। कई के वाहन गौला नदी में खनन कार्य के लिए पंजीकृत हैं। इन वाहन मालिकों पर वनभूलपुरा के उपद्रव की गाज गिरने वाली है।

खंगाले जा रहे दस्तावेज

डीएम के आदेश के बाद वन निगम इनके दस्तावेज खंगाल रहा है। फिलहाल ऐसे करीब 54 से ज्यादा लोग चिह्नित किए जा चुके हैं। वन निगम के अनुसार, इनकी संख्या 150 से अधिक है। रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बाद ये लोग गौला के खनन से बेदखल कर दिए जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन ...

होते दिख रहे हैं क्योंकि तीनों देश अपने यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर लगाम कस रहे हैं।

ये तीनों ही देश भारत छोड़कर विदेशों में बसने वालों की पसंद में सबसे ऊपर होते हैं। इसकी वजह है इनकी माइग्रेशन नीति, जिसके चलते वहां बसना बेहद आसान है। विदेश जाकर बसने का सबसे आसान तरीका अंतरराष्ट्रीय छात्र के तौर पर प्रवासन होता है।

बूंद-बूंद पानी को ...

यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च द्वारा हुई रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता मेंगरू वांग कहते हैं, ÷आमतौर पर लोग पानी की कमी के बारे में ज्यादा परेशान होते हैं कि समुचित पानी उपलब्ध है या नहीं।

छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर

निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र. 148

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वृत्त- बिलासपुर अंतर्गत संभाग बिलासपुर में निक्षेप कार्य के तहत् जिला मुंगेली विकासखंड पथरिया ग्राम सरगांव में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 06 नग अतिरिक्त कक्षों का शेष निर्माण कार्य हेतु (प्रथम) ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रितद की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाइट में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग बिलासपुर के मो.नं. 9406440772 पर संपर्क करें।

संवाद - 39710/1 उपायुक्त

न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र. अ-20(3) वर्ष 2023-24
फ्री होल्ड हेतु पेशी दिनांक 28/02/24

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री महेश कुमार जादवानी पिता श्री खुशीराम जादवानी एवं 09 अन्य निवासी नल घर अहमदजी कालोनी रायपुर जिला रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। कि सिविल स्टेशन रायपुर स्थित नजूल भूमि ब्लाक नंबर 16, भूखण्ड क. 21/10 रकबा 3141 वर्गफुट पट्टा आवेदक के नाम पर दर्ज है आवेदक द्वारा शासन द्वारा जारी नीति के अनुसार फ्री होल्ड कराने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 28/02/2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष कमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवां 04, जिला रायपुर (छ.ग.)

मामले की श्रेणी : राजस्व

// ईश्तहार //

संदर्भः संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न.- 00088 बीरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. RD20232440720600086

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00088 के अंतर्गत ग्राम बीरगांव के वर्तमान भूमिस्वामी दीपक कुमार शर्मा पिता/पति-गोविंद राम शर्मा पता-भनपुरी, मुकेश शर्मा, तरुण शर्मा पिता योगेश शर्मा, श्रीमती किरण शर्मा पिता/पति-स्व. योगेश शर्मा पता-भनपुरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 287/568 (0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीपक कुमार शर्मा पिता/पति-गोविंद राम शर्मा पता-भनपुरी, मुकेश शर्मा, तरुण शर्मा पिता योगेश शर्मा, श्रीमती किरण शर्मा पिता/पति-स्व योगेश शर्मा पता-भनपुरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा, आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार उपतहसील धरसींवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

//सूचना-प्रकाशन//

रा0प्र0क्र0/202401110800194/अ-6/वर्ष 2023-24, रायपुर, दिनांक 12/02/2024

प्रति,
(1) श्रीराम साहू, (2) लक्ष्मण प्रसाद साहू, (3) लच्छी राम साहू, (4) लक्ष्मी नारायण साहू चार पिता स्व. अघनु राम साहू, (5) श्रीमती तिजिया बाई साहू पति-मोतीराम साहू, सभी निवासी पुरानी बस्ती, भनपुरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है आवेदिका श्रीमती चैती विश्वकर्मा पिता श्री मंतराम विश्वकर्मा निवासी दुर्गा नगर, भनपुरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ0ग0) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भनपुरी प0ह0नं0 39 रा0नि0म0 रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 181/1 का भाग रकबा 0.0048 हे. अर्थात् 518 वर्गफुट भूमि को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 14.11.2019 के माध्यम से विक्रेता / अनावेदकगण क्रमांक-01. श्रीराम साहू, 02. लक्ष्मण प्रसाद साहू, 03. लच्छी राम साहू, 04. लक्ष्मी नारायण साहू सभी पिता-स्व. अघनू राम साहू, 05. श्रीमती तिजिया बाई साहू पति मोतीराम साहू सभी निवासी- पुरानी बस्ती, भनपुरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ0ग0) से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि को आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनांक 20/02/2024 को अनिवार्य रूप से स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

कमांक/क/वाचक/तहसीलदार/रायपुर/2024
रायपुर, दिनांक 01/02/2024
ग्राम मोवा, प.ह.नं. 109/45

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल दास मखीजा पिता श्री मगन मखीजा निवासी निवासी आमदी मंदिर, वार्ड नं. 24, मोहन नगर दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के हक, कब्जे, स्वामित्वय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमश 167/6 व 168/6 का भाग. रकबा 2600 वर्गफुट भूमि है। जो कि मौजा मोवा, प.ह.नं. 45, रा.नि. मं. रायपुर एक, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, तथा संबंधित राजस्व अभिलेखों में नाम बतौर अनावेदक श्री प्रकाश कुमार पिता श्री होला राम कंवल पता देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. अनावेदक स्वामी के रूप में दर्ज है। आवेदक क्रय दिनांक 27/08/2012 से उक्त भूमि का प्रमाणीकरण कराया गया है किन्तु ऑनलाइन में नहीं दिखाई देने के कारण आज उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए आवेदक उपरोक्त वर्णित संपत्ति में क्रय दिनांक से काबिज है तथा किसी भी प्रकार का कोई विवाद की स्थिति नहीं बना है अपने भूमि को राजस्व अभिलेख में अपना नाम ऑनलाइन दर्ज कराना चाहते हैं जिसके चलते माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

आवेदक उपरोक्त वर्णित संपति में क्रय दिनांक से काबिज हैं एवं प्रकाश कुमार जो कि उक्त संपत्ति के समीप ही उसके स्वयं का संपत्ति है जिस पर वे भी क्रय दिनांक से काबिज है, जो कि आवेदन के साथ बी1 संलग्न किया गया है। अनावेदक क्रमांक 1 के द्वारा क्रय दिनांक 24.03.2007 के पश्चात प्रमाणीकरण करा लिया गया था जिसका रकबा 0.048 हे. अर्थात 5200 वर्गफुट भूमि था जिसमें से 2600 वर्गफुट भूमि गोपाल मखीजा को 27/08/2012 को विक्रय किया गया था और गोपाल मखीजा द्वारा दिनांक 04/01/2018 को श्रीमती राजकुमारी नारा को 1680 वर्गफुट भूमि को विक्रय किया गया था तथा शेष भूमि 920 वर्गफुट भूमि ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं हुआ है, आवेदक द्वारा जानकारी के अभाव में कभी भी ऑनलाइन नहीं कराया गया, जानकारी होते ही यह आवेदन माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकाश कुमार द्वारा अपनी बचत भूमि 2600 वर्गफुट भूमि में से जयप्रकाश पहवानी को 690 वर्गफुट भूमि विक्रय किया गया था तत्पश्चात जयप्रकाश पहवानी द्वारा उक्त भूमि को सुलोचना नथनी को दिनांक 20/06/2017 विक्रय कर दिया। जिसका प्रमाणीकरण आज दिनांक तक शेष है। जबकि प्रकाश कुमार के पास आज भी 2600 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक विहित समयावधि के भीतर तथा माननीय न्यायालय के श्रवाणाधिकार तथा क्षेत्राधिकार के भीतर प्रस्तुत कर रहा है। तथा प्रकाश कुमार की भूमि में से या अन्य अभिलेख का रकबा अवलोकन कर आवेदक के नाम पर दुरूस्ती किये जाने हेतु यह आवेदन माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा हैं। यह एक विधि के जानकारी के आभाव में किया गया मूल है ऐसे में कभी मी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है उसके लिए मियाद सम्बंधी कोई बंधन विधि में प्रभावित नहीं है फिर भी सावधानीवश यह आवेदन को समयसीमा में स्वीकार किये जाने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। आवेदक अपने आवेदन के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं तथा मविष्य में में दस्तावेज प्रस्तुत/ संशोधन करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखते है। उपरोक्त तथ्यों व अभ्यरों पर आवेदक का आवेदन स्वीकार करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्ति से संबंधित राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 29/02/2024 को होगी। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/02/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार संतोषी ग्राम छडिया
रा.नि.मं. छेरकापुर तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी पिता शिवप्रसाद जाति सतनामी ग्राम छडिया प0ह0नं0 28 रा0नि0म0 छेरकापुर तहसील पलारी जिला बलौदाबजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत अपने स्वयं संतोषी पिता शिवप्रसाद का जन्म दिनांक 01/07/1980 को ग्राम छडिया तहसील पलारी मे हुआ था जिसका पंजीयन भुल वंश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया इसलिए उक्त जन्म दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय मे विचारधिन है।

उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे अपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 26/02/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र. 202402210200024 अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कोदावा पी.एच.नं. 17 तहसील पलारी जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोदवा प.ह.नं. 17 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202402210200024 अ/ 2 वर्ष 2023-24 आवेदक धरमदास कुर्रे पिता हीरादास कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम केशला उर्फ लुटुडीह तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम कोदवा प.ह.नं. 17 तहसील पलारी स्थित भूमि ख.न. 102/20 रकबा 0.081 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 15/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/74 वर्ष 2023-24
पक्ष प्रकाश पिता जुगरू गायकवाड
मौजा ग्राम रामपुर प.ह.नं 44
रा.नि.मं. व तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश गायकवाड पिता जुगरू जाति सतनामी निवासी छड़िया तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की पुत्री प्रीति गायकवाड की जन्म दिनांक 17/10/2010 को ग्राम रामपुर ग्राम पंचायत कोसमंदा में हुआ है। जिसकी जन्म दिनांक का पजीयन नहीं करा पाया है। इसलिए आवेदक द्वारा अपनी पुत्री के जन्म दिनांक का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वय अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28.02.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील-मोहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/74 वर्ष 2023-24
पक्ष प्रकाश पिता जुगरू गायकवाड
मौजा ग्राम रामपुर प.ह.नं 44
रा.नि.मं. व तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश गायकवाड पिता जुगरू जाति सतनामी निवासी छड़िया तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र प्रीतम का जन्म दिनांक 16/11/2008 को ग्राम रामपुर ग्राम पंचायत कोसमंदा में हुआ है। जिसकी जन्म दिनांक का पंजीयन नहीं करा पाया है। इसलिए आवेदक द्वारा अपने पुत्र के जन्म दिनांक का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतःउक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28.02.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील-मोहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार देवकुमार ग्राम सेमरिया
रा. नि. मं. रोहांसी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकुमार पिता दिनदयाल जाति मरार निवासी ग्राम सेमरिया प0ह0नं0 47 रा. नि. मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेष किया गया है कि ग्राम सेमरिया स्थित भूमि ख.नं. 06 का रकबा 1.434 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक देवकुमार पिता दिनदयाल जाति मरार के नाम पर एकल खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब आवेदक को शासन से प्रदाय हुआ था जो कही गुम हो गया। इसलिए आवेदक के द्वारा उक्त भूमि का किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, चालान, एवं शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचारधिन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 21/02/2024 तक अपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा अपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 7/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईसहार जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार पलारी

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/74 वर्ष 2023-24
पक्षकार रोहित कुमार ग्राम-सलौनी
रा. नि. मं. छेरकापुर तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार पिता भाउराम जाति गोड ग्राम-सलौनी प0ह0नं0 32 रा0नि0म0 छेरकापुर तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पिता भाउराम पिता महासिंग का मृत्यु दिनांक 08/02/2017 को ग्राम-सलौनी तहसील पलारी में हुआ था जिसका पंजीयन भुल वश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचारधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे अपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 26/02/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ग्राम डड़जरा प0ह0नं0 10/ब-121
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता थानूराम जाति धोबी निवासी ग्राम डड़जरा प.ह.नं. 10 पुलिस चौकी देवरबीजा उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने आवेदक अपने माँ राही रूखमिन बाई निर्मलकर पति थानूराम निर्मलकर के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने / जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को पेश किया । आवेदक अपने मॉ राही रूखमिन बाई निर्मलकर के लिए मृत्यु स्थान डड़जरा दिनांक 26/04/2002 को हो हुआ है। तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2023-24 विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/02/2024 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 16/02/2024 को जारी किया गया।

सील — कार्यपालन दण्डाधिकारी देवरबीजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

निर्वाचन की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना ही कर्तव्य- सीईओ कंगाले

■ लोकसभा निर्वाचन के लिए 11 रिटर्निंग, 90 सहायक रिटर्निंग और 33 उप जिला निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा ने कहा है कि निर्वाचन की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना ही निर्वाचन अधिकारी की योग्यता की कसौटी है। निर्वाचन अधिकारी के प्रत्येक काम में यह प्रदर्शित होना चाहिए। लोकसभा आम निर्वाचन के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के सर्टिफिक्रेशन कार्यक्रम में श्रीमती कंगाले ने ये बातें कहीं।

मशीनों की उपयोगिता की बताई गई बारीकीयां

प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स डॉ. केआरआर सिंह, यूएस अग्रवाल, प्रणव सिंह, श्रीकांत वर्मा, पुलक भट्टाचार्य, गीता दीवान सहित राज्य स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) तथा व्हीव्हीपेट के उपयोग, मतदान दल एवं दिव्यांग मतदाता की सहूलियतों, पेड न्यूज़, मीडिया तथा मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी, मतगणना तथा परिणाम की घोषणा के साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग तथा मतगणना एप्लीकेशन पर भी जानकारी दी जा रही है।

नव पदस्थ जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिए लोकसभा आम निर्वाचन के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की भी आज शुरूआत हुई। श्रीमती कंगाले ने इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन-2024 में बीते विधानसभा निर्वाचन-2023 की तरह बेहतर और सुगम निर्वाचन की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। दोनों प्रशिक्षणों के शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव तथा डॉ. केआरआर सिंह सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी के दायित्वों, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, आदर्श आचरण संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर दी जा रही जानकारियों को आत्मसात कर आगामी लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारीगण निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

इतने अधिकारियों की भागीदारी

उल्लेखनीय है कि निमोरा स्थित छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के लिए 19 फरवरी से 23 फरवरी तक पाँच दिवसीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 11 रिटर्निंग अधिकारी, 15 जिला निर्वाचन अधिकारी, 33 उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा 90 सहायक रिटर्निंग अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

आयकर विभाग के सामने कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

■ बैंक अकाउंट फ्रीज करने को लेकर कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोला

रायपुर/नवप्रदेश। आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के खाते को फ्रीज कर दिया है। पार्टी इसे केंद्र सरकार का राजनीतिक हमला करार दिया है। इसे लेकर अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्टी आज सभी जिला मुख्यालयों में स्थित आयकर आफिस के सामने प्रदर्शन करती रही है। राजधानी रायपुर में भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी आयकर विभाग के दफ्तर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने इस प्रदेशव्यापी प्रदर्शन को लेकर सभी जिला अध्यक्षों को दिशा-निर्देश जारी किए थे। उन्होंने बैंक अकाउंट फ्रीज करने विरोध में सभी जिलों में आयकर विभाग के दफ्तरों के सामने आंदोलन करने के लिए कहा था।

विदित हो कि शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि कांग्रेस के सारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो चुका है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के सारे अकाउंट्स फ्रीज कर दिए गए हैं। अजय माकन ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये केवल अकाउंट फ्रीज नहीं हुए बल्कि देश का लोकतंत्र भी फ्रीज हो गया है।

वार्डवासियों ने की विधायक से मुलाकात, बताई समस्या

भाटापारा/नवप्रदेश। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 25 के निवासियों ने विधायक इंद्र साव से मुलाकात कर वार्ड की मूलभूत समस्या सड़क व नाली निर्माण करने की मांग की। साथ ही वार्डवासियों ने वार्ड में नाली की सफाई नहीं होने से नाली का पानी सड़क पर आने की समस्या से अवगत कराया। इस पर विधायक इंद्र साव ने संबंधित अधिकारियों से बात कर सड़क व नाली निर्माण करने का आश्वासन दिया।

एचपी जोशी की लिखित काव्य संग्रह 'लिख दूँ क्या ' का शीघ्र विमोचन

■ ऑनलाइन किताब 1 जनवरी 2024 से प्रकाशित हो चुकी है।

रायपुर/नवप्रदेश। हुलेश्वर प्रसाद जोशी द्वारा लिखित काव्य संग्रह ÷लिख दूँ क्या ?÷ के प्रथम संस्करण का प्रकाशन 01 जनवरी 2024 को www.thebharat.co.in में Online माध्यम से हो चुकी है। इस किताब के हार्डकॉपी वर्जन का शीघ्र विमोचन होना प्रस्तावित है। विमोचन संबंधित जानकारी पृथक से दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस किताब की Online अध्ययन के लिए पाठकों को किसी भी प्रकार से राशि व्यय नहीं करना होगा, बल्कि www.thebharat.co.in में लॉगऑन करके कोई भी पाठक इसे पढ़ सकता है। इसके अलावा दिए गए QR Code को स्कैन करके भी किताब का अध्ययन किया जा सकता है।

लिख दूँ क्या ? काव्य संग्रह मूलतः ठेठ ग्रामीण हिन्दी भाषा एवं छत्तीसगढ़ी बोली में लिखी गई है। कविता के माध्यम से जहां एक ओर निर्मल और निश्छल प्रेम को अमर करने के ध्येय से प्रेमी-प्रेमिकाओं के मुक्त कल्पनाओं की पराकाष्ठा को चित्रांकित करने का प्रयास किया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रेम प्रस्ताव के नाम पर रूप-सौन्दर्य एवं ललित कलाओं के दुरुपयोग का भी वर्णन है। कवि ने भावनाओं का निष्ठापूर्वक समावेश करते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से वर्तमान जनजीवन को वर्णित करने का प्रयास किया है।

पीएससी में गलत सवाल पूछा जाना क्या युवाओं के साथ खिलवाड़ नहीं : उमेश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। पीएससी में अनेक गलत सवाल पूछे जाने को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ निरूपित करते हुए पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा है कि भाजपा ने पीएससी को लेकर बड़े-बड़े आरोप लगाये और जांच भी संस्थित की है। मेरा स्पष्ट मत है कि हर गड़बड़ी की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

उमेश पटेल ने मांग की है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भी पीएससी में हो रही गड़बड़ियों को भी उसी जांच के दायरे में लिया जाए जो जांच पूर्व के तथाकथित गडबडियों के आरोपों को लेकर की जा रही है।

पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा है कि अभी छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा की रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में पीएससी के प्रश्न पत्र लीक किए जाने की व्यवस्थित गड़बड़ी के इतिहास को नहीं भूली है।

चरित्र पर शंका में हत्या का प्रयास आरोपी को 10 वर्ष की सजा

भाटापारा/नवप्रदेश। अपर सत्र न्यायाधीश ने अपनी पत्नी की चरित्र पर शंका के चलते हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

नयापारा वार्ड में अपनी पत्नी की हत्या करने के आशय से कपड़ा धोने के कुटेला से मारपीट करने के आरोपी तितरा उर्फ छोटू मसीह को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ ने 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रुपये के आर्थिक दण्ड से दंडित किया। अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थिया ने थाने में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ससुर डकैती के मामले में जेल से सजा काटकर आया है तब से उसकी सास के साथ चरित्र शंका कर आये दिन मारपीट करने को तैयार हो जाता था, जिसके डर के कारण उसकी सास अपनी बेटी के घर तिल्दा गयी थी, 13.अक्टूबर 2021 को सोसाइटी से राशन लेने अपनी बेटी दमाद के साथ भाटापारा आयी।

5 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। बोराई थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों से साढ़े पांच किलो गांजा जप्त किया। इनमें एक आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया।

थाना प्रभारी बोराई निरी.प्रमोद अमलतास को मुखबीर से सूचना मिली कि मोतिमडीह मोड़ के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहे हैं कि सूचना पर तत्काल थाना स्टॉफ के साथ मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कि गई एवं आरोपी नाथू मरकाम पिता सुकमन मरकाम मिला एवं मुख्य आरोपी प्रेमलाल मरकाम पिता पिलू राम मरकाम साकिन रावनागुड़ा ओडिशा मोटर सायकल से फरार हो गया।

मौके पर गिरफ्तार आरोपी नाथू मरकाम से पूछताछ कर उनके पास रखे एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में मादक पदार्थ गांजा 5 किलो 400 ग्राम एवं बिकी रकम 1790/ रू मिला जुमला कीमती 1,08,000/रूपये गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना बोराई में अप. क्र. 04/24 धारा 20 (ख) एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत् वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है एवं फरार आरोपी कि पतासाजी कर अग्रिम कार्यवाही कि जायेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400189/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बुधुराम भोई आ./पति तिलकराम भोई निवासी सेक्चर-4 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 230/11 रकबा 0.02 हें/ 2000 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400282/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पुनीतराम यादव आ./पति बिशेशर सिंह यादव निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 230/9 रकबा 0.02 हें/ 2000 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400321/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टी. प्रकाश आ./ पति तम्बी कोचू कुजु निवासी कचांदुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कचांदुर प.ह.न. 12 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 860/1 रकबा 0.29 हें/ कृषि मुर्गी पालन अण्डा उत्पादन एवं डेयरी औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400320/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टी. प्रकाश आ./ पति तम्बी कोचू कुजु निवासी कचांदुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कचांदुर प.ह.न. 12 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 859/1 रकबा 0.28 हें/ कृषि मुर्गी पालन अण्डा उत्पादन एवं डेयरी औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300124 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम बानबरद, प.ह.न.06 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उबारन टंडन आ./पति फुलदास निवासी नंदिनी नगर अहिवारा द्वारा ग्राम बानबरद प.ह.न. 06 रा.नि.मं. तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 1636/23 रकबा 0.02 हें भू-राजस्व 0.04 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 06.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 06.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300122 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम बानबरद, प.ह.न.06 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुमित्रा देवी मिश्रा आ./पति अनिल मिश्रा व अन्य 01 जाति ब्राम्हण निवासी अहिवारा द्वारा ग्राम बानबरद प.ह.न. 06 रा.नि.मं. तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 462/3 रकबा 0.0184 हें भू-राजस्व 0.02 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 06.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 06.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401100800045 /अ-27/वर्ष 2023-24

ग्राम-मोतिमपुर, प.ह.न. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुषमा सोनकर पति भीषम सोनकर निवासी ग्राम धमधा तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम मोतिमपुर प.ह.न. 17 तह. धमधा जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 308/2, 311, 312, 315 रकबा 0.06, 0.59, 0.78, 0.18 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.61 हे. भूमि योगेन्द्र कुमार माली, भवेन्द्र कुमार माली, सावित्री सभी पिता लखनलाल माली, डिकेश, गुलशन कुमार सोनकर दोनो पिता नरोत्तम, राजीव माली, ना.बा. ऋषभ माली दोनो पिता भीषम माली एवं सुषमा पति भीषम के नाम पर सहखातेदार भूमिस्वामी के रुप में दर्ज है। उक्त भूमि का आपसी बटवारा कराने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया जाकर वाद भूमि का नकल खसरा बी-1, ऋण पुस्तिका एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति/कृषक या अन्य को उक्त खाता बटवारा कराने के संबंध में कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं अथवा अपने विधिका अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22.02.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402104300123 /अ-2/वर्ष 2023-24

ग्राम बानबरद, प.ह.न.06 तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका कमलेश गुप्ता आ./पति रामाधार गुप्ता निवासी नंदिनी नगर अहिवारा द्वारा ग्राम बानबरद प.ह.न. 06 रा.नि.मं. तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 1636/46 रकबा 0.02 हें भू-राजस्व 0.04 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 06.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 06.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्र. / 19 / न.पा.नि./ जलप्रदाय शाखा/2024-25/ बीरगांव, दिनांक 09/02/2024

मैन्यूअल पद्धति वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना (2024-25)

निकाय की जलप्रदाय शाखा में निम्नानुसार कार्य हेतु निविदा प्रपत्र 'बी' में पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 26.02.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 26.02.2024 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 01.03.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 01.03.2024 सायं 4.00 बजे ।

क्र.	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाख रू.)
1.	डी. आई. पाईप लाईन मरम्मत कार्य व इंटरकनेक्शन कार्य (लेबर वर्क)	19.50
2.	जी. आई. पाईप लाईन मरम्मत कार्य (लेबर वर्क)	19.85

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध, हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	सिस्टम नम्बर	द्वितीय निविदा सूचना क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख मे)
1.	152982	228	Providing, laying, jointing, testing and commissioning of Distribution Network 100 mm to 150 mm dia D.I. K-7 Pipe with suitable joints all fittings including all allied civil works with testing and 03 months trial run under Bemetara Aug. Water Supply Scheme, District Bemetara. 100 mm dia D.I. K-7 pipe - 1800 150 mm dia D.I. K-7 pipe - 550	

1. बिड प्रारंभ की अंतिम तिथि - 21.02.2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 28.02.2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 21.02.2024 से देखे जा सकते है।

जी- 07904/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्र.-1, रायपुर

मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्रमांक 1068/एन.आई.टी.-45/टी.सी./23-24 — रायपुर दिनांक, 16/02/2024

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखों में)
1.	Painting Work on Road Divider of Various Road under Maintenance Sub Division Raipur	9.51
2.	S/R. MOW, Deposit and Other Works under Maintenance Sub Division Raipur	20.00
3.	Deposit Work of Head Qtr. Section No.-3 under Maintenance Sub Division Raipur	20.00
4.	Petty Bazar Supply Articles in Section No.-3 Pension Bada under Maintenance Sub Division Raipur	5.00
5.	White Washing, Colour Washing, Distempering and Painting Work of Govt Chhattisgarh Collage Byron Bazar Raipur under Maintenance Sub Division Raipur	6.00
6.	White Washing, Colour Washing, Distempering & Painting Work of SC and ST Hostel Building Old Pension Bada under Maintenance Sub Division Raipur	5.00
7.	Deposit Work of Samgra Shiksha Building Pension Bada Head Qtr Section No 3 under Maintenance Sub Division Raipur	20.00

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि- 29.02.2024

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते - स.क्र.-4 के निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकार के पास नगर निगम रायपुर का गुमास्ता प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।

जी-07916/1

कार्यापालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1
रायपुर

न्यूज गैलरी

19 स्कूलों के चालक-परिचालक ने कराया स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशानुसार स्कूली छात्र/छात्राओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित परिवहन हेतु छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों का निर्धारित मापदण्ड के अनुसार स्कूल बस चेकिंग एवं चालक-परिचालक का स्वास्थ्य/ नेत्र परीक्षण 4 फ़रवरी को जिला परिवहन कार्यालय परिसर बेमेतरा में आयोजित किया गया था। जिला बेमेतरा में कुल 35 ऐसे स्कूल हैं, जहाँ स्कूल बसों का संचालन किया जा रहा है, कुल 35 स्कूलों में संचालित हो रहे 147 बसों में 19 स्कूलों के केवल 95 बसे निरीक्षण हेतु लाये गये थे शेष स्कूलों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया गया। जिन स्कूलों द्वारा 4 फ़रवरी को बस प्रस्तुत नहीं किया गया है उनके स्कूलों में औचक निरीक्षण किया जाएगा।

एसडीओपी ने युवाओं को अपने सपने पूरे करने के दिए टिप्स

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस द्वारा रक्षित केन्द्र में युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर में भर्ती होने के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां युवा रोज सुबह से ही पसीने बहा रहे है। उन्हें निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। आज 19 फरवरी सोमवार को सुबह एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा पहुचें, जहां उन्होंने पुलिस एवं अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं खुब मन लगाकर पूरी लगन-निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित सभी युवाओं से बातचीत कर शारीरिक और लिखित परीक्षा के संबंध में चर्चा कर युवाओं को अपने भविष्य के लक्ष्य को पुरा करने के लिए दृढ संकल्प से मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का हौसला अफजाई किया और अपने अनुभव भी साक्षा किये।

डोंगरगढ़ अश्लील वीडियो केस में पकड़ा गया शातिर बदमाश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ में माता मंदिर की सीढ़ियों लगाई गई टीवी में अश्लील वीडियो चलाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़ा गया बदमाश काफी शातिर था. पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 100 से ज्यादा सीसीटीवी के फुटेज खंगाले तब जाकर युवक पकड़ा जा सका। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर स्मार्ट टीवी से फोन को कनेक्ट कर दिया था।

पुलिस ने युवक को पकड़ने के लिए बड़ा अभियान चलाया। मंदिर के आस पास लगे सीसीटीवी से लेकर इलाके के सारे कैमरों के फुटेज खंगाल डाले. सीसीटीवी फुटेज खंगालने के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध हालत में मंदिर की सीढ़ियों के पास नजर आया। पुलिस ने देखा कि युवक अपने मोबाइल फोन से टीवी को देखकर कुछ कनेक्ट करने की कोशिश कर रहा है। सुराग मिलते ही पुलिस ने वाई फाई और ब्लू टूथ से कनेक्ट होने वाले 200 नंबरों को खंगाला तब कहीं जाकर आरोपी का नंबर पकड़ में आया।

5 करोड़ का गांजा तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा

महासमुंद में 59 लाख का गांजा जप्त, 5 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश।, पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. एक ट्रक से 334 किलो गांजा तस्करी करते एक आरोपी को धरदबोचा है. जब्त गांजे की कीमत 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है. आरोपी ओड़िशा से उत्तरप्रदेश के एटावा ट्रक में गांजा छुपाकर ले जा रहे था.बता दें कि पुलिस को मुखबिर से तस्करी की सूचना मिली थी. जिसके बाद चिल्फ़ी पुलिस ने नाकेबंदी कर ट्रक को कब्जे में लिया और पड़ताल शुरू की. इस दौरान पुलिस ने 334 किलो गांजा जब्त किया. मामले में पुलिस ने आरोपी इशाक अहमद उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ चिल्फ़ी पुलिस नॉरकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है. दो दिन पूर्व चिल्फ़ी पुलिस ने 15 करोड़ से अधिक का गांजा जब्त किया था.

59 लाख का गांजा जप्त

इधर महासमुंद पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. अलग-अलग तीन मामले में पुलिस ने 59,40,000 रुपए का अवैध गांजा, 2 कार, 1 मोटर साइकिल, 5 नग मोबाइल और नगदी जब्त की है. जब्त सामग्री की कुल कीमत 69,76,800 रुपए आंकी जा रही है. मामले में पुलिस ने 5 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है.बका दें कि पुलिस ने बीते दो दिनों में 350 किग्रा से अधिक का गांजा जब्त किया है. शातिर तस्कर वाहनों में गुप्त चेम्बर बनाकर कर गांजा की तस्करी कर रहे थे. हालांकि, पुलिस ने इनके साजिश को नाकाम करते हुए धरदबोचा है. पुलिस लगातार नेशनल हाइवे पर सघन चेकिंग कर रही है.तस्करी का पहला मामला सिंघोड़ा का है. जहां पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कार क्रमांक ष्टत्र 07८॥ 2415 दो व्यक्ति गांजा रखकर ओड़िशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं. जिसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर जांच की. हालांकि, वाहन में सवार 2 तस्करों ने गाड़ी छोड़कर भागने की कोशिश भी, लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया. मामले में पुलिस ने सुधीर जोशी और लखन राजपूत को गिरफ्तार किया है. दोनों गाड़ी में चेंबर बनाकर गांजा की तस्करी कर रहे थे. आरोपियों के पास से 1 क्विंटल गांजा बरामद किया गया है. गांजा की कीमत 50,00,000 रुपये आंकी जा रही है. तस्करी का दूसरा मामला सिंघोड़ा के ग्राम मुरमुरी क्षेत्र का है. जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटर साइकिल क्रमांक OD 27 B 6843 में दो तस्कर गांजा रखकर ओड़िशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं. जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को धरदबोचा. शातिर आरोपी पुलिस से बचने के लिए मोटर साइकिल के सीट कवर के नीचे गांजा लेकर जा रहे थे. दोनों के पास से 6 किलों गांजा बरामद किया गया है. जिसकी कीमत 3 लाख रुपए आंकी जा रही है।

पीजी कॉलेज ग्राउंड में 24 फरवरी से 4 मार्च तक सरस मेला

मेले में समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों की लगेगी प्रदर्शनी, होगा विक्रय

कलेक्टर ने सरस मेला आयोजन स्थल का निरीक्षण किया

कवर्धा/नवप्रदेश। श्री विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में पहली बार सरस मेला का आयोजन होगा। कबीरधाम जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज मैदान में 24 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ कबीरधाम जिले के स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 10 दिवसीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को आम जनता के लिए विक्रय के लिए रखा जाएगा। सरस मेले में लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने सरस मेला के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियो को कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि 24 फरवरी से आयोजित होने वाले क्षेत्रीय सरस मेला के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मेले में 200 स्टाल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे 10 दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति का रंगा-रंग प्रस्तुति होगी। प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जिले के निवासी क्षेत्रीय सरस मेला का आनंद ले सकेंगे। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के लगभग 20 से 25 जिले के महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य कबीरधाम में आकर अपने उत्पादन को विक्रय एवं प्रदर्शनी के लिए रखेंगे। यहां पहला अवसर है जब कबीरधाम जिले में इतने बड़े पैमाने पर समूह के उत्पादकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है, जिसमें समूह द्वारा ख्याति प्राप्त सामग्रियां जिलेवासियों के लिए उपलब्ध होगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के माध्यम से कार्य करने वाले महिला समूह के लिए यहां स्वर्णिम अवसर होगा जहां पर उत्पादन सीधे आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके साथ स्वदेशी मेला एवं क्राफ्ट बाजार भी रहेगा। पीजी कॉलेज मैदान में 24 फरवरी से होने वाले 10 दिवसीय सरस मेला में 200 स्टालों से महिला स्व-सहायता समूह की सामग्रियों के साथ स्वदेशी मेला व क्राफ्ट बाजार भी रहेगा। मीना बाजार में बच्चों के लिए झूले एवं खेलकूद के अन्य साधन रहेंगे। चटपटे व्यंजनों के साथ फूड कोर्ट होगा। इस तरह पूरे 10 दिवस जिले वासियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेले का लुफ्त उठा सकेंगे।

देवकर पुलिस ने 3.5 किलो गांजा के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर स्टाफ को 18 फरवरी को मुखबीर से सुचना मिला कि रमेश साहू निवासी शितलापारा देवकर अपने घर में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिये रखा हुआ हैं की सूचना पर पुलिस चौकी देवकर स्टाफ व गवाहों के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 3.5 किग्रा कीमती करीबन 35 हजार रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जिसमें आरोपी रमेश साहू पिता बहादूर साहू उम्र 38 साल साकिन सितलापारा देवकर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि गौकरण वर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, अजय लहरे, विनोद पात्रे, आरक्षक नुरेश वर्मा,

अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

कोचिये से 18 पौवा शराब जप्त

थाना परपोडी में 18 फरवरी को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी कोचिये संजय जांगडे पिता जगदीश जोगडे उम्र जिला 32 साल साकिन लूक थाना परपोडी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये के कब्जे से कुल 18 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1440 रूपये व बिक्री नगदी रकम 300 रूपये कुल जुमला 1740 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा मंगलवार को जिलें के 2 विपत्तिग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रूपये की मान से 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरुप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चोरभट्ठी तहसील साजा निवासी तुषार की डैम में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन रविलाल को चार लाख रुपये, तहसील साजा निवासी कन्हैया ठाकुर की तालाब मे डूबने से मृत्यु होने पर परिजन शिवकुमारी गोंड को चार लाख रुपये, की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का वर्चुअर्ल लोकार्पण आज

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को 20.56 करोड़ रूपए से निर्मित कबीरधाम जिले के महराजपुर स्थित नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का वचुअर्ल लोकार्पण करेंगे। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन के वचुअर्ल लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। यहां बताया गया कि लोकार्पण की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस लोकार्पण समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति केन्द्रीय विद्यायल श्री जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, उपायुक्त श्री विनोद कुमार, सहायक आयुक्त श्री रविन्द्र कुमार, श्री विवेक कुमार चौहान और केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ श्री एसआर कुजुर भी शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय विद्यालय भवन निर्माण कार्यो की आधारशीला वर्ष 2017 में रखी गई थी। वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं तक संचालित है। जिसमें 486 विद्यार्थी अध्यनरत है। अध्यनरत विद्यार्थियों में 248 छात्र और 238 छात्राएं शामिल है। नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन में सभी कक्षाएं उच्च स्तरीय तरीके से बनाएं गए है।

आत्मरक्षा शिविर में 100 बालिकाओं ने दी भागीदारी

कवर्धा/नवप्रदेश। 19 फरवरी 2024। बालिकाओं के सुरक्षा बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए ''बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं'' योजना अंतर्गत् आकांक्षीय विकासखंड बोड़ला में 16 से 18 फरवरी 2024 तक शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आत्मरक्षा शिविर में 100 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। तीन दिवसीय आत्मरक्षा शिविर के समापन समारोह में कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री आकाश सिंह राजपूत, श्री मनीष निषाद एवं आकांक्षी ब्लॉक फेलो सुश्री कुमुद मिश्रा ने बालिकाओं प्रशिक्षण दिया।कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत उपस्थित समस्त बालिकाओ को उक्त अभियान के तहत जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर के लिए प्रेरणा एवं आगे की पढ़ाई के लिए जानकारी दी।आकांक्षी विकासखंड में बालिकाओं के शिक्षा स्तर को सुधारने एव अपर प्राइमरी से हाई स्कूल तथा हाई स्कूल सेहायर सेकेंडरी स्कूल के ट्रांजिशन रेट को सुधारने की महत्वपूर्ण कोशिश की गई।

बक्से नहीं जायेंगे अवैध शराब बेचने वाले: एसपी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत बेमेतरा पुलिस द्वारा नये एसपी रामकृष्ण साहू के आने के बाद अवैध शराब के 63 प्रकरण में 72 आरोपियों के विरूद्ध की कार्यवाही गई है। जिसमें अवैध शराब बिक्री, अवैध परिवहन, आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। जिसमें 63 प्रकरण दर्ज कर 72 आरोपियों के कब्जे से कुल जुमला 2008 पौवा देशी प्लेन/मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 2,08,745 रूपये जप्त किया गया हैं।

बेमेतरा पुलिस की अपील - बेमेतरा पुलिस की आमजन से अपील की हैं कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की जानकारी हाने पर पुलिस कंट्रोल रूम बेमेतरा के नंबर 9479192013 में सूचना देने तथा अवैध कारोबारियों की सूचना देने वालों को किया जायेगा पुरस्कृत और नाम गोपनीय रखी जायेगी।

संत समागम व प्रवचन में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कबीर पंथी साहू समाज व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संत सम्राट सदगुरू कबीर साहेब की असीम कृपा से ग्राम खुटेरी में तीन दिवसीय सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। सात्विक चैकी आरती महंत श्री मनहरण साहेब जी के सानिध्य में हुआ। रविवार को संत समागम प्रवचन सुनने व संत साहेब जी से आर्शीवाद लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पहुंचे।

संत समागम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संतों के समागम व उनके दिव्य प्रवचनों का सुनने का मौका मिला, जिसके लिए संत साहेब जी को शत.शत प्रणाम करता हूं। श्री छाबड़ा ने सदगुरू कबीरदास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीरदास जी अपना पूरा जीवन समाज की बुराइयों को दूर करने में लगा दिया। संत शिरोमणी कबीर दास जी महज एक नाम नहीं हैं वह मानवता की एक पूरी मिसाल हैं, मानव को मानवता की ओर ले जाने में संत कबीर दास जी का अहम योगदान रहा है। युगदृष्टा संत कबीर दास ने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक, आध्यात्मिक जीवन में अतुलनीय योगदान है, उनकी एक-एक बात अनमोल है उनकी वाणी को संकल्प के साथ अपने जीवन में आत्मसात करें उनके बताएं मार्ग पर चले। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, पार्षद मनीष साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी निर्मलकर, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

जगदगुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने पर हम गौरवान्वित हैं: योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रख्यात विद्वान, संस्कृताचार्य, रचनाकार, दार्शनिक, हिन्दू धर्मगुरु तथा तुलसी पीठ के संस्थापक जगद्गुरु रामभद्राचार्य को हाल ही में 58 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक पद्म विभूषण भी मिल चुका है। इस अवसर पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी को बधाई देते हुए, उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की हैं। किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि महान विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि, हमें इस बात का गर्व है कि भाजपा सरकार में ऐसे महापुरुषों को सम्मान मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों ने धार्मिक विद्वानों को हमेशा ही दरनिकार करती रही है। योगेश तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार को इस सम्मान के लिए बहुत बहुत बधाई देते हुए कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य को सम्मान दिया जाना सर्व हिन्दू सनातन संगठन के लिए गर्व की बात है।

आयकर कार्यालय के सामने कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके यह कदम लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 19 फरवरी को जिला मुख्यालय, राजनांदगाव के आयकर कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला पंचायत-जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के पदाधिकारी, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित समस्त मोर्चा-प्रकोष्ठ-कांग्रेसजन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर-जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षद्वय कुलबीर सिंह छाबड़ा, भागवत साहू, अमित चंद्रवंशी, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख सहित सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कलेक्टर ने की शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल केन्द्र शासन की प्रधानमंत्री जनमन योजना का ग्राम स्तर पर ठोस क्रियान्वयन के लिए कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल बोड़ला और पंड़रिया के हर बैगा बाहूल ग्रामों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक-एक जिला स्तरीय अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन से प्राप्त आदेश-दिशा निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना राज्य शासन की सर्व प्राथमिकता में शामिल अहम योजना है। इस योजना का ग्राम स्तर पर प्रत्येक बैगा बाहूल ग्रामों में योजना में शामिल सभी विशेष कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्राम नोडल अधिकारी बनाए गए है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने ग्रामों को दौरा करने और वहां निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवारों से संपर्क करे। इस योजना में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सहित सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यों की पूरी संवेदनशिलता के साथ मॉनिटरिंग करें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी बैगा हितग्राहियों से ग्राम स्तर पर संपर्क करें और उनके लिए स्वीकृत पक्का आवास को पूरा करने में पूरा मार्गदर्शन दे। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्रामों में बड़ी संख्या में आवास की स्वीकृति मिली है। आवास निर्माण कार्या में किसी प्रकार की कोताही या गड़बडी ना हो इसके लिए ग्राम स्तर पर काम करने वाले राजमिस्त्रियों की पूरी जानकारी लेंगे। बैठक में बताया कि कबीरधाम जिले के बोडला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत बैगा परिवारों के लिए प्रथम चरण में 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें 2996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी की गई है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

परिणय सूत्र में बंधे 37 जोड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष ने भेंट किए उपहार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। परिणय सूत्र में बंधे 37 जोड़े, जपं अध्यक्ष प्रतिक्षा भंडारी ने भेंट किए उपहार राजनांदगांव। महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सामूहिक विवाह में 37 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। इन नए दंपतियों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया और उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने शासन की योजना के तहत दिए जाने वाले उपहार युगलों को भेंट किए। जपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने नव युगलों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि- ये दुनिया का सबसे अनूठा और पवित्र बंधन है। सात फेरों, वचनों के साथ ही दो ऐसे लोग जीवन भर के लिए जुड़ जाते हैं जिनके स्वभाव विपरित हो सकते हैं फिर भी उनके विचार एक समान हो जाते हैं। इस रिश्ते में एक-दूसरे के साथ मित्रवत जीवन साझा करने से सांसरिक पहलु तो आसान हो ही जाता है, बल्कि भगवती भी दोनों को अपना आशीष देती हैं। ऐसे युगलों का घर फलता-फुलता है। परिवार में खुशहाली बनी रहती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नए जोड़ों को 21 हजार रुपए का चेक और 15 हजार रुपए की सामग्री उपहार में दी। इसके अलावा 6 हजार रुपए की सिंगर सामग्री भी प्रदान की गई। यह उपहार शासन की योजना के तहत प्रदान किए गए। इस दौरान लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, सभापति खिलेश्वरी साहू, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री खुटेल, सरपंच दानी देवलाल उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 187 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें दूरदराज से पहुंचे आमजनों से आय, जाति और निवास के लिए 55, ऋण पुस्तिका के 08 आवेदन तथा अन्य आवेदन नामांकन, सीमांकन, डायवर्सन, अभिलेख दुरुस्ती, बटांकन सहित विभिन्न राजस्व मामलों के प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर निराकरण कर लिया। कलेक्टर राहुल देव ने शिविर का अवलोकन किया और आमजनों से उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमसस्या निवारण किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका तथा छात्र-छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

जिपं की सामान्यसभा में राशन व्यवस्था पर सवाल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा का आयोजन उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में प्रतिवेदन एवं एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव आचार संहिता से पूर्व सभी स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागेश्वरी वर्मा एवं श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी ने चावल वितरण व राशन दुकानों के संचालन पर चिंता व्यक्त की। सदस्य श्रीमती दुर्गा साहू ने अस्पताल द्वारा मरीजों की सही उपचार नहीं किए जाने की बात बैठक में प्रमुख रूप से रखी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने विद्युत विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन विकास के कार्यों में इस तरह से लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत सदस्य भारती लोकराम साहू, अश्वनी मरावी, वालीउल्लाह शेख, अंबालिका साहू, जागेश्वरी वर्मा, दुर्गा साहू रजनी सोनवानी, रानु केसरवानी, उपसंचालक भूमिका देसाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

132 लोगों ने उठाया फ्री आई टैस्ट कैंप का लाभ

रायगढ़/नवप्रदेश। अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट बनोरा की शाखा रायगढ़ में माह में नियमित दो बार आयोजित होने वाली निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 132 मरीजों को लाभ मिला। नेत्र जांच डॉ. आरके अग्रवाल द्वारा की गई। ये मरीज बनोरा, सकरबोगा, कोसमपाली, लोईग, डूमरपाली, कुकुर्दा, महापल्ली, कोतरलिया, सियारपाली, सालेओंना, ढुलून्डा, विश्वनाथपाली, भोजपल्ली, कोतरलिया,कांटापली, कुमर, एकताल, जामगांव, रायगढ़, आमपाली, पंचधार, भिखारीमाल, एम कांटापली आदि गांवों से आए थे। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली जनता अज्ञानता या साधनों की कमी की वजह से मूलभूत आवश्यकता चिकित्सा से वंचित रह जाती है। ऐसे लोगों को बनोरा में आयोजित निःशुल्क शिविर से लाभ मिलता है।

छग एकादश बना चैम्पियन

रायगढ़/नवप्रदेश। पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में आयोजित 34वें आमंत्रण कप अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायगढ़ डीसीए एवं छत्तीसगढ़ एकादश टीम के मध्य खेला गया। जहां प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए छत्तीसगढ़ एकादश की टीम ने मैच में जीत हासिल की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व पूर्व विधायक प्रकाश नायक के हाथों विजेता व उपविजेता टीम के साथ ही प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायगढ़ डीसीए की टीम ने निर्धारित 30 ओवर के खेल में 81 रन के स्कोर पर ही अपने 10 विकेट गंवा दिए।

'महतारी' के लिए बैंक का चक्कर लगाने मजबूर हैं महिलाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाओं को बैंक में लेन देन नही होने की वजह से इनऑपरेटिव में चले गये खाते को पुनः चालू कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केवाईसी अपडेट के साथ ही उन्हे दो-तीन दिनों से बैंको में भटकना पड़ रहा है। खाता चालू करने के लिए उन्हे एक सप्ताह के बाद खाता चालू होने की बात कही जा रही है। जिससे महिलाओं में निराशा बनी हुई है। जिले में कुल 2 लाख 11 हजार महिलाओं ने आवेदन फार्म जमा किये है। जिसमें 1 लाख 84 हजार आवेदन ऑनलाईन हो गया है।

जिले में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में आवेदन फार्म भरने का उत्साह बना हुआ है। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने शासन की महत्वपूर्ण योजना है, योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपये की राशि प्रदान की जावेगी। जिले में 2 लाख 54 हजार 848 लक्ष्य की तुलना में अभी तक 2 लाख 11 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें 1 लाख 84 हजार आवेदन ऑनलाईन हो गया है। 20 फरवरी 2024 तक आवेदन लेकर एंट्री करना है, निर्धारित तिथि उपरांत पात्र महिलाओं को राशि का अंतरण किया जावेगा। जिसे ध्यान में रखकर महिलाएं आवेदन फार्म जमा करने के लिये जी-जान से जुटी हुई है। इस योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्सुकता है। योजना का लाभ लेने महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संपर्क में महिलाएं आवेदन फार्म जमा कर रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निम्न तबके की महिलाओं के बैंको में खुले खाते लेन-देन नही होने की वजह से इनऑपरेटिव में चले गये है। इन बंद खातों को चालू कराने में महिलाओं को बैंक का चक्कर काटना पड़ रहा है। अलग-अलग बैंकों में इसके लिए कई प्रकार के नियम बताये जा रहे है। कुछ बैंको में खाता चालू कराने के लिए शुल्क के साथ आधार कार्ड, फोटो, पेन कार्ड की मांग की जा रही है। कागजात पूर्ण करने के बाद महिलाएं बैंक जाती है तो उन्हे 2 बजे से 4 बजे के मध्य ही आने को कहा जाता है। ग्रामीण क्षेत्र से आयी महिलाओं को दिन भर बैंक के पास ही भटकना पड़ रहा है। बैंक पहुंची ग्रामीण महिला का कहना है कि योजना हमारे लिये किसी वरदान से कम नहीं है। उनके परिवार में उनके अलावा दो बहू भी हैं। परिवार में तीनों महिलाओं को उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। वे इन पैसों से छोटा-मोटा धंधा भी शुरू कर सकती हैं। बाजार में सब्जी बेचने का काम करने वाली देविका सोनकर, लक्ष्मीन पटेल कहती हैं कि महंगाई के जमाने में रोजमर्रा की जिंदगी आर्थिक तंगी से कटती है। ऐसे में प्रतिमाह एक हजार रूपये मिलने से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार 1-1 हजार रूपये मिलते हैं तो आयेगा। उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि सीधे बैंक खाते में जमा होगी। योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं अपने स्वास्थ्य, निजी खर्च तथा लघु उद्योग के लिए कर सकती है। महिलाओं की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए यह योजना काफी लाभदायक सिद्ध होगी।

शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी

महतारी वंदन योजना शासन का महत्वपूर्ण योजना है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवेदन फार्म भराये जा रहे है। बैंक अधिकारियों को महतारी वंदन योजना के तहत खाता अपडेट कराने वाली महिलाओं को सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है। शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी।

-विजेन्द्र पाटले, अपर कलेक्टर मुंगेली

पीएम आवास निर्माण में खामियां बता कर 150 लोगों से ठगी, तीन गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। खुद को शासकीय अधिकारी बता कर गांव में बन रहे मकानों में ठीक तरीके से निर्माण नहीं करने के साथ समय पर मकान पूरा नहीं करने और फाइन लगाने की धमकी देकर आवास निर्माण के हितग्राहियों से ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी झारखंड के साथ छत्तसीगढ़ और दूसरे राज्यों में घूम घूम कर ठगी कर फरार हो जाते थे। कुछ दिन पहले ही बतौली में इसी तरह की ठगी ग्रामीणों से की थी, जिसके बाद से पुलिस अलर्ट मोड पर थी। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के गंगापुर में तीन संदिग्ध बिना नम्बर की मोटरसाइकिल में घूम कर निर्माणाधीन मकान तलाश रहे हैं। सूचना पर साइबर सेल, स्पेशल टीम तत्काल गंगापुर जाकर घेराबंदी कर 2 अपाचे मोटरसाइकिल में घूम रहे तीनों संदेहियों को रोककर पूछताछ की। तीनों ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन मकान में जाकर आवास योजना अंतर्गत स्वयं को पर्यवेक्षण अधिकारी बताकर मकान निर्माण कार्य में अनियमितता व देरी से निर्माण का हवाला देते हुए उनसे 20-30 हजार रुपए की ठगी कर लेते थे।साथ ही आगे कार्रवाई नहीं करने का विश्वास दिलाते हुए ग्रामीणों को हाथ में नगदी रकम के साथ अपने पास रखे टैबलेट कम्प्युटर में उनकी फोटो भी लिया करते थे। आरोपियों ने जिले के बतौली में भी इसी प्रकार की ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि पिछले एक सालों में तीनों आरोपियों ने झारखंड के धनबाद, रांची, गुमला, बोकारो, जशपुर, पत्थलगांव सहित सरगुजा के बतौली में घूम-घूमकर करीब 150 ग्रामीणों से ठगी कर चुके हैं। आरोपियों ने बताया कि सरगुजा में भी ठगी करने के फिराक में वे इधर उधर घूम रहे थे।

खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्रवाई

तीन दिन में अवैध उत्खनन परिवहन करने वाले 17 वाहनों पर कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी श्री के.के बंजारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तहसील सक्ती, जैजैपुर, हसौद एवं चंद्रपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत खनिज अमला के भ्रमण के दौरान वाहनों को अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें सक्ती तहसील क्षेत्र के मोहंदीकला के बोराई नदी से, हसौद तहसील क्षेत्र के करही और डोटमा के महानदी से एवं चंद्रपुर तहसील क्षेत्र में गिट्टी से भरा 1 हाइवा और 16 ट्रेक्टर, इसी तरह तीन दिन में अवैध खनिज रेत-गिट्टी उत्खनन परिवहन करते पाए जाने पर कुल 17 वाहनों के ऊपर जब्ती की कार्रवाई की गई है। जब्त वाहनों को खनिज विभाग द्वारा थाना सक्ती, जैजैपुर, हसौद एवं चंद्रपुर थाना में सुपुर्द किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जा रही है।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

लखनपुर/सरगुजा। एक नाबालिग लड़की को अगवा कर आरोपी युवक द्वारा भगा ले जाने तथा लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में लखनपुर पुलिस ने पेशतर से पेशतर नाबालिग लड़की को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक आरोपी संजय अगरिया ग्राम केवरी को नाबालिग लड़की का अपहरण कर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है। दरअसल मामला 15 फरवरी के रात्रि का है। नाबालिग पीड़िता लड़की के घरवालों ने थाना लखनपुर में लड़की के अगवा किये जाने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। मामले में पास्को एक्ट क़ायम कर विवेचना कार्यवाही में लेकर अपहरणकर्ता युवक की पता तलाश करनेजुटी थी। पता साजी के दौरान तत्काल आरोपी युवक को ग्राम अमलभिठी थाना दरिमा से बाकायदा गिरफ्तार कर 18 फरवरी 2024 को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

जहां अहंकार नहीं वहां मिलता है भक्ति का आर्शीवाद

सेतगंगा/मुंगेली। श्रीशतचंडी महायज्ञ एवं श्रीरामचरित मानस आध्यात्मिक धर्म चेतना वक्ता प्रवचन सम्मेलन में शतचंडी यज्ञ वैदिक विधान वाराणसी से पधारें यज्ञाचार्च पं. आमोद शंकर मिश्र के द्वारा संपन्न होने जा रहा है। जिसमें श्वेतगंगा परिक्षेत्र के समस्त श्रध्दालुगण भोरकाल से देर रात तक परिक्रमा कर रहे है। जिसमें प्रथम बार मिथला पीठाधीश्वर बिहार से जगतगुरू विष्णु देवाचार्य के द्वारा विगत 8 दिनो से माता भगवती सीता जी, हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीरामचंद्र जी की महिमा श्रवण करा रहे है।

ज्ञान के द्वारा अहंकार टूटता है और ज्ञान भक्ति जहॉ रहे वहा अहंकार नही रहता इसलिए राजाओं के द्वारा धनुष नही टूटा परंतु राघवेन्द्र सरकार उसी छड धनुष तोड़ दिये। जहां अहंकार नही रहता वहां भक्ति का आर्शीवाद रहता है। प्रभू श्रीरामचंद्र में अहंकार नही था इसलिए माता सीता जी जय माला महनाती है। जहां पूर्ण ज्ञान नही रहता वहां क्रोध नही होता। परशुरामजी ने प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने अनेको बार गालिया दी लेकिन प्रभु श्रीरामजी ने कोई उत्तर नही दिये।

इसलिए परशुराम जी को क्षमा मांगना पड़ा। आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेक गिरि गौर का पाशिव शक्ति धाम भी कार्यक्रम में शिरकत किये। सन् 2010-11 में मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर श्वेतगंगा धाम में आयोजित शिखर कलश रोहण/पूजन कार्यक्रम में छ.ग. के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का आगमन हुआ था जिसमें डॉ. पं. दीनानाथ के मार्गदर्शन में श्री सिद्धेश्वरी महामाया समिति एवं ग्रामवासियों के द्वारा श्वेतगंगा धाम को पर्यटक स्थल की मांग की गई थी। डॉ. रमन सिंह ने 2010-11 में श्वेतगंगा धाम को पर्यटन स्थल की घोषणा की थी।

4 फरवरी को पं. दीनानाथ उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात के दौरान पर्यटन स्थल श्वेतगंगा घोषित परिपत्र दिये थे। श्री उपाध्याय के द्वारा प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर परिक्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए मांग की गई थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने मांग पर त्वरित अनुशंसा किये। श्री साय के अनुशंसा पर पर्यटक मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 25 लाख रूपये देने की घोषणा किये वही तत्कालीन कलेक्टर राहुल देव ने भी 25 लाख रूपये विकास कार्य के लिए दिये।

जेठा में होगा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण

नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का वर्चुअली किया भूमिपूजन

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा एवम माननीय न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू के वर्चुअल उपस्थिति में सक्ती जिला मुख्यालय जेठा के निकट स्थल पर 13 करोड़ 37 लाख 72 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का भूमि पूजन किया गया जिसमें 6 न्यायालय कक्ष के साथ अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित है ।

मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में वर्चुअल माध्यम से कहा कि न्यायालय को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के सहयोग से काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमे राज्य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। न्यायालय भवन एवं आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पडे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा पर पूरा करने के निर्देश दिये।

उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों एवं जिलाधीश को भी इस परियोजना की सतत निगरानी रखने के लिए कहा। इस अवसर पर चांपा में न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू के करकमलों से भूमिपूजन पट्टिका के अनावरण का सबने लाइव प्रसारण देखा । तदपश्चात न्यायधीशगण एवम् एवं उपस्थित अधिवक्ताओं ने मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन के कार्य को संपादित किया । इस अवसर पर कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विशेष न्यायाधीश यशवंत सारथी ने कहा कि प्रस्तावित भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा जिसका लाभ हम सभी को मिलेगा तो वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गंगा पटेल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी की सहभागिता के लिए साधुवाद प्रगट करते हुए आभार ज्ञापित किया। इन पलों में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष को बधाई देते हुए शीघ्र भव्य न्यायालय भवन निर्माण की कामना किया. मंच संचालन अधिवक्ता लीलाधर चंद्रा ने किया।विदित हो कि विधि विधायी विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 16 फरवरी 2023 के अनुसार सक्ती व्यवहार न्यायालय हेतु 6 न्यायलयीन कक्ष के साथ अन्य कक्षों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके बाद प्रस्तावित स्थल जेठा में भूमिपूजन शीलालेख अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जो नवीन जिला सक्ती के न्यायिक वर्ग के लिए एतिहासिक क्षण रहा।

इस अवसर पर सक्ती के जेठा में आयोजित कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश यशवन्त सारथी, अपर सत्र न्यायाधीश द्वय डा ममता भोजवानी एवम् बी आर साहू, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गंगा पटेल, न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या गोयल के साथ अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवम् सदस्यगण, उच्च न्यायालय अधिवक्ता, जन प्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधि, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम पंकज डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे, एसडीओ लोक निर्माण राकेश द्विवेदी, बाराद्वार तहसीलदार विद्याभूषण साव, तहसीलदार सुशीला साहू और न्यायालय के कर्मचारीगण की गरिमामय उपस्थिति रही।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज से

लखनपुर/सरगुजा। जंप क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत बिनिया में सार्वजनिक श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। श्रद्धालु भक्ति सागर में डुबकर प्रभु चरित्र का रसास्वादन कर सकेंगे। कथाकार आचार्य दिनेश मिश्र कृष्णम जी महाराज अपने श्रीमुख से संगीत मय भागवत कथा का सहज एवं सरल वर्णन कर भक्ति ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे। प्रोग्राम के मुताबिक 20 फरवरी को शोभायात्रा मंडप प्रवेश,वेदी पूजन 21फरवरी को महात्म्य नारद चरित्र, सुखदेव चरित्र, 22 को कपिलोपाख्यान सति चरित्र, धुर्व चरित्र, 23 फरवरी दिन शुक्रवार को आजमिलोपाख्यान नारायण कवच प्रहलाद चरित्र,24 फरवरी दिन शनिवार को वामन प्रसंग राम जन्म कृष्ण जन्म 25 फरवरी दिन रविवार बाल लीला एवं गिरीराज पूजन,महारास 26फरवरी दिन सोमवार को कशवध उद्धव चरित्र,27फरवरी दिन मंगलवार को सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष कार्यक्रम सम्पन्न होगी। प्रतिदिन प्रवचन 3 बजे से प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा।आयोजक समिति नगर लखनपुर, ग्राम पंचायत बिनिया, जिविलिया, ढोढाकेसरा,पटकुरा डाडकेसरा तिरकेला केदमा, सायर,कुमदेवा मानपुर, समस्त क्षेत्र वासियों का सहयोग इस भक्ति कार्यक्रम समाहित है। आयोजन समिति ने अधिकाधिक लोगों से कार्यक्रम में हाजरी देने की अपील किया है।

अभियान | शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने रैली तथा फ्लैश मोब कर शहरी मतदाताओं को किया जागरूक

भयमुक्त होकर मतदान करने की शपथ दिलाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन में आम नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु अम्बिकापुर के नेकी की दीवार के समीप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर के निर्देशन में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली तथा फ्लैश मोब का आयोजन किया। इस दौरान लोगों को मतदाताओं के मतदान के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव ने लोगों को भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान हेतु मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान स्वीप सहायक नोडल गिरीश गुप्ता, जिला सिर्फ कमेटी के रजनीश मिश्रा, अशोक सिंह मनोज , सत्यनारायण भगत, प्रीति तिवारी, इंदु मिश्रा किरण ,शिव, कमलेश वर्मा, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

शराब की अवैध बिक्री, गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा जिले में अवैध शराब कारोबारियों एवं नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं। उक्त निदेशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन पर सक्ती पुलिस सतत अभियान चला कर कारवाई कर रही है।

सक्ती पुलिस के द्वारा अवेध शराब के विरुद्ध अभियान में कार्यवाही हेतु नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा टीम रवाना की गई थी । इस अभियान के दौरान सक्ती पुलिस ने डीएवी स्कूल गली के पास कसेरपारा में एक व्यक्ति नेतराम पटेल को अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाते पाए जाने की सूचना पर उस व्यक्ति को चेक करने पर उसके पास से 5 नग एसी नीट व्हिस्की बोतल, 10 नग आइकन व्हिस्की, 15 नग देशी शराब के पाव मिले,जिन्हे वह बरगड में अपने ढाबा में बिक्री करने ले जा रहा था। आरोपी नेतराम के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कारवाई करते हुए, बरामद शराब को जप्त करके आरोपी नेतराम पटेल पिता स्वर्गीय मोहर साय,55 वर्ष, सकिन बरगड थाना खरसिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से रिमांड लेकर, जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक मनोज जाना आरक्षक ,दीपक साहू, राघवेंद्र, पुष्पनाथ भगत, आरक्षक श्याम गाबेल, सेतराम डोरीलाल कटकवार,पवन संडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षिका सक्ती अंकिता शर्मा ने कहा है, की सक्ती क्षेत्र में है कि नशे के अवैध कारोबार करने जुआ, सट्टा खेलने/खेलाने वालों तथा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर कारवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

परमात्मा प्रेम से ही प्रकट होते हैं: संतराम ज्ञानी दास

डोंगरगांव/खुज्जी/नवप्रदेश। डोंगरगांव के ग्राम दर्री शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अखंड राम नाम संकीर्तन तथा राम कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मंदिरों के दर्शन कर यज्ञ की परिक्रमा कर रहे हैं। भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर रामकथा का रसपान कर रहे हैं। चल रहे रामकथा में कथाकार तिरखेड़ी आश्रम के संत राम ज्ञानी दास महात्यागी ने राम जन्म की कथा के अलावा अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ की कथा का सविस्तार वर्णन किया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों की भजनों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि राम मिले न मिले लेकिन राम जैसा त्याग, तपस्या समर्पण रूपी आदर्शों को आत्मसात कर मर्यादित हो जाएं, तो समझो हमारे जीवन में राम आ गए हैं। संत श्री ने कहा कि परमात्मा को प्रेम से ही पाया जा सकता है, क्योंकि परमात्मा प्रेम से ही प्रकट होते हैं। अपने बच्चों को संस्कारित करने का प्रयास करें स्कूली शिक्षा के अलावा धर्म अध्यात्म की राह पर चलना सिखाएं।

कॉन्ट्रेक्टर नियमों को दिखा रहा ठेंगा, विधायक ने उठाया ये सवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। एनएच-130 जबलपुर-बिलासपुर के पोंडी से मुंगेली तक 150 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता पाई गई है. प्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए कॉन्ट्रेक्टर ने नियमों को ठेंगा दिखाते हुए सड़क की चौड़ाई कम कर दी है. मामला सामने आने के बाद गुणवत्ता पर स्थानीय विधायक भावना बोहरा ने सवाल उठाया है और जांच का निर्देश दिए हैं.बता दें कि यह सड़क निर्माण पोंडी से पांडातराई, पंडरिया होते हुए मुंगेली तक 42 किलोमीटर बननी है. जिसकी पांडातराई के पार्षदों और क्षेत्र के दर्जनभर सरपंचों ने भी सड़क निर्माण पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से शिकायत की है. शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पांडातराई में कुछ व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए सड़क की चौड़ाई 4 मीटर कम कर बनाया जा रहा है, जिससे उनके दुकान और मकान प्रभावित ना हो. जानकारी के अनुसार, कई दुकानें शासकीय भूमि पर सड़क की सीमा में अतिक्रमण कर बनाया गया है. सड़क की कुल चौड़ाई 24 मीटर है, जिसमें नाली, पेवर ब्लॉक और डिवाइडर बनना है. लेकिन 20 मीटर के दायरे में ही यह सब कुछ बनाया जा रहा है, जिससे भविष्य में आवाजाही और ट्रैफिक में काफी परेशानी होगी. इस बात की शिकायत नगरवासियों ने क्षेत्रीय विधायक से भी की है. जिन्होंने कहा उक्त सड़क निर्माण की जांच करवाई जा रही है और पूरी पारदर्शिता से काम होगा. वहीं मामले की शिकायत के बाद अब नेशनल हाइवे के अधिकारी यह कहते हुए बच रहे है कि शहर में सभी जगह 24 मीटर चौड़ा नहीं है, इसलिए 20 मीटर पर सड़क बनवाई जाएगी.

पुल तीन साल में ध्वस्त, पुनर्निर्माण का इंतजार कर रहे ग्रामीण

धमतरी/नवप्रदेश। सरकार लगातार भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिये सख्त कार्रवाई कर रही है. लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग खुलेआम मनमानी कर रहे हैं. जिनके काम को देख कर लगता है कि शायद इन्हें किसी का डर ही नहीं है. धमतरी के जबर्रा गांव से ऐसी ही एक मामला सामने आया है. यहां एक पुल है जो पिछले तीन साल से अब तक बन नहीं पाया है. बना भी तो पहली बारिश ने निर्माण की पोल खोल कर रख दी. जबर्रा वैसे तो धमतरी जिले में आता है. लेकिन ये धमतरी के मुकाबले गरियाबंद से ज्यादा नजदीक है. जबर्रा को गरियाबंद से जोड़ने वाली सड़क पर बेंदरा नाला पर 2020-21 में एक पुल बनाया गया था. जिसकी गुणवत्ता इतनी घटिया थी कि ये पहली बरसात में ही बह गया. आज तीन साल से ये अधूरा टूटा हुआ पुल जस का तस पड़ा हुआ है. आज भी ये पुल गारंटी पीरियड में है. लिहाजा ठेकेदार की लीगल लाईबिलिटी है कि वो इसे दोबारा बनाए. जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वो ठेकेदार से गारंटी का पालन करवाएं. जन प्रतिनिधियो की नैतिक जिम्मेदारी है कि जनहित और जन समस्या से जुड़े सरकारी पैसे से बने इस पुल को ठीक करवाएं. लेकिन हालात साफ दिख रहे हैं. कोई भी अपना काम नहीं कर रहा है. दूसरी तरफ गांव वालों ने लगातार इस भ्रष्टाचार की शिकायत की है।

14.69 लाख की धोखाधड़ी : एसबीआई बैंक का फरार बाबू गिरफ्तार

- **थाना डोंगरगांव पुलिस को धोखाधडी के मामलों मे मिली बड़ी सफलता**
- **क्रेडिट कार्ड शाखा मे पदस्थ कर्मी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ग्राहकों से करता था धोखाधड़ी**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव 19फरवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज अपराध धारा 420 भादवि के विवेचना के दौरान जिसमे आरोपी सुरेश साहू के द्वारा तत्कालीन समय मे डोंगरगांव के स्क्ब्द्ध बैंक शाखा के क्रेडिट कार्ड शाखा मे पदस्थ था जो बैंक के द्वारा प्राप्त खाता धारक को फोन कर क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु बुलाकर फार्म भरवाता था , जिसकी सत्यापन क्रेडिट कार्ड ब्रांच भिलाई के द्वारा तीन बार फोन कर के करता था ,जिसके बाद डाक के माध्यम से खाता धारक को दिये पते पर क्रेडिट कार्ड बंद लिफाफा मे मिलता था , खाता धारक जो क्रेडिट कार्ड को बंद करवाना चाहता है वह आवेदन बैंक पर देता था या प्राप्त खाता धारक के क्रेडिट कार्ड के सत्यापन हेतु आरोपी के द्वारा कार्ड मांग कर या लिंक मोबाईल नंबर पर आये ओटीपी को मांग कर अलग अलग क्रेडिट कार्ड धारकों से पहले धारक से 9,55,620/-रूपये एवं दुसरे धारक से 3,54,696/-रूपये एवं तीसरे खाता धारक से 1,58,247/-रूपये का धोखाधड़ी किया इस प्रकार आरोपी के द्वारा कुल 1468563/-रूपये को खाता धारक के खाता व क्रेडिट कार्ड से निकालकर धोखाधड़ी कर दिनांक घटना समय से लुक छुप करते फरार था , जिसे थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा पता तलाश कर दिनांक 18.02.2024 को गिर0 किया गया , आरोपी सुरेश साहू ने पुछताछ मे अपना जुर्म कबुल किया । आरोपी के खिलाफ थाना डौडीलोहारा जिला बालोद , छ0ग0 के अप0क्र0 84/23 एवं 94/23 धारा- 420 भादवि की मामला दर्ज है जहां पुर्व मे भी गिर0 हो चुकी है । थाना डोंगरगांव मे गिर0 आरोपी सुरेश साहू पिता कोमल दास साहू , उम्र- 32 साल पता- श्याम नगर साहू , पारा कैम्प 02 वार्ड नं0 36 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग(छ0ग0) को ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया है । आरोपी के पकडने मे उपनिरी0 बेदराम चंद्रवंशी , आरक्षक योगेश साहू , आरक्षक साहिद अंसारी ,महिला आरक्षक अभिलाषा सिंह , की विशेष भुमिका रही है । थाना डोंगरगांव पुलिस को धोखाधड़ी के फरार आरोपी को पकडने मे सफलता मिली ।

नक्सली हमले में शहीद भुआर्य पंचतत्व में विलीन

विधायक समेत हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई, एसपी ने कहा नक्सलियों को और जोश के साथ देंगे जवाब

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। बीजापुर नक्सली हमले में शहीद कंपनी कमांडर तिजउराम भुआर्य को आज हजारों नाम आंखों ने अंतिम विदाई दी. गृह ग्राम हॉटकोंदल में शहीद तिजउराम का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें अंचल के हजारों लोग शामिल हुए. स्कूली बच्चों से लेकर विधायक सावित्री मंडावी समेत कई जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, अधिकारी, कर्मचारी सभी अंतिम संस्कार में शामिलए हुए.

कांकेर जिले के ग्राम हाटकोंदल में शहीद भुआर्य को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. कांकेर पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला सहित पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान को कंधा दिया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा यह छत्तीसगढ़ के जवानों के साथ ही अंचल के लिए और उसके परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, इसकी पूर्ति नहीं की जा सकती. मैं शासन से अनुरोध करूंगी कि उनके परिवार को जो भी मदद हो सके शीघ्र प्रदान की जाए. पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलसेला ने कहा, शहीद तिजऊ राम भुआर्य की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी. नक्सलियों को और जोश के साथ सुरक्षा बल एवं पुलिस इसका जवाब देंगे. शहीद भुआर्य के कंपनी के ष्ठस्क्क अगस्तीन दास ने कहा कि वह बड़े मिलनसार और वीर कर्मचारी थे. रोज उनसे मेरी बात होती थी. प्रतिदिन शाम को वह मुझे क्षेत्र की खबरें दिया करते थे. मेरा दुर्भाग्य है कि यह परंपरा कल टूट गई. शहीद तिजऊ राम भुआर्य के बड़े भाई गंगाराम भुआर्य ने कहा कि मेरे छोटे भाई की शहादत से मुझे एक ऊर्जा मिली है. मैं भी पुलिस में रहते हुए मातृभूमि की सेवा कर रहा हूं. बता दें कि शहीद तिजऊ राम के बड़े भाई गंगाराम भी दंतेवाड़ा में रहकर पुलिस बल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

नगर पालिका पर पुन: कांग्रेस का कब्जा, अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त

बालोद/नवप्रदेश। जिले के सबसे बड़े नगर पालिका दल्लीराजहरा में कांग्रेसियों ने फिर से अपना कब्जा जमाया. यहां बीजेपी पार्षदों ने कांग्रेस समर्थित पालिका अध्यक्ष शिबू नायर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन किया था, जिस पर आज पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार साहू की उपस्थिति में अविश्वास मत पर मतदान कराया गया.

पालिका क्षेत्र के कुल 27 वार्डों में से 25 वार्डों के पार्षदों ने वोटिंग में हिस्सा लिया, जिसमें वार्ड नंबर 8 और 23 के पार्षद अनुपस्थिति रहे. इसमें एक भाजपा और एक कांग्रेस का था. टोटल 27 पार्षदों में से कांग्रेस के 9 पार्षद एवं भाजपा के 13 पार्षद थे. वहीं निर्दलीय 5 पार्षद थे. बावजूद इसके अध्यक्ष के समर्थन में 11 वोट, बीजेपी के समर्थन में 11 वोट पड़े. वहीं 3 वोट निरस्त हुए. इस तरह शिबू नायर अपने अध्यक्ष पद को बचाए रखने में सफल हुए और अविश्वास प्रस्ताव निरस्त हो गया. भाजपा द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निरस्त होने के बाद कांग्रेसियों में खुशी की लहर देखने को मिली. कांग्रेसियों ने नगर में पटाखे फोड़ मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की. साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष के साथ कांग्रेसियों ने नगर में रैली निकाली. नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नगर ने कहा कि मैं सभी पार्षदों को लेकर चलूंगा और अधूरे कार्यों को भी पूर्ण करने की पूरी कोशिश करूंगा।

भाजपा ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

हिन्दू संगठन आज के दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर में आज हिन्दू सम्राट महाराजा छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई। इस दौरान सर्वप्रथम स्थानीय नगर पंचायत परिसर में स्थित गार्डन में स्थापित महाराजा शिवजी की प्रतिमा परिसर की साफ सफाई की गई, पश्चात् पुष्पहार से माल्यार्पण किया गया और उन्हें नमन् किया गया। बता दें कि आज सनातन धर्म के संरक्षक, अखंड भारत की नींव रखने वाले शिरोमणि हिन्दू सम्राट महाराज छत्रपति शिवाजी की जयंती है। भाजपा सहित अनेक हिन्दू संगठन आज के दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। भाजपा, भाजयुमो द्वारा आज मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता की अगुवाई में आज छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई। नगर पंचायत परिसर में स्थित महाराजा छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही धूपबत्ती दिखाया गया और श्रीफल अर्पित किया गया। इस दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, पार्षद डिकेश साहू, योगेश पटेल, कोमल साहू, प्रवेश ठाकुर, लक्ष्मीनारायण सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोस चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की कलेक्टर ने की अपील

विवेकानंद महाविद्यालय की छात्राओं को दिया जा रहा है कराटे प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। छात्राओं के आत्मरक्षा कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत तीन दिवसीय महिला सुरक्षा कार्यक्रम करके प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवम कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवम स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित हुए। जिन्होंने छात्राओं को इस दौरान स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया ।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राएं एवम अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिन्हें कलेक्टर श्री महोबे मतदान करने के महत्व को विस्तार से बताते हुए उन्हें शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष लोकसभा आम चुनाव होने वाला है जिसमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए आप अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

उल्लेखनीय है कि शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय बोडला में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 200 से अधिक छात्राएं भाग ले रही हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवम स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने भी महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित किया एवम शत प्रतिशत मतदान हेतु उन्हें प्रेरित किया। विदित हो कि जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार अपील की जा रही है । आत्मरक्षा कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत मनीष भारती, निकिता डढ़सेना, , सविता तिवारी , डालेश्वरी साहू, राकेश गौतम, उमेश पाठक, आदि उपस्थित थे। आकाश राजपूत, मनीष निषाद एवम कुमुद मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

स्कूल में शौचालय नहीं, बच्चों को जंगल जाने की मजबूरी

नारायणपुर/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित इलाकों में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य समेत तमाम सुविधाओं के लिए शासन की ओर से अनेकों योजनाओं से करोड़ों खर्च किया जाता है. मगर कुछ निष्क्रिय और भ्रष्ट अधिकारियों के चलते जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आती है. ऐसा ही एक मामला नारायणपुर जिले से सामने आया है, जहां स्कूल में शौचालय तो है, लेकिन शौचालय की स्थिति इतनी खराब है कि बच्चे वहां जा नहीं सकते. इसके कारण उन्हें जान जोखिम में डालकर पास के तालाब और जंगल में जाना पड़ता है.

दरअसल, पूरा मामला जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम नारिया कोडोली का है. यहां ज्ञान ज्योति प्राथमिक शाला भवन में तीन शौचालय तो है, लेकिन शौचालय में न तो दरवाजा है और न ही छप्पर, शेड भी उखड़ गया है तो वहीं टॉयलेट शीट बुरी तरह टूटा होने के साथ ही शौचालय में जहरीले कीड़े-मकोडों का बसेरा रहता है. इसके चलते बच्चों को शौच के लिए जान जोखिम में डालकर पास के तालाब और जंगल में जाना पड़ता है, जहां जानवरों और जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना रहता है और रोज इन

गतिविधियों को देखने शिक्षक मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि हम प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल भेजकर रोजी मजदूरी या खेती किसानी करने निकल जाते हैं. बच्चों को भोजन स्कूल में कराया जाता है. सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्कूल लगता है।

स्कूली छात्रों ने किया स्टंट, पुलिस ने जप्त की बाइक

अंबिकापुर /नवप्रदेश। जिले में निजी स्कूल के छात्रों ने खतरनाक स्टंट किया। सभी छात्र फेयरवेल पार्टी में पहुंचे थे। छात्रों ने शहर के भीड़-भाड़ वाले सड़कों पर खतरनाक स्टंट करते हुए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा दी। स्टंटबाजी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अंबिकापुर के निजी स्कूल के छात्रों ने भीड़-भाड़ वाले इलाके में खतरनाक स्टंट किया। स्टंट कर रहे युवक की बाइक पुलिस ने की जब्त । वहीं दुर्ग जिले में एक युवक चलती बाइक पर खड़े होकर स्टंटबाजी कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग पुलिस ने युवक पर चालानी कार्रवाई कर उसकी बाइक जब्त कर ली है। बता दें कि, पुलिस ने स्टंट बाइकर्स के खिलाफ मुहिम शुरू की है। पुलिस अधीक्षक दुर्ग, जितेन्द्र शुक्ला ने पहली ही बैठक में यातायात पुलिस को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीष ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग की ओर से आम नागरिकों के लिए यातायात से संबंधित शिकायत और सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर किसी ने एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में बाइक सवार युवक मरोदा ओवर ब्रिज के आगे व्यस्त मार्ग पर स्टंटबाजी करते हुए बाइक के सीट पर खड़े होकर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए देखा गया। इसके बाद यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर बाइक को जप्त कर ली।

एक शराब कोचिया गिरफ्तार

पलारी/नवप्रदेश। अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, थाना प्रभारी शशांक सिंह के निर्देशन में पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना पलारी से प्रधान आरक्षक 888 लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आरक्षक त्रिलोकी बघेल राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम टीपावान में

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शत्रुहान टंडन पिता तिजाऊ राम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम टीपावन थाना पलारी से ? 4620 कीमत मूल्य का 7.56 पाव/लीटर (शराब की मात्रा) देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 110/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

बीच सड़क पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा के मालेवाही थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर एक शव बरामद मिला है. पुलिस ने आशंका जताई है कि आपसी मतभेद के चलते ग्रामीण की हत्या कर दी गई है. हांलाकि, मालेवाही थाना पुलिस सभी एंगल से जांच में जुटी हुई है. सोमवार को दंतेवाड़ा जिले के पल्ली बारसूर मार्ग में घोटिया मोड़ के पास बीच सड़क पर एक शव मिला. पुलिस ने पहली नजर में आपसी रंजीश के चलते हत्या किये जाने की आशंका जताई है. शव के पास से बैनर पोस्टर भी मिला है, जिसके लिखावट की जांच जारी है. जिले की मालेवाही थाना पुलिस शव के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है.

नक्सलियों द्वारा हत्या की आशंका- पूरी घटना मालेवाही थाना क्षेत्र की है. पल्ली बारसूर मार्ग में घोटिया मोड़ के पास रोड में ग्रामीण का शव मिला है. सूचना मिलने पर मालेवाही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी है. पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने ईटीवी



भारत से चर्चा में बताया, ÷प्रथम दृष्ट्या आपसी मतभेद का मामला प्रतीत हो रहा है. क्योंकि मृतक चेतू कश्यप ने पहले अपनी भाई की हत्या की थी. उसी का बदला लेने के लिए इसकी हत्या की गई होगी, ऐसा प्रतीत हो रहा है. हत्या में नक्सल एंगल की भी जांच होगी- पुलिस हत्या के सभी पहलुओं की जांच कर रही है, क्योंकि शव के पास से बैनर पोस्टर भी बरामद किए गए हैं. पुलिस पर्चे के लिखावट की भी जांच कर रही है कि यह नक्सली बैनर पोस्टर ही है या नहीं. फिलहाल, दंतेवाड़ा पुलिस ने सभी पहलू की जांच करने के लिए टीम गठित की गई है. जिससे जल्द से जल्द मामला स्पष्ट होने होने की संभावना है।

वनांचल की बच्चियां सीख रही सेल्फ डिफेंस

स्कूली बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के वनांचल क्षेत्र में इन दिनों स्कूली बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है. राज्य शासन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई कराटे प्रशिक्षण योजना के तहत सभी स्कूली छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सेल्फ डिफेंस से आत्मनिर्भर हो रही स्कूली बच्चियां: वनांचल के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को सेल्फ डिफेंस में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है. उन्हें कराटे की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वह अपनी रक्षा खुद कर सकें. छात्राओं में भी इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखी जा रही है. नगरी इलाके के गट्टासिल्ली में रहने वाले प्रवेश टेकाम बच्चियों को आत्मरक्षा के सभी दाव पेंच सीखा रहे हैं. वे सभी स्कूलों में जाकर स्कूली बच्चियों को कराटे की ट्रेनिंग देते हैं। रानी लक्ष्मीबाई कराटे प्रशिक्षण

योजना के तहत ट्रेनिग ले रही छात्राओं ने बताया कि कराटे प्रशिक्षण उन्हें हर संकट मे लड़ने की आत्मनिर्भरता और प्रेरणा देगा. आज की लड़कियां सशक्त हैं, बलवान हैं और ताकतवर हैं. वह अपनी ताकत को कैसे इस्तेमाल करें, बस इसे सीखने की जरूरत है. इसीलिए छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है. अगर कोई उन्हें छेड़ने की भी कोशिश करें तो वह उसे उसी के भाषा में जवाब दे सकती हैं. - प्रवेश टेकाम, कराटे प्रशिक्षक

दरअसल, धमतरी जिले के वनांचल इलाकों में से एक जबर्रा गांव आदिवासी बहुल क्षेत्रों में से एक है. यहां पहुंचने के लिए आपको धमतरी से 60 किलोमीटर दूर घने जंगल होने की वजह से यहां जंगली जानवरों के खतरा होता है. जबर्रा गांव में एक शासकीय स्कूल है, यहां आठवीं तक ही कक्षाएं लगती है. आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें पड़ोस के गांव जाना पड़ता है. यहां बच्चियों को कराटे ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें भारी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हो रहे हैं।

यशस्वी ने लगाए 12 सिक्स, सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड

टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया है। 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। रनों के अंतर से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है।

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की वजह से भारतीय टीम इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट देने में सफल रही। जायसवाल ने 214 रन की पारी में 12 सिक्स लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा हैं। साथ ही वसीम अकरम (ड्डह्य जिम्बाब्वे) के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी की। सीरीज में भी जायसवाल 22 सिक्स पूरे कर चुके हैं। वहीं, भारत ने दोनों पारियों में तीसरी बार 400+ का स्कोर बनाया।

यशस्वी जायसवाल एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने राजकोट में दूसरी पारी में 12 सिक्स लगाए। इसी के साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय बैटर नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सिद्धू ने 1994 में श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में पहली पारी में 8 सिक्स लगाए थे। वहीं, मयंक अग्रवाल ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर के होलकर स्टेडियम में 8 सिक्स लगाए थे। जायसवाल ने दुनिया में इस रिकॉर्ड में पाकिस्तान के वसीम अकरम की बराबरी कर ली है। अकरम ने 1996 में शेखुपुरा के मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ 12 सिक्स लगाए थे, जो अब तक सबसे ज्यादा हैं। भारत के बैटर्स ने एक इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का भारतीय रिकॉर्ड भी बनाया। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी इनिंग्स में कुल 18 सिक्स लगाए। इससे पहले भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 2009 में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में 15 सिक्स लगाए थे। यशस्वी जायसवाल भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर बन गए है। उन्होंने अब तक 3 मैच में कुल 22 सिक्स लगाए है। इसमें से 12 राजकोट टेस्ट, 7 सिक्स विशाखापट्टनम और 3 सिक्स हैदराबाद टेस्ट में आए। उन्होंने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा।

अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए : बेन स्टोक्स

भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (छ्रक्रस्) से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग की है। स्टोक्स तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जैक क्रॉले को स्र्क्क्ङ्क आउट दिए जाने के फैसले से निराश थे। इसी वजह से उन्होंने छ्रक्रस् नियम में बदलाव की मांग की है।

राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 434 रनों से जीता और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा।

मैच के बाद स्टोक्स और इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो से बातचीत करते देखा गया था। स्टोक्स ने कहा, 'रिप्ले में बॉल साफ तौर पर स्टंप से बाहर जा रही थी। ऐसे में जब अंपायर्स कॉल का फैसला आया तो हम थोड़ा आश्चर्यचकित थे। इसलिए हम हॉक-आई के लोगों से स्पष्टता चाहते थे। इस पर रेफरी ने कहा कि नंबरों के अनुसार बॉल स्टंप हिट कर ही थी, लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मैं इसका मतलब नहीं जानता। ऐसा नहीं है कि इसके लिए किसी को दोष दे रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह सब क्या चल रहा है?'

राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉले स्र्क्क्ङ्क हो गए थे। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर पवेलियन भेजा। क्रॉले 26 बॉल पर 11 रन बना सके।

जब क्रॉले 11 ही रन बनाकर खेल रहे थे, तब बुमराह की बॉल पर स्र्क्क्ङ्क की जोरदार अपील हुई। फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना ने क्रॉली को आउट करार दिया था। इसके बाद इंग्लिश ओपनर ने छ्रक्रस् ले लिया, बॉल-ट्रैकिंग के दौरान दिखा गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है। इसके बाद अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा, जिससे वो काफी नाराज दिखे।

बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है।

यह दावा क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। 30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम

इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है। बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तीसरे मुकाबले में मौका मिल सकता है। उन्हें दूसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वे सीरीज के आखिरी 2 टेस्ट में भारतीय आक्रमण को लीड करेंगे।

वनडे में नंबर-4 पर फिट बैठेंगे सरफराज खान

विस्फोटक बैटिंग का दिखा चुके हैं ट्रेलर

भारतीय वनडे टीम में लंबे समय से नंबर-4 बैटिंग पोजीशन चर्चा का विषय बना हुआ है. टीम इंडिया को अब नंबर-4 बैटिंग पोजीशन के लिए एक और विस्फोटक बल्लेबाज का ऑप्शन मिल गया है. सरफराज खान ने दिखाया है कि वह अपनी तूफानी बैटिंग से वनडे में भी टीम इंडिया के लिए बड़ा योगदान दे सकते हैं. सरफराज खान दबाव के हालात में स्पिनरों को बहुत अच्छा खेलते हैं.

सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का ट्रेलर दिखाया है. सरफराज खान ने राजकोट टेस्ट की दोनों ही पारियों में अर्धशतक

लगाया था. सरफराज खान ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 62 रन और दूसरी पारी में नाबाद 68 रनों के तेज पारी खेली. दूसरी पारी में सरफराज खान ने यशस्वी जायसवाल के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी की. अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया. सरफराज खान ने अपनी विस्फोटक बैटिंग के दम पर वनडे टीम के लिए भी दावा ठोक दिया है. भारतीय वनडे टीम में लंबे समय से नंबर-4 बैटिंग पोजीशन चर्चा का विषय बना हुआ है. टीम इंडिया को अब नंबर-4 बैटिंग पोजीशन के लिए एक और विस्फोटक बल्लेबाज का ऑप्शन मिल गया है. सरफराज खान ने दिखाया है कि वह अपनी तूफानी बैटिंग से वनडे में भी टीम इंडिया के लिए बड़ा योगदान दे सकते हैं. सरफराज खान दबाव के हालात में स्पिनरों को बहुत अच्छा खेलते हैं।

बिजनेस

शेयर बाजार ने तोड़ा रिकॉर्ड! निफ्टी-50 नए ऑल टाइम हाई लेवल पर

मुंबई। भारत की टॉप 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला निफ्टी-50 आज लगातार पांचवें ट्रेडिंग सेशन में तेजी का सिलसिला जारी रखते हुए 22,157.90 अंक के नए ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। इसी के साथ निफ्टी-50 अपने 16 जनवरी के पिछले ऑल टाइम हाई लेवल 22,124 के स्तर को पार कर गया।

एनएसई में लिस्टेड कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैप आज की रैली में 4.65 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। पिछले चार ट्रेडिंग सेशन में निफ्टी-50 में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आज के ट्रेडिंग सेशन में बजाज ऑटो, अदाणी एंटरप्राइजेज, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, मारुति सुजुकी इंडिया, अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, विप्रो और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी समेत सात कंपनियों के शेयर 52-सप्ताह के नए हाई लेवल पर पहुंच गए। टॉप गेनर कंपनियों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, बजाज ऑटो, अदानी एंटरप्राइजेज, भारती एयरटेल, आईटीसी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और आईसीआईसीआई बैंक सभी 1.5 प्रतिशत से 2.8 प्रतिशत के बीच बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोल इंडिया, एमएंडएम और इंफोसिस समेत अन्य दिग्गज कंपनियों के बड़े योगदान के साथ भारतीय स्टेट बैंक इंडेक्स की वृद्धि में फरवरी में अब तक सबसे ज्यादा योगदान देने वाले शेयर के रूप में उभरा है। फरवरी 2024 में अब तक निफ्टी-50 इंडेक्स में 410 अंक या 1.92 फीसदी की तेजी आई है। इसके अलावा, इंडेक्स मार्च 2023 के अपने निचले स्तर 16,828 से 31.60 प्रतिशत बढ़ गया है। इसकी तुलना कोविड-19 के दौरान 7,511 अंक लो लेवल से करें तो इंडेक्स ने 195 प्रतिशत का शानदार मल्टी-बैगर रिटर्न दिया है। दूसरी तरफ, दोपहर 1:15 बजे तक निफ्टी स्मॉल कैप 100 इंडेक्स और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स दोनों क्रमशः 0.69 प्रतिशत और 0.69 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त लेकर कारोबार कर रहे हैं।

हाइब्रिड म्युचुअल फंड का जलवा, जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान हाइब्रिड योजनाओं से शुद्ध निकासी हुई थी। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्तियों में निवेश करती हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, हाइब्रिड योजनाओं में जनवरी में 20,637 करोड़ रुपये का निवेश किया गया।

आईसीआईसीआई बैंक ने एफडी दरों में किया बदलाव

7.75 प्रतिशत तक मिल रहा है ब्याज

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर दी जाने वाली ब्याज दरों में बदलाव किया है। बैंक की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक़, नई दरें 17 फरवरी से प्रभावी हो गई है। बैंक के अनुसार, नई एफडी दरें 2 करोड़ रुपये तक की जमा राशि के लिए लागू हैं। दरों में बदलाव के बाद अब फिक्स्ड डिपॉजिट पर सीनियर सिटीजन

को अधिकतम 7.75 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा जबकि आम नागरिकों को अधिकतम 7.2 फीसदी का ब्याज मिलेगा। आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, एफडी शुरू करने के लिए नागरिक मिनिमम 10,000 रुपये का निवेश कर सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक 7 दिनों से 29 दिनों के बीच मेच्योर होने वाली एफडी के लिए 3 प्रतिशत के ब्याज दर की पेशकश कर रहा है जबकि 30 दिन से 45 दिन के बीच मैच्योर होने वाली एफडी पर आपको 3.5 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। इसके अलावा 46 दिनों से 60 दिनों के बीच मैच्योर होने वाली एफडी के लिए बैंक 4.25 प्रतिशत की ब्याज दर ऑफर कर रहा है। 61 दिनों से 90 दिनों के बीच मैच्योर होने वाली एफडी पर 4.5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा।

1 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ऑस्ट्रेलियाई कोयला खदान खरीदने की तैयारी में जेएसडब्ल्यू स्टील

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील ऑस्ट्रेलियाई कंपनी व्हाइटहेवन कोल के स्वामित्व वाली कोयला खदान में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। इस डील की कीमत करीब 1 अरब डॉलर है। मामले से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, अगर बातचीत सफल रही तो लेनदेन मार्च की शुरुआत में पूरा हो जाएगा। व्हाइटहेवन सेंट्रल क्वींसलैंड में ब्लैकवाटर खदान में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच रहा है क्योंकि यह दुनिया भर में संयुक्त उद्यम भागीदारों की तलाश कर रहा है। सूत्र के अनुसार, सज्जन जिंदल के स्वामित्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील के साथ इसकी बातचीत 800 मिलियन डॉलर से 1 बिलियन डॉलर के मूल्य बैंड के साथ

मूल्यांकन पर है। लेन-देन का नेतृत्व जेएसडब्ल्यू समूह की भारतीय सूचीबद्ध इकाई, जेएसडब्ल्यू स्टील द्वारा किया जाएगा। हालांकि इस मामले में जेएसडब्ल्यू स्टील के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। साल 2023 में भी जेएसडब्ल्यू समूह ने कनाडा की टेक रिसोर्सेज की धातुकर्म कोयला इकाई में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रयास किया था। इस डील के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील को करीब 2 बिलियन डॉलर तक का निवेश करना था, लेकिन मूल्यांकन को लेकर बातचीत रुक गई थी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने अपने लक्ष्य के लिए कच्चे माल को सुरक्षित करने के लिए अधिग्रहण का उपयोग करके 2030 तक अपनी क्षमता को 50 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी ऑस्ट्रेलिया और दुनिया के अन्य स्थानों में उच्च गुणवत्ता वाली कोयला खदानों की तलाश कर रही है। समूह ने भारत में कई इस्पात परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करके अपना साम्राज्य बनाया है, जिसमें महाराष्ट्र में इस्पात स्टील की इकाई और भूषण पावर एंड स्टील शामिल हैं।

प्योर ईवी ने 80 लाख अमेरिकी डॉलर जुटाए

नईदिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी प्योर ईवी ने निवेशकों के एक समूह से 80 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 66 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। प्योर ईवी ने एक बयान में कहा कि वह वर्तमान में एक विदेशी संस्थागत निवेशक

की भागीदारी के साथ 2.5 करोड़ डॉलर की राशि के अपने सीरीज ए1 वित्त पोषण राउंड के समापन के अंतिम चरण में है। कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित वडेरा ने कहा, हम अगले छह महीनों में अपने अखिल भारतीय बिक्री नेटवर्क को तेजी से 140 से 300 डीलर तक बढ़ाएंगे। कंपनी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और स्कूटर की एक श्रृंखला बेचती है। अभी तक 70,000 से अधिक इकाइयां बेच चुकी है।

बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक का टीजर रिलीज

सोशल मीडिया इस समय अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से जुड़ी अपडेट्स से गुलजार है। अली अब्बास जफर की डायरेक्टेड यह फिल्म साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। लुभावने सीन, पोस्टर और टीज़र के रिलीज़ होने के बाद से, फैंस यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि बॉलीवुड के दिग्गज अपने गतिशील प्रदर्शन के साथ क्या नया लाएंगे। जहां फैंस फिल्म के टाइटल ट्रैक का इंतजार कर रहे हैं, जो कल आएगा, वहीं मेकर ने इसका टीज़र जारी करके उत्साह बढ़ा दिया है।



कुछ समय पहले, बड़े मियां छोटे मियां के मेकर्स ने एक बार फिर इंटरनेट पर हलचल मचा दी है क्योंकि उन्होंने इसके टाइटल ट्रैक का टीज़र जारी किया है। 16 सेकंड की एक वीडियो क्लिप दर्शकों को अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एहम जोड़ी की संक्रामक जीवंतता और सहज स्वैग और स्टाइल से परिचित कराती है। इसके अलावा, शानदार लोकेशन पर बड़े पैमाने पर बनाए गए उत्साह की एक छोटी सी झलक भी उनकी भाईचारे की केमिस्ट्री और अद्भुत डांस मूव्स का संकेत देती है।

फिल्म का टाइटल 1998 की रिलीज बड़े मियां छोटे मियां से लिया गया है, जिसमें मूल रूप से मेगास्टार अमिताभ बच्चन और गोविंदा ने अभिनय किया था। एक छोटी सी झलक यह वादा करती है कि इस बार, मेकर्स ने गाने और इंडस्ट्री में एक नई शैली के साथ पूरे वाइब को दोहराया है। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर बड़े मियां छोटे मियां के पहले गाने की रिलीज डेट की घोषणा की थी। एक पोस्टर साझा करते हुए, उन्होंने कैप्शन दिया, बड़े का स्वैग, छोटे का स्टाइल, 3 डेज़ टू गो! #बड़ेमियांछोटेमियां टाइटल ट्रैक 19 फरवरी को रिलीज होगा। बने रहें!

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड बड़े मियां छोटे मियां का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और इसमें मुख्य जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ कठिन सैन्य किरदारों में हैं, जो भारत की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले एक खतरनाक खलनायक का सामना करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, पृथ्वीराज सुकुमारन एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाते हैं, जिसमें मानुषी छिल्लर महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और रोनित रॉय भी अहम भूमिकाओं में हैं।

अंजलि अरोड़ा ने पिंक ब्रालेट पहन दिए सेक्सी पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट के ओटीटी शो लॉकअप से अपनी खास पहचान बनाने वाली अंजलि अरोड़ा बेबाक खूबसूरती के लिए काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं अंजलि की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें वह अपनी हॉटनेस से तबाही मचा रही हैं। इंटरनेट पर अंजलि की ये फोटो अब आग की तरह वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया क्वीन अंजलि अरोड़ा अपने कातिलाना हुस्न के लिए काफी जानी जाती हैं। बी टाउन एक्ट्रेस कंगना रनोट के ओटीटी शो लॉकअप से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं अंजलि हर किसी की फेवरेट बन चुकी हैं। इस बीच अंजलि अरोड़ा की लेटेस्ट फोटो सामने आई हैं, जिनमें वह अपने स्टनिंग लुक के कहर बरपाती हुई दिखाई दे रही हैं। आलम ये है कि अंजलि की ये फोटो इस समय इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। सोशल मीडिया पर डांस रील्स वीडियो के जरिए फैंस का मनोरंजन करने वाली अंजलि अरोड़ा इस समय इंडिया की टॉप सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर में शुमार हैं। जिसका अंदाजा आप उनके 13.1 मिलियन फॉलोअर्स के जरिए आसानी से लगा सकते हैं। इस बीच अंजलि अरोड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि वह येलो और पिंक कलर के कॉम्बिनेशन वाली बेहद हॉट आउटफीट में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों से उनकी हॉटनेस का अनुमान लगाया जा सकता है। इससे पहले अंजलि अरोड़ा का ऐसा हद से ज्यादा बोल्ड अंदाज देखने को नहीं मिला होगा।

अंजलि अरोड़ा की इन फोटो को देखकर फैंस का मानना हैं कि वह बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी को भी बोल्डनेस के मामले पीछे छोड़ रही हैं। मालूम हो कि अंजलि की ये लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही है, जिसके चलते इंटरनेट पर उनकी ये फोटो जमकर वायरल हो रही हैं। उनके चाहने वाले इन फोटो पर दिल खोल कर लाइक और कमेंट करते दिख रहे हैं। कुछ समय पहले अंजलि अरोड़ा का नाम वायरल एमएमएस वीडियो को लेकर काफी चर्चा में बना रहा। हाल ही में अंजलि ने इस मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज कराई और दोषियों का पर्दाफाश करने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई।

न्यूज गैलरी

पार्किंग से एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। हर्षित लैन मार्क सिंघानिया बिल्डिंग के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा वाहन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भोसले पांडुरंग विनायक राव 31 वर्ष हर्षित लैन मार्क सिंघानिया बिल्डिंग में रहता है। बताया जाता है कि वह बिल्डिंग के पार्किंग में अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 केएक्स 5965 को खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुराने विवाद पर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। सूर्यनगर गोगांव में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी भुनेश पटेल 24 वर्ष ने थाना में शिकायत की कि आरोपी अजय मिरी, मिथुन मिरी एवं उसके भाई ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी अजय मिरी 23 वर्ष ने थाना में शिकायत की कि आरोपी भुनेश पटेल, पंचु एवं उसका भाई ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खुलेआम शराब पीते 36 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने सरोना चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनोज साहू 38 वर्ष, भोला ध्रुव 22 वर्ष, गोविंद देवांगन 19 वर्ष व विनोद सिंह 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी ओम धीवर 19 वर्ष व विष्णु साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी राकेश दत्ता 37 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी हसन खान 19 वर्ष, कल्लू उपाध्याय 33 वर्ष, मनोहर कुर्रे 33 वर्ष व भुखन दास मानिकपुरी 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रूपेश साकत 26 वर्ष व सुजीत नायक 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी जयसिंह 52 वर्ष व खम्मन निषाद 27 वर्ष एवं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी अनील कुमार बघेले 26 वर्ष को गिरफ्ताार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी धनेंद्र ढीढी 19 वर्ष, अमीत दास 30 वर्ष, नरेश माखिजा 38 वर्ष, हिमांसु शर्मा 31 वर्ष, आशीफ अहमद खान 40 वर्ष व अनीकेत बोहरा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र कश्यप 44 वर्ष, संजय मंडलवार 42 वर्ष, मन्नू यादव 24 वर्ष, प्रेम कुमार सिंह 21 वर्ष व भूवन पासी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राजेश यादव 25 वर्ष व धीरज ध्रुव 25 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी कमल नारायण साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

घर के सामने से मालवाहक गाड़ी चोरी

कोरबा/नवप्रदेश। शहर में घर के सामने खड़ी एक मालवाहक वाहन की चोरी कर ली गयी हैं। सारी करतूत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। सूचना मिलते पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। बताया जा रहा हैं की मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत सुभाष ब्लाक झोपड़ी पारा में मनमोहन केंवट नामक व्यक्ति निवास करता है। वह मालवाहक वाहन चालक का काम करता है। उसे उसके दोस्त ने अपने नाम पर पंजीकृत डाटा एस गोल्ड मालवाहक क्रमांक सीजी 12 बीएम 1502 को चलाने के लिए दिया था। वह प्रतिदिन की तरह 16 फरवरी की रात को भी पोस्ट ऑफिस के बाजू में मालवाहक को खड़ा किया था, जब सुबह घर से बाहर निकला तो मालवाहक गायब मिली। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाले तो कुछ लोग मालवाहक को ले जाते दिख रहे थे, वहीं मौके पर टूटा हुआ शीशा पड़ा था।

राज्य स्तरीय डांस स्पर्धा आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के ग्राम धतुरा में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल थे। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, जनपद पंचायत पाली सभापति संतोषी अशोक पाटले, जनपद पंचायत कटघोरा ममता दामोदर राठौर, केसरिया हिंदू युवावाहिनी, जिलाध्यक्ष कोरबा श्रवण यादव, जयवीर हनुमान ट्रांसपोर्ट आशीष अग्रवाल, भाजयुमो जिलामंत्री पंकज धुर्वा, मंडल मंत्री मन्नू राठौर (साई), वरिष्ठ भाजपा नेता प्यार पटेल, ग्राम धतुरा पूर्व सरपंच बुधवार सिंह नेटी, अमर गाँधी राठौर, एन.के. तिवारी, सानिध्य आदि थे।

डांस का प्रथम पुरस्कार हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर डांस ग्रुप मड़वारानी 20 हजार रुपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार बेड बॉय डांस ग्रुप कुसमुंडा 11 हजार रूपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार मुस्कान श्रीवास मूढ़ाली 7 हजार रुपए व शील्ड एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपए व मैडल 7 टीमों को दिया गया। सभी युवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

रेलवे कर्मी हुआ लूटपाट का शिकार

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में एक रेलवे कर्मी लूटपाट का शिकार हो गया। अज्ञात बाइक सवारों ने प्रार्थी को बीच रास्ते लूटकर भाग निकले। प्रार्थी के हवाले से पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना को अंजाम देने में 5 बदमाशों का हाथ है। रेलवे कॉलोनी भिलाई नगर निवासी मोती लाल 60 वर्ष रेलवे में गैंग मैन के पद पर कार्यरत है। वो सुबह ड्यूटी खत्म करने के बाद करीब चार बजे बाइक से घर जाने के लिए निकला। जैसे ही वह बाइक शो रूम के पास पहुंचा तो बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया। उससे मारपीट कर मोबाइल लूट लिया।

लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने एम्स के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला

- **आर्मी हॉस्पिटल के पूर्व निदेशक हैं लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ के रूप में सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। आर्मी हॉस्पिटल, दिल्ली के पूर्व निदेशक और कमांडेंट रहे श्री जिंदल ने चिकित्सकों और अधिकारियों के साथ बैठक में रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा।

लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कालेज, पुणे से ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने एएफएमसी पुणे से ही कम्युनिटी मेडिसिन में एमडी और इंडस्ट्रियल हैल्थ में डिप्लोमा किया। उन्होंने जेएनयू से पीएचडी किया है। श्री जिंदल प्रथम चिकित्सक हैं जिन्हें 1987 में सियाचिन में 19000 फुट की ऊंचाई पर पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले में घायल सैनिकों को विशिष्ट चिकित्सा सेवा प्रबंधन के लिए राष्ट्रपति की ओर से 'युद्ध सेवा मेडल' प्रदान किया गया।

उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल बीडी वर्मा सिल्वर मेडल, बेस्ट पेपर के लिए आर्मी कमांडर्स अवार्ड और सरोज झा अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनके 30 से अधिक रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें यूनीसेफ द्वारा महाराष्ट्र में एचआईवी/एड्स पर बनाई गई टास्क फोर्स का सदस्य भी नामित किया गया है। श्री जिंदल डब्ल्यूएचओ फैलोशिप के एंटोमालॉजी, रिसर्च मैथ्डोलॉजी और एपिडिमियोलॉजी के शिक्षक भी हैं। वह केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रकाशित 'स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइंडलाइंस-मेडिकल मैनेजमेंट एंड कॉस्टिंग ऑफ सलेक्ट कंडीशन्स' के संपादक हैं। इसके साथ ही 'मैन्युअल ऑफ हैल्थ ऑफ द आर्म्ड फोर्सेज' के संपादक भी हैं।

39 वर्ष के भारतीय सेना में करियर के दौरान उन्होंने एएफएमसी, पुणे और आर्मी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेंज, दिल्ली में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कंबोडिया में यूएन के अंतर्गत भी सेवाएं प्रदान की। उन्हें 2022 में कश्मीर और लद्दाख में कोविड-19 के दौरान चिकित्सा संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' भी प्रदान किया गया।

लेफ्टि जनरल जिंदल दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल में लीवर ट्रांसप्लांट प्रोग्राम, अर्ली इंटरवेंशन सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के लिए सेंटर बनाने और अत्याधुनिक एक्सीडेंट और इमरजेंसी में अपना विशेष योगदान दिया है। 2024 में उन्हें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

श्री जिंदल ने डीन और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने चेन माउंटेन मशीन को उठवाया; सकते में रेत माफिया

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद.जिले में अवैध रेत खदान बेखौफ चल रहे हैं. राजिम से देवभोग तक अवैध रेत खनन से रोजाना प्रशासन को हजारों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है।. इसी बीच पैरी नदी पर अवैध रेत खदान शुरू करने के लिए निकासी मार्ग बनाने में लगी एक चेन माउंटेन पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल की नजर पड़ी. शनिवार शाम करीब 7 बजे कलेक्टर राजिम मेले की तैयारी का जायजा लेकर लौट रहे थे. मोहेरा घाट में चल रहे अवैधानिक गतिविधि को देखकर रुक गए. उन्होंने तत्काल गठित टास्क फोर्स को कार्रवाई का निर्देश दिया. टीम ने रात को पहुंचकर मशीन को कोतवाली पुलिस के हवाले किया. शुरू होने से पहले एक अवैध खदान पर कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में कोपरा, हथखोज, परसदा,सरकडा में रेत के अवैध खदान जारी है. जबकि एनीकट में पानी आने के कारण सिंधोरी, चोबेबंधा दो दिन पहले बंद हुआ है. धमतरी के डूमर पाली खदान से रेत की निकासी सरकंडा से धमतरी के परेवाडींग के लीगल खदान से देर रात जारी अवैध परिवहन राजिम नवीन मेला मार्ग से निकल रहा है. सभी अवैध खदान में रेत का परिवाहन रात 10 बजे के बाद होता है. रोजाना 300 से ज्यादा हाईवा नदियों का सीना चीरकर दौड़ लगा रहे हैं. कार्रवाई के नाम पर हाईवा की जब्ति हो रही है. लेकिन खदान पुरी तरह से बंद नहीं हो पा रहे हैं. कार्रवाई के लिए टास्क फोर्स का गठन भी हुआ है, जो वाहन पकड़ रहे हैं. लेकिन ये खदानों में मौजूद मशीनों को बंद कराने में नाकाम साबित हो रहा है।

पखवाड़े भर पहले कुटेना के अवैध रेत घाट पर कार्रवाई करने पहुंची थी. जिस पर दर्जनों लोगों ने हमला बोल दिया. चालक की पिटाई और वाहन में तोड़ फोड़ की गई. मामले में 15 से ज्यादा लोगों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया. लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है. सरकारी अमले पर हमले के बाद सीधी घाट में दबिश देने प्रशासनिक अमला असुरक्षित महसूस कर रही है।

घायलों को रांची किया था रिफर, संजीवनी एंबुलेंस में डीजल नहीं, भड़की विधायक

जशपुर/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में एक बार फिर 108 संजीवनी वाहन की लापरवाही सामने आई है. जिस पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने अस्पताल प्रबंधन सहित चिकित्सकों को जमकर फटकार लगाई. बहरहाल विधायक की फटकर के बाद दोनों घायलों और उनके स्वजनों को रांची के लिए तत्काल रवाना कर दिया गया है.

दरअसल, सेंट जोसफ हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में आयोजित वर्षिकोत्सव में शामिल होकर घर लौट रहे छात्रों की स्कूटी को अज्ञात पिकअप ठोकर मार कर भाग निकली। दुर्घटना में स्कूटी पर सवार तीन छात्र घायल हो गए. घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया था. दुर्घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची विधायक रायमुनी भगत रेफर किये गए छात्रों को हायर सेंटर ले जाने में हो रही लेट लतीफी जम कर भड़की. घटना शहर के भागलपुर रोड पर स्थित मिंज टेंट हाउस के पास शाम करीब साढ़े 6 बजे की है।

जिला चिकित्सालय पहुंची विधायक ने घायलों की स्थिति और उपचार की जानकारी ली. घायलों के परिजनों ने बताया कि रेफर किये जाने के 2 घंटे बाद भी एम्बुलेंस रांची के लिए रवाना नहीं हो पाई है. इस पर नाराजगी जताते हुए विधायक ने घायलों का इलाज कर रहे चिकित्स्कों को जम कर फटकार लगाई. उन्होंने संजीवनी एम्बुलेंस सेवा की लचर व्यवस्था पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि घायलों का जीवन बचाने के लिए एक एक पल कीमती होता है. ऐसे में दो घंटे तक घायलों को रोके रखना गंभीर लापरवाही है.

बताया जा रहा है कि एंबुलेंस में डीजल नहीं होने का हवाला देकर मरीज को रिफर नहीं किया जा सका. इस पर विधायक ने मामले की शिकायत चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों से करने का बात कही है.

पीएम आवास का पर्यवेक्षक बनकर ग्रामीणों से ठगी

- **अंतरराज्यीय ठग गिरोह पकड़े गए , यूपी के रहने वाले हैं तीनों आरोपी**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस ने एक ऐसे ठक गिरोह को पकड़ा है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के पर्यवेक्षक बनकर भोले भाले ग्रामीणों से ठगी करते हैं। तीनों ठग उत्तर प्रदेश के बलिया के रहने वाले हैं। पिछले एक साल से यह शातिर ठग धनबाद, रांची, गुमला, बोकारो, जशपुर, पत्थलगांव आदि स्थलों पर घूम-धूम कर करीब 150 ग्रामीणों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। आरोपियों ने लगभग 30 लाख से अधिक की राशि ठगने की बात बताई है। पुलिस ने तीनों के कब्जे से 2 अपाचे मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल, 1 टैबलेट, नगदी 24000 रुपए जब्त किया है।

दरअसल सरगुजा पुलिस को मुखबिर के जरिए तीन संदिग्धों की मोटरसाइकिल पर घूमने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी की और गंगापुर के पास 2 अपाचे मोटरसाईकल में घूम रहे तीनों संदेहियों को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना असली काम बता दिया। तीनों ने बताया कि वे गांवों में जाकर ग्रामीणों से सरकारी अफसर बनकर ठगी करते हैं। पकड़े गए आरोपियों में रोहित तिवारी, कृष्णा कुमार पाण्डेय व गौतम पाण्डेय शामिल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हैं।

पीएम आवास का पर्यवेक्षक बताते थे तीनों:पूछताछ में तीनों शातिर बदमाशों ने बताया कि वे योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन मकान में जाकर पीएम आवास योजना का को पर्यवेक्षण अधिकारी बताते और मकान निर्माण कार्य में अनियमितता एवं देरी से निर्माण का हवाला देते हुए ग्रामीणों को डराते की बाकि किश्त जारी नहीं होगी। किश्त जारी कराने के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों से 20-30 हजार रुपए वसूल कर लेते थे। ठगी के दौरान विश्वास दिलाने के लिए तीनों शातिर ग्रामीणों को हांथ में नगदी रकम के साथ अपने पास रखे टैबलेट में उनकी फोटो भी लिया करते थे।

बतौली एवं रघुनाथपुर के ग्रामीणों से की ठगीः पूछताछ में आरोपियों ने सरगुजा जिले में बतौली एवं रघुनाथपुर थाना क्षेत्र ग्रामीणों से ठगी करना स्वीकार किया। इस दौरान अपने पास रखे टैबलेट में उसकी फोटो भी दिखाई। उनके पास से ठगी की गई 24000 रुपए नगद राशि एवं उनके बैंक खातों में करीब 60,000 धोखाधड़ी की राशि जमा करना स्वीकार किया है। आरोपियों के विरूद्ध चैकी रघुनाथपुर में प्रार्थी तिलक केरकेट्टा निवासी पहाड़पारा ग्राम कोट ने 25000 रूपए की ठगी की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 तथा थाना बतौली की प्रार्थिया केलाजो कुजुर निवासी सुआर पारा बतौली की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। यही नहीं आरोपियों के बैंक खातों में जमा राशि के लिए संबंधित बैंक से संपर्क कर फ्रिज करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

नक्सली हिड़मा के मां से एसपी ने की मुलाकात

- **पूवर्ती में पहली बार फहराया तिरंगा**

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सली कमांडर हिड़मा की मां से जिले के एसपी किरण चव्हाण ने मुलाकात की। दरअसल CRPF, DRG, STF और कोबरा ने यहां संयुक्त कैंप स्थापित किया है। नक्सलियों के हेड क्वार्टर के रूप में पहचान रखने वाले पूवर्ती में पहली बार तिरंगा फहराया गया है। अफसरों ने हिड़मा की मां से भी मुलाकात की और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कैंप स्थापित होने के बाद गांव से सारे पुरुष जंगल में भाग गए हैं। सुकमा-बीजापुर जिले की सरहद पर जगरगुंडा क्षेत्र में पूवर्ती गांव है, जो कि सुकमा जिला मुख्यालय से 120 किमी दूर है। यह नक्सली कमांडर हिड़मा और बटालियन एक के चीफ देवा बारसे दोनों का गृहगांव है। इस गांव में पिछले कई सालों से नक्सलियों का कब्जा था। उनकी इजाजत के बिना यहां प्रवेश पर प्रतिबंध था। बस्तर के अंदरुनी इलाकों में नक्सली खेती भी करते हैं। खुद के लिए अन्न और तेंदूपत्ता उगाते हैं। नक्सलियों के खेती करने की खबरें तो पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन इस बार पूवर्ती गांव में [illegible] (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) के खेत की पहली तस्वीर सामने आई है। अब दावा किया जा रहा है कि यह खेत भी हिड़मा का है।

ट्रक ने युवक को कुचला, एसईसीएल के सामने परिजनों ने किया आंदोलन

कोरबा/नवप्रदेश। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है. हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने खदान बंद करवा दी है. इतना ही नहीं उचित मुआवजा की मांग को लेकर एसईसीएल जीएम ऑफिस के पास आंदोलन कर रहे हैं.

बता दें कि मानिकपुर चौकी इलाके के बाईपास कदमहा खार मेन रोड में तेज रफ्तार ट्रक ने ओम प्रकाश एक्का रापाखर्रा निवासी को ठोकर मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराकर शव को लेकर मानिकपुर एसईसीएल जीएम ऑफिस के पास रखकर आंदोलन कर रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, उचित नौकरी मुआवजे को लेकर ग्रामीण काफी संख्या में एसईसीएल मानिकपुर खदान पहुंचे हैं. खदान क ग्रामीणों ने बन्द करवा दिया है. जिसकी वजह से खदान के अंदर वाहनों की लंबी कतार लग गई है. घटना की सूचना पर एसईसीएल के अधिकारी, कर्मचारी समेत मानिकपुर चौकी पुलिस, एसईसीएल सुरक्षा गार्ड के साथ खदान की सुरक्षा में लगे त्रिपुरा राइफल्स के जवान भी तैनात हैं.

मृतक ओम प्रकाश एक्का कुसमुंडा खदान में निजी कम्पनी में काम करता था. तड़के सुबह ड्यूटी जाने निकला था. इस दौरान हादसे का शिकार हुआ. मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है.

हत्यारे की दुकान पर चला बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के अटलचौक में हुए हत्याकांड के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। इस चर्चित हत्याकांड मामले के आरोपी की दुकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। हत्या के आरोपी गोपी सूर्यवंशी ने अवैध रुप से ये दुकान खोली थी. अब सरकारी जमीन पर बने मकान को तोड़ने के लिए नगर निगम ने नोटिस जारी कर दिया है. 15 फरवरी की रात आरोपी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पंकज उपाध्याय और उसके दोस्त कल्लू के साथ मारपीट की थी. आरोपियों ने दोनों पर फावड़े से हमला किया था. जिसमें पंकज की मौत हो गई थी.

62 लाख 69 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

- **25 फरवरी तक नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 19 फरवरी की स्थिति में 62 लाख 69 हजार 41 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।



गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya. cg. nic.in/से डाउनलोड किया जा सकता है।

कुंवर सिंह किसान बैंगन, टमाटर की खेती से साल में 25 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा कमा रहे

- **मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान के रूप में किया है सम्मानित**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की उघानिकी विभाग की योजना का लाभ लेकर जांजगीर चांपा जिले के किसान उन्नत खेती की ओर आगे बढ़ रहें हैं। पामगढ़ विकास खंड के ग्राम बारगांव के किसान कुंवर सिंह मधुकर ने ग्राफ्टेड बैंगन और टमाटर की खेती से लगभग प्रत्येक वर्ष 25 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 एकड़ में बैंगन की खेती करते हैं । एक एकड़ में खीरे के खेती से भी उन्हें 2 लाख का अतिरिक्त मुनाफा हो जाता है। उघानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से जुड़े तब से उनके जीवन में बदलाव आना शुरू हो गया आज पूरे प्रदेश में उनका नाम प्रगतिशील किसान के रूप में जाना जाता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। किसान कुंवर सिंह मधुकर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान के रूप में सम्मानित किया है। इसके साथ ही उन्हें इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के माध्यम से लखपति कृषक बनने पर सम्मानित किया गया है।